राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 43 लखनऊ,
रविवार, 12 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



यात्रियों को दीपोत्सव की शोभा और आस्था के दर्शन का मिलेगा लाभ : जयवीर सिंह 03

बिना फिटनेस के जनपद में फर्राटा भर रहीं सैकड़ों एंबुलेंस 10

पीएम मोदी ने 42,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं व योजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा

# आयात कम करके बढ़ाना होगा निर्यात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को कृषि उत्पादन में न केवल आत्म निर्भर बनना है बल्कि वैश्विक बाजार के लिए उत्पादन भी करना है। श्री मोदी ने कहा, हमें आयात कम करना है और निर्यात बढ़ाना है। श्री मोदी ने इस उद्देश्य की प्राप्ति में पीएम धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वह नयी दिल्ली में पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में उन्होंने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं और योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इनमें 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और 11,440 करोड़ रुपये का दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन दो प्रमुख कार्यक्रम हैं। पीएम धन धान्य योजना का का उद्देश्य 100 जिलों में कृषि का कायाकल्प करना है। इसी तरह दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन दलहन खेती का रकबा बढ़ा कर और खरीद,



प्रसंस्करण और वितरण जैसी मूल्य संवर्धन श्रृंखलाओं को मज़बूत करके पूरा किया जाना है। कार्यक्रम को कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कृषि उत्पादन में आत्म निर्भरता और निर्यात बढ़ाने के इन लक्ष्यों की प्राप्ति में पीएम धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पीएम धन-धान्य योजना के लिए सौ जिलों का चयन तीन कसौटियों पर किया गया है। इसमें एक कसौटी खेती की पैदावार क्या है, दूसरी एक खेत में एक साल में खेती कितनी बार होती है तथा किसानों को कर्ज या निवेश की सुविधा कैसी है। उन्होंने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन सिर्फ दलहन उत्पादन बढ़ाने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का अभियान भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़े इसके लिए पशुपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन पर बल दिया जा रहा है। इससे छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों को ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और महत्वपूर्ण हो रही है जहां गावों में नमो ड्रोन दीदिया खाद और कीटनाशक छिड़काव के आधुनिक तरीकों का नेतृत्व कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा, अपने किसान, पशुपालक और मछुआरा भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इसी दिशा में आज दिल्ली से हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास मेरे लिए गर्व का क्षण है। हमने किसानों के हित में बीज से लेकर बाज़ार तक सुधार किए हैं। प्रधान मंत्री ने पूसा के इसी मंच से देश भर में जगह जगह कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र लोकार्पण किया।

### पीएम ने की क्वालकॉम के अध्यक्ष सीईओ से भारत की प्रगति पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो आर. अमोन से मुलाकात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार और कौशल विकास में भारत की प्रगति पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने भारत के सेमीकंडक्टर और एआई मिशनों के प्रति क्वालकॉम की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी तकनीकों के निर्माण के लिए बेजोड़ प्रतिभा और पैमाने प्रदान करता है जो सामूहिक भविष्य को आकार देंगी। क्वालकॉम के अध्यक्ष और सीईओ क्रिस्टियानो आर. अमोन ने भारत-एआई और भारत सेमीकंडक्टर मिशनों के समर्थन में क्वालकॉम और भारत के बीच साझेदारी को मज़बूत करने और 6जी में बदलाव पर हुई उपयोगी चर्चा के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

### प्रधानमंत्री से मिले अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि राजदूत गोर का कार्यकाल भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और सशक्त करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि उनका कार्यकाल भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सर्जियो गोर ने एक बयान में कहा, यह मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। हमने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सार्थक बैठकें कीं। प्रधानमंत्री के साथ हमारी एक शानदार बैठक हुई, जिसमें रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर चर्चा हुई। अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है, और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मैं आने वाले समय को लेकर आशावादी हूं। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा, नई दिल्ली में आज अमेरिका के राजदूत-नामित सर्जियो गोर से मुलाकात की।



द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने पर चर्चा

### कोडीन सिरप के चार कर्टन समेत कई प्रतिबंधित दवाइयां जब्त, कारोबारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कारोबारी जानलेवा कफ सिरप बेच रहा था। शनिवार को नारकोटिक्स विभाग और एफएसडीए ने कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से कोडीन सिरप के 4 कर्टन समेत कई प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आलमबाग के वीआईपी रोड स्नेह नगर के एक मकान पर छापा मारा गया। यहां से बड़ी संख्या में प्रतिबंधित कोडीन सिरप बरामद किया गया। कारोबारी दीपक मलवानी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। दीपक मलवानी ने बताया कि उसके भाई मनदीप मलवानी की अमीनाबाद में दवा की दुकान है। वह अपने भाई की दुकान पर काम करता है। वहीं से दवा की सप्लाई करता है। दीपक के घर से कोडीन सिरप के 4 कर्टन समेत बड़ी मात्रा में मल्टीविटामिन और एलोपैथी की दवाइयां जब्त की गई हैं। नारकोटिक्स विभाग की जांच में सामने आया कि दीपक मनवानी का नेटवर्क सिर्फ उसके घर तक सीमित नहीं था। पूरे लखनऊ में वह जानलेवा दवा सप्लाई करता था। वह अपने भाई दिलीप मनवानी की मेडिकल दुकान के जरिए दवाओं की अवैध सप्लाई करता था। दुकान को डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट की तरह इस्तेमाल किया जा रहा था।

## पराली जलाई तो लगेगा जुर्माना अब सेटेलाइट से होगी निगरानी



दो एकड़ तक 2,500 रूपये, दो से पाच एकड़ 5,000 और पांच एकड़ से अधिक 15,000 रूपये जुर्माना लगेगा। शुल्क मौके पर ही वसूला जाएगा और संबंधित किसान के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 तक राज्य में पराली जलाने की घटनाएं शून्य होनी चाहिए। शासन ने दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर पराली जलाने के दुष्प्रभावों को लेकर कहा कि किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के लिए प्रेरित और जागरूक किया जाए।

सेटेलाइट आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग कर जिलों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। सख्त जुर्माने का प्रावधान नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, पराली जलाने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति शुल्क लगाया जाएगा बताया गया है कि दो एकड़ तक 2,500 रूपये, दो से पाँच एकड़ 5,000 और पाँच एकड़ से अधिक 15,000 रूपये जुर्माना लगेगा। शुल्क मौके पर ही वसूला जाएगा और संबंधित किसान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। हर 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी, जो क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखेगा और रोकथाम करेगा। जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि वे हॉटस्पॉट क्षेत्र चिन्हित करें और वहां विशेष सतर्कता बरतें। समन्वित विभागीय कार्रवाई फसल कटाई के समय पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए राजस्व, पुलिस, कृषि, ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभागों के अधिकारियों को मिलकर काम करने का आदेश दिया गया है। कर्मचारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता शुद्ध पर्यावरण, सुरक्षित स्वास्थ्य और सशक्त किसान है ।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,24,410/ |
| 22 कैरेट | = 1,14 050/ |
| 18 कैरेट | = 93,340/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,77,000/ |



### संक्षिप्त समाचार

**आरएसएस के पूर्व विभाग संघचालक प्रो. बिशन का निधन**

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के काशी विभाग के पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केन्द्र, काशी न्यास के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बिशन किशोर का शनिवार को निधन हो गया। 88 वर्षीय प्रो. बिशन किशोर लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। पिछले 15 दिन से उनका इलाज बीएचयू आईसीयू में हो रहा ?था। विश्व संवाद केन्द्र के सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि बीएचयू आईआईटी प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त बिशन किशाोर संघ के अनुषांगिक संगठन विज्ञान भारती के संस्थापक सदस्य भी रहे। वे समाज सेवा में विशेष रूचि रखते ?थे। चितईपुर के मणिनगर स्थित आवास पर उनका देखरेख पौत्र अभिनव (ज्येष्ठ दिवंगत पुत्र राजीव के पुत्र) एवं पुत्र दीपक कर रहे थे। उनकी अन्तिम यात्रा उनके आवास से देर शाम हरिश्चंद्र घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**भारत ने हासिल किया 11वें एशियाई खेलों का टिकट**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को 11वीं एशियाई एक्वेटिक चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। रोमांचक मुकाबलों से भरे अंतिम दिन चीन ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर टूर्नामेंट पर अपना दबदबा कायम रखा। वहीं, भारतीय महिला वाटर पोलो टीम ने हांगकांग से 11-18 से हारने के बावजूद कुल मिलाकर आठवां स्थान हासिल कर 2026 एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन सुनिश्चित की। महिला वर्ग के फाइनल में चीन ने जापान को 22-17 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**भारत-कनाडा ने आर्थिक संबंध मजबूत करने पर की चर्चा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अपने कनाडाई समकक्ष मनिंदर सिद्धू के साथ दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। गोयल ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा, हमने अपने व्यवसायों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी अवसर खोजने के तरीकों पर चर्चा की। कनाडाई समकक्ष मनिंदर सिद्धू के साथ एक सार्थक चर्चा हुई। दोनों देश के बीच व्यापार समझौते पर अब तक आधा दर्जन से ज़्यादा दौर की बातचीत हो चुकी है।

### ड्यूटी पर जान गंवाने वाले 11 कर्मियों के परिजनों को दिए गए एक-एक करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन गंवाने वाले 11 सरकारी कर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके प्रति हमारी गहरी कृतज्ञता और विनम्र श्रद्धांजलि है। इन कर्मवीरों की निःस्वार्थ सेवा सदा हमारे दिलों में अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, करुणा और समर्पण की प्रेरणा देती रहेगी। दिल्ली सचिवालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति की जान का मूल्य कोई सरकार नहीं चुका सकती।

## सपा पूर्व विधायक व कांग्रेस पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत 11 नामजद व अज्ञातों पर केस

समृद्धि न्यूज

▸ मामला बुविवि में अभाविप के कार्यकर्ताओं संग मारपीट का मामला

**झांसी।** बुंदेलखंड विवि में भूतपूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि मनाने पहुंचे सपा व कांग्रेस के नेताओं के साथ अभाविप के कार्यकर्ताओं से हुए विवाद के चलते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता शिवम् भास्कर की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य व सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण समेत 11 नामजद व 200 अज्ञात के खिलाफ मारपीट व बलवा का मुकदमा कायम कर लिया है।

पुलिस ने 5 आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा देर शाम तक चले धरना-प्रदर्शन व बवाल के बाद शुक्रवार की देर रात शिवम् की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव, जीशान रजा, धीरज यादव, शैलेन्द्र बसेला, नरेश यादव, अमन यादव, अंकित यादव खैलार, सुदेश यादव, ऋषभ यादव व विश्वप्रताप यादव समेत अन्य 200 अज्ञात सपा छात्रसभा व पीडीए कार्यकर्ताओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

### अखिलेश यादव के फेसबुक अकाउंट ब्लॉक करने में सरकार की भूमिका नहीं : वैष्णव

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट 12 घंटे ब्लॉक रहा। इस पर समाजवादी पार्टी ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला करार दिया। वैष्णव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अखिलेश यादव के पेज को फेसबुक की नीति उल्लंघन, विशेष रूप से अपमानजनक भाषा के कारण हटाया गया था। वैष्णव ने कहा कि इस कार्रवाई में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। समाजवादी पार्टी की आईटी टीम ने मेटा को इसकी सूचना दी तो शनिवार को दिन में इसको बहाल कर दिया गया है।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सात हजार यात्रियों की क्षमता वाला आधुनिक सुविधा केंद्र तैयार

▸ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को नवनिर्मित 'यात्री सुविधा केंद्र' का निरीक्षण किया। यह अत्याधुनिक स्थायी होल्डिंग एरिया लगभग 7 हजार यात्रियों को एक साथ समायोजित कर सकता है, जिससे स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और यात्रियों की सुविधा में बड़ी बढ़ोतरी होगी। इस दौरान मीडिया से बातचीत में रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि नई दिल्ली स्टेशन पर अक्सर यात्रियों की अचानक भीड़ बढ़ जाती है, विशेषकर त्योहारी मौसम में। दो साल पहले यहां एक अस्थायी होल्डिंग एरिया का प्रयोग किया गया था, जिससे यात्रियों को बहुत लाभ हुआ। यह केंद्र विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए उपयोगी होगा जिनके पास आरक्षित टिकट नहीं हैं। अब ऐसे यात्री सीधे इस होल्डिंग एरिया में आ सकेंगे, जहां उन्हें टिकट खरीदने, बैठने, पीने के पानी, शौचालय और अन्य सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी।



## बागपत : बड़ी मस्जिद में मौलाना की पत्नी और दो बेटियों की हत्या

समृद्धि न्यूज

▸ अज्ञात हमलावरों ने की हत्या, मौके से फरार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जिले के दोघट थाना क्षेत्र के गांगनोली गांव स्थित बड़ी मस्जिद में मौलाना की पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर दी गई। अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से तीनों की बेरहमी से हत्या की और मौके से फरार हो गए। इस ट्रिपल मर्डर की वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के मुताबिक, मस्जिद परिसर में रहने वाले मौलाना की पत्नी और उनकी दो बेटियां आज सुबह मृत पाई गईं। आसपास के लोगों ने जब मस्जिद से चीखने की आवाज सुनी तो अंदर जाकर देखा वहां का नजारा रोंगटे खड़े कर देने वाला था। तीनों के शव खून से लथपथ पड़े थे और पास में ही धारदार हथियार भी मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे। पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या की वजह व हत्यारों की पहचान की जांच शुरू कर दी गई है।

## अफगानी मंत्री ने रोकी महिला पत्रकारों की एंट्री

▸ अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं।

वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की। हालांकि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई।



## दलहन आत्मनिर्भरता मिशन व धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ ऐतिहासिक पहल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन्य-धान्य कृषि योजना के शुभारंभ को ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि पूसा में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने देश के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को बहुमूल्य सौगातें दी। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना देश के आकांक्षी जिलों में कृषि उत्थान के लिए 11 मंत्रालयों की 36 उप-योजनाओं को समन्वित करते हुए लॉन्च की गई है, वहीं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को दालों के बढ़ते उपभोग को ध्यान में रखते हुए देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किया गया है। शिवराज सिंह शनिवार को कृषि मंत्रालय की दो महत्वपूर्ण योजनाओं के शुभारंभ के लिए पूसा कैंपस में आयोजित समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।



उद्घाटन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदोही में 49वें कालीन मेले का शुभारंभ करते हुए कहा

# 25 से 30 लाख लोगों को रोजगार दे रहा है कालीन उद्योग

समृद्धि न्यूज

**भदोही।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भदोही में 49 वें कालीन मेले का शुभारंभ किया। यह मेला कारपेट एक्सपो मार्ट आयोजित किया गया है जो 11 अक्टूबर से 14 तक चलेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से सीधे हेलीकॉप्टर के जरिए भिखारीपुर हेलीपैड पर उतरे और वहां कार से चलकर एक्सपो मार्ट मेले में पहुंचे। इस दौरान स्थानीय राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने कालीन की दुकानों का निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री को कारपेट स्टॉल के निरीक्षण के दौरान उन्हें अलग-अलग किस्म के उपहार भेंट किए गए। इसमें एक कालीन स्टाल पर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कालीन पर बनी तस्वीर के अलावा निर्यातक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर कालीन पर बनाकर भेंट की। जिसे देखकर मुख्यमंत्री बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने कालीन निर्यातक की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने कालीन स्टालों का बारीकी से अवलोकन किया और उसके बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री जिला कारागार के बंदियों की तरफ से बनाई गई खूबसूरत कालीनों को देखकर बेहद खुश हुए। इसके बारे में कहा यह बहुत ही बढ़िया काम हो रहा है। मुख्यमंत्री को कालीन पर बनी जेसीबी यानी बुलडोजर मशीन भेंट की गई, क्योंकि मुख्यमंत्री बुलडोजर बाबा के रूप में चर्चित हैं और अपराधियों और माफिया के खिलाफ उन्होंने बुलडोजर का उपयोग किया है। मुख्यमंत्री को जय श्री राम लिखी तस्वीर भेंट की गई, जिसमें कालीन पर शक्ति की प्रतीक गदा उकेरी गई थीं। यह तस्वीर उनके शासन की सख्त नीति और शक्तिशाली होने का प्रदर्शन करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्पेट उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह हमारे कारीगरों और हस्तशिल्पियों की जीवंत परंपरा है। आज यह उद्योग 25 से 30 लाख लोगों को रोजगार देता है और हर साल करीब 17 हजार करोड़ रुपए का निर्यात करता है।

### अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना में है और जब तक भारत का नागरिक अपनी आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता के भाव से कार्य करेगा, तब तक देश को विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने से कोई नहीं रोक सकता। सीएम योगी शनिवार को गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक प्रबुद्धजन संवाद संगम' में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भगवती मां परम्बा बुढ़िया देवी के दर्शन और 900 वर्ष पुरानी संन्यासी परंपरा के इस सिद्ध पीठ में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह पीठ न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रीय एकता का भी सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

### पहली बार भारत यात्रा पर आएंगे मंगोलिया के राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली।** मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना सोमवार को भारत की चार दिन की राजकीय यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निमंत्रण पर यहां आ रहे उखना के साथ कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योगपतियों और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति उखना की यह पहली भारत यात्रा होगी। उखना राष्ट्रपति मुर्मु के साथ मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु उनके सम्मान में भोज का आयोजन करेंगी। मंगोलियाई राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेंगे।

# खीरी में अवैध पटाखों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

## तीन थाना क्षेत्रों में भारी मात्रा में बारूदनुमा सामग्री बरामद, दो गिरफ्तार, एक दुकान सीज



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर्व से पूर्व खीरी जनपद में पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पटाखों व विस्फोटक सामग्री के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिले के पलिया, मितौली, बिजुआ और निघासन थाना क्षेत्रों में हुई छापेमारी और धरपकड़ में भारी मात्रा में बारूदनुमा सामग्री बरामद की गई है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि एक फायर वर्क्स दुकान को सील कर दिया गया है।

**पलिया में अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार:-** थाना पलिया पुलिस ने त्योहारों से पहले बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध पटाखों के भंडारण और परिवहन में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की टीम ने 10 अक्टूबर 2025 को मोहम्मद अनीश पुत्र हनीफ (उम्र लगभग 25 वर्ष), निवासी मोहल्ला सिंगहिया, कस्बा पलिया को अवैध पटाखों के साथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटकनुमा सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रेमनारायण सरोज, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह और कांस्टेबल परीक्षित सैनी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि त्योहारों के दौरान किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए अलर्ट मोड पर अभियान जारी रहेगा। वहीं, मितौली क्षेत्र में थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मितौली कस्बे में छापेमारी कर लगभग 30 कुंतल अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया। टीम ने मौके से आरोपी फहीम पुत्र वसीम को गिरफ्तार किया। बरामद विस्फोटक सामग्री को थाने लाया गया और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जयकृष्ण तिवारी, हेड कांस्टेबल रमाशंकर और कांस्टेबल जसपाल सिंह शामिल रहे। मामले की जांच उपनिरीक्षक बलवीर सिंह कर रहे हैं।

### निघासन में बिना लाइसेंस चल रही फायर वर्क्स दुकान सीज

इसी क्रम में निघासन उपजिलाधिकारी राजीव निगम ने शनिवार को झंडी रोड स्थित अकबर फायर वर्क्स की दुकान पर छापेमारी की। सीओ निघासन शिवम कुमार और कोतवाल महेश चंद की मौजूदगी में हुई कार्रवाई में भारी मात्रा में पटाखे, बम, रॉकेट और फुलझड़ियां बरामद की गईं। दुकान संचालक कोई भी लाइसेंस या सुरक्षा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर प्रशासन ने तत्काल दुकान को सील करने के आदेश दिए। एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान जिले के निघासन, पलिया और सिंगाही क्षेत्रों में संचालित सभी फायर वर्क्स दुकानों की जांच की जा रही है। बिना लाइसेंस या सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिजुआ में 754 किलो कच्चा माल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

त्योहारों से पहले थाना भीरा पुलिस ने अवैध पटाखा निर्माण और भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से करीब 754 किलो पटाखा बनाने का कच्चा माल बरामद किया है। भीरा थाना प्रभारी निरीक्षक की टीम ने अगल अलग छापेमारी के दौरान दो व्यक्तियों को पकड़ा। अब्बास पुत्र हामिद, निवासी मोहल्ला महाराज नगर, भीरा एवं नव्वे अहमद पुत्र बाबू, निवासी भानपुर, थाना भीरा दोनों को अलग-अलग स्थानों से कच्चे बारूद और पटाखा निर्माण से जुड़ा सामान बरामद होने पर गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया बरामदगी के आधार पर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह, उपनिरीक्षक सतीश सिंह, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक पोलूराम, उपनिरीक्षक ललित कुमार, कांस्टेबल होरिलाल सिंह और सौरभ कुमार सहित पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी की।

# प्रधान पति पर उत्पीड़न, धमकी और अवैध कब्जे के आरोप

## पीड़ित ने मांगी सुरक्षा, जांच शुरू

**मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौबियापुर में प्रधान पति अनिल कुमार शुक्ला पर एक ग्रामीण ने उत्पीड़न, धमकी और अवैध कब्जे के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम मुनफरपुर निवासी छोटे सिंह पुत्र दिलीप सिंह ने उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।
छोटे सिंह का आरोप है कि ग्राम पंचायत चौबियापुर के प्रधान पति अनिल कुमार शुक्ला उनसे चुनावी रंजिश रखते हैं और लगातार उत्पीड़न कर उनकी जान को खतरा पहुँचा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने गाटा संख्या 988, 987, 916 और 917 पर दर्ज उसकी जमीन में जबरन पाइप डलवाकर आम के पेड़ों को नुकसान पहुँचाया है।
आरोप है कि अनिल कुमार शुक्ला ने अपने साथियों रामनिवास पुत्र बनवारी और जौहरी पुत्र पूरन को झगड़ा कराने तथा दबाव बनाने के लिए उकसाया। छोटे सिंह का कहना है कि उनके पैतृक देवस्थान पर भी अनधिकृत कब्जे का प्रयास किया जा रहा है और वहाँ जानबूझकर गोबर व कूड़ा-कचरा डालकर असहनीय गंदगी फैलाई जा रही है।
विरोध करने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकियाँ दी जाती हैं। पीड़ित ने अपनी शिकायत थाना पसगवां समाधान दिवस में दर्ज कराई, जिस पर थाना दिवस अधिकारी ने मामले की जांच का जिम्मा क्षेत्रीय लेखपाल अनिल कुमार को सौंपा है। लेखपाल ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। रिपोर्ट शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।
छोटे सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और उनकी जान-माल एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## खबरें एक नजर में

### श्री गांधी इंटर कॉलेज में स्वर्ण जयंती स्थापना पर्व पर हुआ भव्य रोजगार मेला




**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन तहसील क्षेत्र के बेलरायां स्थित श्री गांधी इंटर कॉलेज में स्वर्ण जयंती पचासवें स्थापना पर्व के उपलक्ष्य में कौशल एवं रोजगार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने विद्यालय परिसर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी और कला प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता और नवाचार की सराहना की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक राजेश अग्रवाल की इस सफल आयोजन हेतु प्रशंसा भी की। रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों की उपस्थिति रही, जहाँ सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपने मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर रोजगार प्राप्ति की दिशा में कदम बढ़ाया। इस अवसर पर साधारण सभा की अध्यक्षा संतरा देवी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पांडे, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, सदस्य रामसनेही गुप्ता, यशोदानंदन मिश्र, प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार, प्राथमिक विभाग के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा, सहित जनार्दन वर्मा, विनीत मिश्रा, अंकित गुप्ता, इंद्रपाल वर्मा, आकांक्षा शुक्ला, अर्चिता मिश्रा, 26 उप एनसीसी बटालियन लखीमपुर खीरी के हवलदार सूरज सुब्बा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### मोटरसाइकिल व अज्ञात वाहन में भिड़ंत, इलाज के दौरान मोटरसाइकिल चालक की मौत

**ईसानगर (खीरी), समृद्धि न्यूज।** थाना ईसानगर क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक राम भूलन पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम मुर्वा गंगाना थाना ईसानगर का रहने वाला था। वह निघासन से मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल (UP34 AN 2254) को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राम भूलन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर लगते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। मृतक के घर पर मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष निर्मल तिवारी अपने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

### एक सौ आठ एम्बुलेंस के कर्मचारियों ने गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** एक सौ आठ एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी मुकेश यादव व पायलेट संगम यादव की सूझबूझ और तत्परता ने गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया है।जिसको लेकर परिवारजनों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी पत्नी रामविलास निवासी बैजपुर जिला बलरामपुर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा एक सौ आठ एम्बुलेंस को जिला चिकित्सालय ले जाने हेतु कॉल किया गया था।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एक सौ आठ एम्बुलेंस पर तैनात ईएमटी व पायलेट मौके पर पहुंचें और प्रसव पीड़ा से तड़प रही गुड़िया देवी को एम्बुलेंस के द्वारा इलाज हेतु जिला चिकित्सालय ले जाने लगे रास्ते में तेज दर्ज होने पर एम्बुलेंस में ही प्रसव पीड़िता का सुरक्षित प्रसव कराया और उसके बाद नवजात को जन्म देने वाली गुड़िया व नवजात को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय बलरामपुर में भर्ती कराया है।मौके पर जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ्य है जिसको लेकर परिवारीजनों ने एक सौ आठ एम्बुलेंस कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### नाले के मिट्टी के टीले में दबकर अबोध दो बच्चों की मौत विधायक ने परिजनों को सौंपा आठ लाख का चेक



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** तुलसीपुर पिछले दिनों हरैया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शंकरपुर गिरगिटही में शफीक के दो अबोध बच्चे नाला के मिट्टी के टीले में दब कर मर गए थे। आज नायब तहसील दार के साथ गांव में जाकर पीड़ित को शासन से प्राप्त आठ लाख की आर्थिक सहायता प्रदान उपलब्ध कराई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को वन क्षेत्र का निवासी होने के कारण सावधान किया कि अपने घर के बच्चों एवम् बुजुर्गों को अनावश्यक रूप से वन क्षेत्र में न जाने दें।

### शिक्षा विभाग का निर्णय : बसंत लाल इण्टर कॉलेज का संचालन अब मूल ट्रस्ट द्वारा होगा

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा विभाग ने मुख्य ट्रस्टी विवेक गोयल की शिकायत पर बसंत लाल इण्टर कॉलेज, तुलसीपुर, बलरामपुर के संचालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण निर्णय जारी किया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मण्डल द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय का संचालन बसंत लाल विद्यालय ट्रस्ट द्वारा ही किया जाएगा, न कि बसन्त लाल इंटर कॉलेज एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा, जो कि अवैध रूप से संस्था पर क़ब्ज़ा जमाए हुए थी। बसंत लाल इण्टर कॉलेज की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी, और तब से यह पंजीकृत ट्रस्ट कमेटी द्वारा संचालित किया जा रहा था। विद्यालय की मूल पंजीकृत डीड में आज तक कोई संशोधन नहीं किया गया है, और न ही कोई नई डीड पंजीकृत करायी गयी है। इसके बावजूद वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रबंधक द्वारा एक कूटरचित प्रशासन योजना के आधार पर सोसाइटी के नाम पर नई प्रबंध समिति का गठन कर दिया गया। शिकायत की जांच में पाया गया कि इस प्रशासन योजना से संबंधित कोई भी अभिलेख शिक्षा विभाग के पास मौजूद नहीं है, और न ही इसका कोई प्रमाण पत्राचार रजिस्टर में दर्ज है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सोसाइटी के गठन की प्रक्रिया पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध थी। उक्त स्थिति को देखते हुए विद्यालय की वर्तमान प्रबंध समिति को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 के अंतर्गत निरस्त किया गया है। संस्था के सुचारु संचालन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर को पदेन प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है। यह आदेश संयुक्त शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मंडल द्वारा जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर,शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ,अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), प्रयागराज, उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी, तुलसीपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर एवं सम्बंधित बैंक अधिकारियों को जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

*आस्था व प्रेम का पर्व*

### सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ, सजधज कर मांगी पति की लंबी उम्र की दुआ



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जिलेभर में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, आस्था और प्रेम के रंगों में डूबा नजर आया। धौरहरा तहसील क्षेत्र में सुबह से ही सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की। शाम ढलते ही हर आँगन में साज-सज्जा की चमक और श्रृंगार की रौनक बिखर गई।
*सिंदूर की लाली में झलकता है प्रेम, चाँद की रौशनी में खिलता है नेह। हर करवा चौथ बन जाए मिसाल, जब संग-संग मुस्कुराए ये जोड़ी बेहाल- शिवानी।* सिंदूर, चूड़ियाँ, बिंदिया और मेहंदी से सजी महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ करवा चौथ का पूजन किया। व्रत कथा सुनी, मंगल गीत गाए और चाँद के दर्शन के इंतजार में सखियों संग हँसी-ठिठोली की। जैसे ही चाँद ने अपनी रजत किरणें बिखेरीं, पतियों ने प्रेमपूर्वक अपनी अर्धांगिनी को जल और मिठाई खिलाकर व्रत तुड़वाया। इस अनमोल पल में एक-दूसरे की आँखों में समर्पण और साथ निभाने का वादा झलकता रहा। बाजारों में दिनभर करवा चौथ की रौनक छाई रही। मेंहदी, श्रृंगार सामग्री और साड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ती रही। शाम को मंदिरों और घरों में पूजन की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं में उत्साह, पूर्व प्रशिक्षण लिया



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत आत्मरक्षा कि कार्यशाला के दूसरे दिन छात्राओं ने कमाते आदेश को देना व अनेक मुद्राओ के बारे में सीखा। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने छात्राओं को छोटी-छोटी बारीकियां के साथ अनेक मुद्राओं का प्रशिक्षण दियासिंगल पंच, ब्लॉक ओश, शॉक जैसे शब्दों के साथ छात्रों ने अभ्यास किया। कार्यशाला में प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रो गीता शुक्ला ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मिशन शक्ति प्रभारी डॉक्टर सविता शुक्ला ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

# महंगे लेंस के बाद भी नहीं सुधरी आंखें, मरीजों में आक्रोश

## गोला आई हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, सीएमओ से की शिकायत




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय गोला आई हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली पर मरीजों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि महंगा लेंस डलवाने के बावजूद मरीजों की आंखों की रोशनी में सुधार नहीं हो रहा है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। गुरुवार को कई मरीजों ने अस्पताल की पारदर्शिता और ईमानदारी पर सवाल खड़े किए।

मरीजों ने बताया कि अस्पताल में लखनऊ से प्रतिवारीय रूप से आने वाले प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम पुरवार के नाम पर मरीजों से ?300 पर्चा शुल्क लिया जाता है, लेकिन अधिकतर को उनके सहायक डॉक्टरों से ही दिखाया जाता है।

एक मरीज ने बताया कि दो वर्ष पूर्व उनकी माता का मोतियाबिंद ऑपरेशन इसी अस्पताल में कराया गया था। उस समय डॉक्टर ने आश्वासन दिया था कि महंगा लेंस लगाने पर झिल्ली दोबारा नहीं आएगी, लेकिन अब फिर से आंखों में परेशानी हो रही है। जांच कराने पर डॉक्टर के सहायक ने बताया कि इलाज में दोबारा खर्च लगेगा।

मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में यह स्पष्ट नहीं किया जाता कि इलाज मुख्य डॉक्टर कर रहे हैं या सहायक। वहीं, कुछ लोगों ने यह भी कहा कि सेटिंग के आधार पर मरीजों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि सामान्य मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। मरीजों ने सीएमओ से शिकायत कर मांग की है कि अस्पताल की कार्यप्रणाली की जांच कराई जाए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और आर्थिक शोषण पर रोक लगे।

इस संबंध में डॉ. अनुपम पुरवार और अस्पताल प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ बताया गया।

# शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने दिया अनुशासन व एकता का संदेश

## नगर में निकला भव्य पथ संचलन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को कस्बे में संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में सजे सैकड़ों स्वयंसेवकों ने जब अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए नगर की गलियों से भ्रमण किया, तो पूरा वातावरण ÷भारत माता की जय÷ और ÷वंदे मातरम्÷ के जयघोषों से गूंज उठा। नगर राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ढखेरवा रोड स्थित जे.पी. पैलेस परिसर में ध्वजारोहण और संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके उपरांत स्वयंसेवकों की टुकड़ियां पथ संचलन के लिए रवाना हुईं। संचलन का मार्ग स्टेशन रोड, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार होते हुए पुनः जे.पी. पैलेस पर आकर संपन्न हुआ।

पथ संचलन के दौरान कस्बे के लोगों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा की। व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर पुष्प सज्जा की थी, वहीं बच्चे और बुजुर्ग सड़क किनारे खड़े होकर भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। हर गली-मोहल्ले में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर बौद्धिक विभाग प्रमुख राजकुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷संघ का पथ संचलन केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण है। संघ अपने शताब्दी वर्ष में समाज को संगठित कर सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प दोहरा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के जिला प्रचारक सीतापुर अभिषेक सिंह ने की। उन्होंने कहा कि ÷शताब्दी वर्ष संघ के लिए गौरव का क्षण है। हर स्वयंसेवक को समाजसेवा, शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका और मजबूत करनी होगी।

इस मौके पर खंड प्रचारक आदर्श, खंड मार्ग प्रमुख आशीष, खंड कार्यवाह जितेंद्र, खंड संघचालक प्रेम शशांक वर्मा, राजराजेश्वर सिंह, विनोद लोधी, देवेंद्र कुमार सहित अनेक वरिष्ठ स्वयंसेवक मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखाई दिया। नगर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई थी।

कार्यक्रम के अंत में संघ प्रार्थना के साथ भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके उपरांत स्वयंसेवकों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई। आयोजन के सफल संचालन पर आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया। पूरा आयोजन अनुशासन, समर्पण और एकता का सजीव प्रतीक बन गया।

# वन विभाग की एक पेड़ मां के नाम 2.0 बैठक सम्पन्न

## किसानों को प्रति पेड़ 60 रुपए अनुदान का मिलेगा लाभ

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**




वनरेंज गोला अंतर्गत रायपुर बीट द्वारा कस्बा पडरिया तुला में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत जनजागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वन दरोगा रामनरेश ने ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए किसानों की आर्थिक मजबूती पर भी विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा पेड़ लगाने पर प्रति पौधा 60 रुपए का अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को अपनी खेतौनी के साथ संबंधित वन रेंज कार्यालय में पंजीकरण कराना होगा। जांच प्रक्रिया पूरी होने पर प्रशासन द्वारा सब्सिडी किसानों के खाते में उपलब्ध कराई जाएगी।

बैठक में ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान पप्पू, ग्राम पंचायत सहायक बाबू राम, प्रिंस, अमित, प्रेम, रामनरेश, धनश्याम, अमित सहित वन विभाग से वन दरोगा रामनरेश, नरेश कुमार व उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

वन विभाग ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण सुधार के साथ किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर उपलब्ध कराना है।

# राजीव मिश्रा की अध्यक्षता में मिशन शक्ति का हुआ आयोजन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना अध्यक्ष राजीव कुमार मिश्रा थाना गैंडास बुजुर्ग के नेतृत्व में मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत एंटी रोमियो टीम/ मिशन शक्ति टीम प्रभारी उ0 नि0 शुभम कुमार यादव, का0 अनिल कुमार, महिला आरक्षी सुमन लता, महिला आरक्षी रिचा राणा, महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह,महिला आरक्षी गरिमा सिंह द्वारा वाहनों की चेकिंग की गई।

बिना हेलमेट व तीन सवारी वाले वाहनों का चालान किया गया। गाडियों से ब्लैक फिल्म हटवाया गयाद्य संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कि गई। श्री राम तीर्थ चौधरी कन्या इंटर कालेज में कार्यशाला आयोजित कर बच्चियों को महिला अपराध - महिला हिंसा, लैंगिग उत्पीडन आदि के बारे में बताया गया तथा साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड,पेंशन धोखाधड़ी आदि से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181 व साइबर हेल्पलाइन नं0 1930/155260, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नं0 1076 व मादक पदार्थों के सेवन व उनसे होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में व यातायात नियमों के बारे में, बाल विवाह तथा दहेज प्रथा जैशी कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया।

# खेल प्रतियोगिता में दिखा उत्साह, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शनिवार को न्याय पंचायत देवरिया आदम की न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय ओबरी डीह परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद कासिफ ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में बालक वर्ग (जूनियर) में ओबरी डीह के इस्माईल ने प्रथम, सचिन ने द्वितीय और आवेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग (जूनियर) में ओबरी डीह की आफिया खातून प्रथम, रुबी द्वितीय और रहमतपुर की बरखू तृतीय स्थान पर रहीं।

बालक वर्ग (सीनियर) में सी.एस. ओबरी डीह के रिशभ ने पहला स्थान, सी.एस. रहमतपुर के हिसामुद्दीन ने दूसरा और सी.एस. ओबरी डीह के फरहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग (सीनियर) में सी.एस. ओबरी डीह की जीना प्रथम, कुमकुम द्वितीय और अनुमिश्रा तृतीय रहीं।

कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में सी.एस. ओबरी डीह की टीम ने प्रथम और मुक्ता माफी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा 5 ओबरी डीह को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ एजाज अहमद, स्कूल प्रभारी इरशाद अहमद, आशीष कुमार सिंह, प्रकाश चंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार यादव, मोहम्मद शरीफ, मिथिलेश पांडेय, बृजेश, आशुतोष एवं सैयद अब्दुल कारी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवसागर रहे।

# उतरौला में करवा चौथ का उल्लास, चांद की रौशनी में खिले सुहाग के रंग

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार को करवा चौथ का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। शाम ढलते ही जब आसमान में चाँद की झलक दिखी, तो महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।
सुबह सूर्योदय से पहले ही घरों में रौनक देखने को मिली। महिलाएँ सास द्वारा दिए गए सरगी थाल से फल, मिठाई, सूखे मेवे और अन्य व्यंजन ग्रहण कर व्रत की शुरुआत करती हैं। सरगी केवल भोजन नहीं, बल्कि सास-बहू के स्नेह का प्रतीक मानी जाती है।
सुहागिनों ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की आराधना की। दिनभर महिलाएँ सज-धजकर एक-दूसरे के घर जाकर करवा चौथ की कथा सुनती रहीं। पारंपरिक गीतों, हंसी-मज़ाक और सौहार्द का वातावरण पूरे दिन बना रहा।
पौराणिक कथाओं के अनुसार, करवा चौथ व्रत की शुरुआत वीरवती नामक स्त्री से हुई थी, जिसने अपने पति की दीर्घायु के लिए कठोर तप और उपवास किया था। उसकी अटूट श्रद्धा और भक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उसके पति को पुनः जीवन प्रदान किया। तब से यह व्रत अखंड सुहाग और पति की दीर्घायु के लिए रखा जाने लगा।



इसके अलावा इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा कर महिलाएँ वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और पारिवारिक सौहार्द की कामना करती हैं।
शाम होते ही महिलाओं ने पारंपरिक सोलह श्रृंगार धारण कर, साड़ी और लाल चूड़ियों से स्वयं को सजाया। करवा, दीपक, चावल, और छलनी से सजे थाल लेकर वे छतों और आंगनों में उमड़ पड़ीं।
चाँद के निकलते ही छलनी से चाँद को देखा गया, फिर अपने पति के दर्शन कर जल अर्पण किया गया। पति द्वारा जल ग्रहण कराने के बाद महिलाओं ने व्रत तोड़ा। इस दौरान वातावरण 卐सौभाग्यवती भव卐 और मंगल गीतों से गूंज उठा।
करवा चौथ केवल एक व्रत नहीं बल्कि नारी की अटूट आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजन कर एकता और सौहार्द का संदेश दिया।
उतरौला के मुख्य मार्ग, बाबा फक्कड़ दास चौराहा, अलावलपुर मोहल्ला, बाबा दु:ख हरण नाथ मंदिर और हाटन रोड क्षेत्रों में महिलाओं ने सजावट, दीप जलाने और पूजन की विशेष तैयारियाँ कीं। बाजारों में मेहंदी, श्रृंगार और पूजा सामग्री की रौनक ने त्यौहार को और जीवंत बना दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T19 Date - 10.10.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नाम: इज्जतनगर मंडल के विभिन्न यार्डों में ओएचई व्यवस्था के सेक्शनिंग में सुधार हेतु लूप लाइनों में अतिरिक्त आइसोलेटरों के प्रावधान से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंस न. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T19, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,39,16,160.13, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,69,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 03.11.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि: 12 माह ● खुली ई-निविदा दिनांक 03.11.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/
मुजाचि/विद्युत-160 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जयप्रकाश नारायण की जयंती पर अखिलेश ने जेपी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के सभागार में जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दरअसल, सरकार ने लखनऊ के जय प्रकाश नारायण नेशनल कन्वेशन सेंटर (जेपीएनआईसी) के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

गेट को बंद कर टिन शेड की दीवार खड़ी कर दी गई थी। कुछ दूरी पर बैरिकेडिंग कर प्रवेश का हर रास्ता बंद कर दिया गया था। जेपीएनआईसी पहुंचने वालों रास्तों को भी बंद कर दिया गया था। ऐसे में सपा मुखिया अखिलेश ने बीते वर्ष की तरह ही इस बार भी पार्टी कार्यालय के अंदर ही जेपी को श्रद्धांजलि अर्पित करने का फैसला किया था। इससे पहले, कुछ सपाइयों ने रात में ही परिसर में घुसकर जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिया था। उन्होंने कहा कि जब दो लोग माल्यार्पण कर वापस आए और प्रशासन को पता तक नहीं चला। ऐसे में अगर अगर अखिलेश चाह लें तो कोई उन्हें रोक नहीं पाएगा। दरअसल, 2023 में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को परिसर के अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली थी। इसके बाद वह गेट फांदकर अंदर गए थे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया था। पिछले साल भी सपा प्रमुख को जेपीएनआईसी नहीं जाने दिया गया था। उन्होंने जेपीएनआईसी में माल्यार्पण करने की बात कही थी। लखनऊ में जेपीएनआईसी को अखिलेश सरकार ने बनवाया था। योगी सरकार के आने के बाद से यहां कुछ काम नहीं हुआ। जेपीएनआईसी लगातार 8 सालों से बंद पड़ा है। दरअसल, सीएजी की रिपोर्ट में कहा गया था कि जेपीएनआईसी के निर्माण में बजट को बेतरतीब तरीके से बढ़ाया गया। निर्माण के जांच के आदेश भी दिए गए। पिछले दो सालों से जयप्रकाश नारायण की जयंती पर अखिलेश के जेपीएनआईसी जाने और पुलिस की तरफसे उन्हें रोकने को लेकर जबरदस्त ड्रामा देखने को मिल रहा है। अखिलेश इस मुद्दे को उठाका भाजपा सरकार को घेरते रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा था कि अगर भाजपा इसे बेचना चाहती है, तो समाजवादी पार्टी इसे खरीद लेगी।

## देश पर आपातकाल थोपने वालों के साथ खड़ी है सपा : पाठक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) हमेशा से ही लोकतंत्र के विरोध में रही है और आज समाजवादी पार्टी उन लोगों के साथ खड़ी है जिन्होंने देश में आपातकाल लागू किया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिसने देश में आपातकाल लागू किया आज सपा उनसे कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। एक तरफ लोकनायक जयप्रकाश नारायण को जेल के सलाखों के पीछे भेजने और उनके साथ उत्पीड़न करने वालों के साथ राजनीतिक गठबंधन बनाते हैं तो दूसरी और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का ढोंग करते हैं। प्रदेश और देश की जनता अच्छे से जानती है कि आपका लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं आप संविधान विरोधी हैं। केवल कानून विरोधी हरकतें करके आपको मीडिया की सुर्खियां बटोरनी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज जयप्रकाश की जयंती पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मना रही है।

# धन व पद पा लेने के बाद भी जातिवाद नहीं छोड़ता पीछा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को कहा कि हरियाणा के पुलिस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की "आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है और इससे खासकर दलित एवं बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं।

बसपा प्रमुख ने एक्स पर लिखा, हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरण कुमार, जिनकी पत्नी भी हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण एवं प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। दलित एवं बहुजन समाज के लोग उद्वेलित हैं। उन्होंने कहा, "यह अति-दुखद व अति-गंभीर घटना खासकर एक सभ्य समाज के लिये शर्मनाक है और यह साबित करती है कि लाख दावों के बावजूद जातिवाद का दंश विशेषकर शासन-प्रशासन में कितना अधिक हावी है।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में घायल सफाईकर्मी की मौत, घर में 19 घंटे से रखा शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सड़क दुर्घटना में घायल हुए सफाईकर्मी की 12 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को डेडबॉडी घर पहुंचते ही मृतक के इंदिरानगर स्थित घर के बाहर भीड़ लग गई। परिजन 19 घंटे से अंतिम संस्कार नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि कार्यदायी कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) ने मदद नहीं की। इसके अलावा चोटिल होने के बावजूद काम कराया। दोपहर से स्थानीय लोग नगर निगम और एलएसए का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान एलएसए के अधिकारी 10 हजार रुपए लेकर आर्थिक सहायता देने के लिए पहुंचे, जिसका लोगों ने विरोध कर दिया। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मृतक सफाई कर्मी के आवास पर इक्कठा हुए हैं। पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि ने बताया कि उनके घर के पास में श्याम किशोर, लवकुश नगर पुरानी बस्ती, इंदिरानगर परिवार के साथ में रहते हैं। परिवार में पति-पत्नी और बेटा सफाईकर्मी हैं। उनका कहना है कि एलएसए कंपनी की लापरवाही से उनके बेटे की जान गई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद में परिवार की कोई मदद एलएसए ने नहीं किया है।

### पेंशनर दिल्ली में 13 को करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा बैंगलोर में होने वाली केन्द्रीय न्यास बोर्ड की बैठक में प्रदर्शन की चेतावनी देने के बाद सरकार द्वारा बैठक 13 अक्तूबर को दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। न्यूनतम पेंशन 7,500 अभी तक न किए जाने से पेंशनरों में रोष बढ़ रहा है। प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने बताया कि भले ही सरकार ने मीटिंग स्थल बदल कर पेंशनरों के आक्रोश से बचने का प्रयास किया हो पर पेंशनरों के प्रति सरकार की उदासीनता को देखते हुए पेंशन बढ़ाने का दबाव बनाने के लिये यूपी के पेंशनर दिल्ली में मीटिंग स्थल पर विरोध प्रदर्शन करेंगें जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश के पेंशनर भी बड़ी संख्या में शामिल होंगें।

### आरएलडी ने सम्मान के साथ मनाई जयप्रकाश नारायण जयंती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय लोकतंत्र की आत्मा थे। उन्होंने अन्याय, भ्रष्टाचार और सत्ता के अहंकार के विरुद्ध संघर्ष कर देश को एक नई दिशा दी। आज जयप्रकाश के आदर्श पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। रालोद का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर जनहित और किसानहित के लिए संघर्ष करता रहेगा। जयप्रकाश नारायण ने यह सिखाया कि राजनीति सत्ता पाने का माध्यम नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का साधन है। आज की राजनीति में अगर पारदर्शिता और नैतिकता लानी है, तो हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना होगा। डॉ राय ने आगे कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं, व्यापारियों और वंचित वर्गों की आवाज बनकर खड़ा है।

समाज का दर्पण होती हैं पुस्तक : रीता बहुगुणा

### इंटरनेट के माध्यम से किताबें खूब पढ़ रही युवा पीढ़ी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में सचिवालय में कार्यरत सर्वेश कुमार मिश्र रचित काव्य संग्रह 'यथार्थ' का लोकार्पण पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वेश कुमार मिश्र की लेखनी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि यथार्थ पुस्तक केवल एक कविता संग्रह नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है, जिसमें चेतना, करुणा, संवेदना और साहस को खूबसूरती से पिरोया गया है। यह भ्रम है कि आज की युवा पीढ़ी पुस्तकें नहीं पढ़ती। आज के युवा पहले से अधिक पढ़ रहे हैं, लेकिन ई-बुक्स के माध्यम से। इंटरनेट के माध्यम से दुनिया के श्रेष्ठतम लेखक युवाओं की पहुंच में हैं। साहित्य न केवल समाज का दर्पण है, बल्कि संस्कृति का संरक्षक भी है। उन्होंने सर्वेश कुमार मिश्र की कार्यशैली की सराहना करते हुए प्रत्येक दो वर्ष में एक नई पुस्तक प्रकाशित करने का आग्रह किया। उन्होंने पुस्तक की सार्थकता के दृष्टिगत प्रकाशक से बोलकर आज के दिन पुस्तक का मूल्य 50 फीसदी छूट पर उपलब्ध करायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व आईएएस अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम मनोहर मिश्र ने 'यथार्थ' में संग्रहित कविताओं की गहन समीक्षा करते हुए बताया कि यह संग्रह आम जनजीवन की अनुभूतियों का सार है।

## नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों की कला प्रतिभा को मंच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025-26 का आयोजन 13 अक्टूबर को सेंट एन्थोनी कान्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रयागराज में किया जा रहा है। इसमें 18 मंडलों से चयनित प्रतिभागी जनपदों के कुल 426 विद्यार्थी प्रदर्शन करेंगे। जिनमें 289 बालिकाएँ, 137 बालक और 03 दिव्यांग विद्यार्थी सम्मिलित हैं। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दी। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कला उत्सव के आयोजन हेतु भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश को कुल 14 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 9.30 लाख रुपए जनपद व मंडल स्तर पर आयोजन के लिए तथा 4.23 लाख रुपए राज्य स्तरीय आयोजन हेतु जनपद प्रयागराज को प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता चार चरणों जिला, मंडल, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिला स्तर पर 75 जनपदों के 1852 विद्यालयों (694 राजकीय, 817 सहायता प्राप्त, 334 निजी एवं 7 अन्य) के 10,692 विद्यार्थियों (8231 बालिकाएँ व 2461 बालक) ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

# अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी ढंग से लगाएं नियंत्रण

**सचिव निदेशक, भूतत्व व खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने मीरजापुर कलेक्ट्रेट में की बैठक**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मिर्जापुर।** सचिव निदेशक, भूतत्व व खनिकर्म विभाग, उप्र शासन माला श्रीवास्तव, लखनऊ द्वारा शनिवार को जनपद मीरजापुर कलेक्ट्रेट, सभागार में जिलाधिकारी मीरजापुर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), मीरजापुर के साथ ज्येष्ठ खान अधिकारी जनपद सोनभद्र, प्रयागराज, एवं जिला खान अधिकारी मीरजापुर, वाराणसी, खान निरीक्षक जौनपुर, संत रविदास नगर (भदोही), मऊ, आजमगढ़, चन्दौली, गाजीपुर व निदेशालय के 04 सदस्यीय अधिकारियों की टीम की उपस्थिति में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा मुख्यतः सभी जनपदों में खनन गतिविधियों से प्राप्त राजस्व तथा उपखनिजों के अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण करने के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी एवं सभी जनपदों को शासन द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा बैठक में अधिक से अधिक खनन पट्टों के व्यवस्थापन के लिए जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार कराने, विभाग की माइनमित्र पोर्टल पर प्राप्त आनलाईन आवेदन यथा खनिज भण्डारण, सा0 मिट्टी, नियम-52 के आवेदन पत्रों का प्रमुखता से निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। जनपद में उपखनिजों के स्वीकृत/संचालित खनन पट्टों की सघन जॉच करने एवं अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान सचिव द्वारा कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों में प्रयुक्त उपखनिजों की इनवैलिड मात्रा के सापेक्ष रायल्टी एवं खनिज मूल्य जमा कराये जाने एवं ईट भट्ठों से विनियमन शुल्क जमा कराने के निर्देश सभी जनपदीय अधिकारियों को दिये गये। सचिव द्वारा जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन विभागीय पोर्टल vtsdgm.up.in पर विशेष अभियान चलाकर जगह-जगह पर कैम्प लगाकर कराये तथा ऐसे वाहनों पर लगे AIS 140 जीपीएस का इन्टीग्रेशन विभागीय पोर्टल से कराना सुनिश्चित किया जाये।

### उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की हो सघन जांच

सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन/इन्टीग्रेशन विभागीय पोर्टल vtsdgm.up.in पर पूर्ण होगा उन्ही वाहनों पर ई एम0एम0-11/ई प्रपत्र सी निर्गत होगा। सचिव द्वारा सभी जनपदीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित कि उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन विभागीय पोर्टल vtsdgm.up.in पर विशेष अभियान चलाकर जगह-जगह पर कैम्प लगाकर कराये तथा ऐसे वाहनों पर लगे एआईएस 140 जीपीएस का इन्टीग्रेशन विभागीय पोर्टल से कराना सुनिश्चित किया जाये। सचिव महोदया द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन/इन्टीग्रेशन विभागीय पोर्टल vtsdgm.up.in पर पूर्ण होगा उन्ही वाहनों पर ई एम0एम0-11/ई प्रपत्र सी निर्गत होगा। सचिव द्वारा सभी जनपदीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि समीपवर्ती राज्य से आने वाले उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों पर प्रभावी निगरानी करने के साथ एमवी एक्ट के प्राविधानों के तहत जनपद में उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की जाये, अनियमितता यथा ओवरलोड, बाडी का बढ़ाया जाना, बिना अभिवहन पास आदि पाये जाने पर वाहन एवं लोडिंग प्वांइट यथा पट्टाधारक भण्डारणकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये तथा जनपद हेतु शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाये।

# गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेषों को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य रूस रवाना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 11 वरिष्ठ भारतीय भिक्षुओं के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। शनिवार तड़के वे गौतम बुद्ध के पवित्र अवशेषों को एक प्रदर्शनी के लिए रूस के कलमीकिया गणराज्य ले जाने के लिए निकले। यह प्रदर्शनी 11 से 18 अक्टूबर तककलमीकिया की राजधानी एलिस्टा में आयोजित की जाएगी।

रूस के लिए रवाना होने से पहले, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार की सुबह पालम हवाई अड्डे पर बुद्ध के अवशेषों की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का एक बहुत ही सौभाग्यशाली क्षण है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। इन अवशेषों का एक बहुत लंबा इतिहास है। यह एक बहुत बड़ा दिन है।राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक गुरमीत सिंह चावला और 11 वरिष्ठ भारतीय भिक्षुओं के प्रतिनिधिमंडल ने भी प्रदर्शनी के लिए कलमीकिया रवाना होने से पहले प्रार्थना की गई। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि यह निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेगा क्योंकि रूस में बौद्ध धर्म लोकप्रिय रहा है। केशव प्रसाद मौर्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

## अजय राय को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय शनिवार को छावनी में तब्दील हो गया। दरअसल, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष फतेहपुर जाने वाले थे। उनके जाने से पहले पुलिस ने बड़ी-बड़ी बैरिकेडिंग कर उनके काफिले को रोक दिया। रोके जाने से पहले अजय राय ने कहा था चाहे गोली चलवा दी जाए, हम मृतक दलित के घर सांत्वना देने जाएंगे। अजय राय प्रदेश मुख्यालय के अंदर ही हैं और बाहर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया। कार्यालय के आसपास जमा हो रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोकना शुरू कर दिया। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सीएम योगी के खिलाफ नारे लगाए। अजय राय रायबरेली में भीड़ की ओर से मारे गए दलित युवक के घर फतेहपुर जाने वाले थे।

# प्रधानमंत्री योजनाओं से साकार होगा किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य : सूर्य प्रताप शाही

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली से 42,000 करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना पीएमडीडीकेवाई, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कृषि निदेशालय, मदन मोहन मालवीय मार्ग, लखनऊ के ऑडिटोरियम में वर्चुअली उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने किसानों के सम्मान और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में राज्य के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर देशभर के 10,000 एफपीओ से जुड़े 50 लाख किसानों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 1,100 करोड़पति एफपीओ का वार्षिक कारोबार 1 करोड़ रुपए से अधिक है।

राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत 50,000 से अधिक किसानों के सफल प्रमाणीकरण भी किए गए। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लखनऊ जनपद के 15 कृषकों का सम्मान करते हुए मिनीकिट तिलहन तथा फसल बीमा योजना के लाभान्वित कृषकों के साथ जैविक खेती करने वाले 5 कृषकों को प्रमाणपत्र दिये गये। श्री शाही ने कहा कि धन-धान्य कृषि योजना के साथ पीएम किसान योजना, फसल बीमा योजना, प्राकृतिक खेती मिशन, वन ड्रॉप मोर क्रॉप के अतिरिक्त 17 योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा अन्नदाता किसानों से अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री द्वारा आरम्भ की गई योजना को शत-प्रतिशत उत्तर प्रदेश साकार करेगा।

# यात्रियों को दीपोत्सव की शोभा और आस्था के दर्शन का मिलेगा लाभ : जयवीर सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या इस दीपावली 26 लाख दीयों से जगमगाने को तैयार है।दीपोत्सव 2025 के इस भव्य अवसर पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए लखनऊ से अयोध्या तक एक दिवसीय विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की है।

राज्य पर्यटन विकास निगम यूपीएसटीडीसी द्वारा संचालित कम दर पर यह टूर पैकेज श्रद्धालुओं को दीपोत्सव के अद्भुत नजारों का साक्षी बनने का अवसर देगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव-2025 यात्रा की शुरुआत 19 अक्टूबर को होगी। सुबह 11 बजे लखनऊ स्थित होटल गोमती से टेम्पो ट्रैवलर यात्रियों को लेकर अयोध्या के लिए रवाना होगा।यात्रा के दौरान मार्ग में दोपहर 2:30 बजे भोजन की व्यवस्था होगी। तत्पश्चात, यात्रा दल शाम 3 बजे अयोध्या पहुंचेगा और राम की पैड़ी पर दीपोत्सव समारोह के अद्भुत आयोजन का साक्षी बनेगा। इस यात्रा का शुल्क 1,500 रुपए प्रति व्यक्ति होगा, जिसमें ट्रांसपोर्ट, स्थानीय गाइड, दिन-रात के भोजन और पानी की बोतल की व्यवस्था होगी। इच्छुक यात्री पैकेज की ऑनलाइन बुकिंग पद पर कर सकते हैं। यात्रियों का दल शाम 7. 30 बजे पावन सरयू तट पर 26 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित होते देखेंगे। देश-दुनिया के करोड़ों आस्थावान भी इस पल के साक्षी बनेंगे। आकाश में रंग-बिरंगी आतिशबाजी, आकर्षक लेजर शो और अद्भुत एरियल ड्रोन प्रस्तुति क्षण को अविस्मरणीय बनाएगी। मनमोहक दृश्य देखने के उपरांत रात्रि 9:30 बजे रात्रि भोजन के उपरांत यात्रा दल रात 11 बजे लखनऊ के लिए पुनः प्रस्थान करेगा। अयोध्या दीपोत्सव 2025 केवल वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आस्था और वैश्विक स्तर पर भारतीय परंपरा को प्रदर्शित करने वाला उत्सव है।

## छत काटकर चोरों ने 80 फोन चुराए, दुकान में रखी 20 हजार नकदी भी ले गए

**लखनऊ।** राजधानी के चौक इलाके में चोरों ने एक दुकान की छत को काट कर उसमें रखे 80 से ज्यादा फोन चुरा लिए। चोर अपने साथ दुकान में रखे 25 हजार से ज्यादा का कैश भी ले गए। पूरी घटना दुकान के अंदर रखे सीसीटीवी में कैद हुई है। पीड़ित ने इस मामले में चौक थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी है। चौके के पाटानाला चौकी से महज 10 कदम दूर जहूर टेलीकम्यूनिकेशन पॉइंट नाम से मोबाइल दुकान है। मालिक अरशद जहूर ने बताया कि रोज की तरह सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान की छत टूटी हुई है और सारे मोबाइल और कैश गायब हैं। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें एक चोर दुकान के अंदर से फोन चुराते हुए नजर आ रहा है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा अभियान से किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/मथुरा।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को उत्तर प्रदेश के मथुरा तक पहुँचाया। इस पहल का उद्देश्य देशभर के युवाओं में जिम्मेदार सड़क व्यवहार की भावना विकसित करना है।

कार्यक्रम में दीक्षा पुपिल्स अकादमी, अशोका इंटेलेक्ट्स ग्लोबल स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल के 2400 से अधिकविद्यार्थियों ने भाग लिया, ताकि नई पीढ़ी को जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनने के लिए प्रेरितकिया जा सके। रोचक सत्रों, व्यावहारिक प्रशिक्षण मॉड्यूल और सहभागितापूर्ण चर्चाओं के माध्यम से छात्रों ने न सिर्फ सुरक्षित वाहन चलाने और पैदल यात्री अनुशासन की मूल बातें समझीं, बल्कि यह भी जाना कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण कैसे बन सकते हैं। इस पहल ने युवाओं को यह सोचने के लिएप्रेरित किया कि सड़क सुरक्षा सिर्फ पालन करने का नियम नहीं, बल्कि अपनाने की एक संस्कृति है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के लिए मथुरा उसकी सड़क सुरक्षा यात्रा का केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण स्थान है जहाँ ऐसे युवा दिमागों तक पहुँचना जरूरी है जो आने वाले समय में सड़क उपयोगकर्ताओं काबड़ा हिस्सा बनेंगे। सड़क के प्रति सही आदतें बचपन से ही विकसित करना आवश्यक है।

# बिहार में एनडीए के प्रचार अभियान की कमान संभालेंगे सीएम, 20 से अधिक रैलियों की तैयारी

**30 के तीसरे सप्ताह से बिहार में चुनाव प्रचार शुरू कर सकते हैं योगी, 20 से अधिक जनसभाओं को करेंगे संबोधित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता का लाभ लेने की तैयारी में है।

सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ अक्टूबर के तीसरे सप्ताह से बिहार में चुनाव प्रचार शुरू कर सकते हैं और 20 से अधिक जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बीजेपी की रणनीति में योगी आदित्यनाथ को प्रमुख चेहरा बनाने का निर्णय लिया गया है, खासकर बिहार के उन इलाकों में जहां उत्तर प्रदेश से सामाजिक और सांस्कृतिक समानताएं हैं। उत्तर बिहार और मध्य बिहार के कई जिलों में योगी के कार्यक्रम निर्धारित किए जा रहे हैं, जिनमें सीतामढ़ी और मिथिलांचल क्षेत्र शामिल हैं। माना जा रहा है कि इन इलाकों में योगी की उपस्थिति से एनडीए को स्पष्ट लाभ हो सकता है। सीतामढ़ी जिले के पुनौरा में जानकी माता के भव्य मंदिर निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए, योगी आदित्यनाथ का यहां प्रचार करना सांस्कृतिक दृष्टि से भी प्रभावी माना जा रहा है। बता दें कि मिथिला और अवध के बीच सांस्कृतिक रिश्ते ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं, और बीजेपी इन्हीं भावनाओं को भुनाने की योजना में है। एनडीए की रणनीति यह भी मानती है कि योगी आदित्यनाथ की साफ-सुथरी और सख्त प्रशासक की छवि, उनके आक्रामक और ओजस्वी भाषणों के साथ, मतदाताओं को प्रभावित कर सकती है। हिंदुत्व से जुड़ी उनकी पहचान और 'विकास पुरुष' के रूप में उनका चेहरा, बीजेपी को अतिरिक्त राजनीतिक धार दे सकता है। हालांकि अभी तक पार्टी की ओर से औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन योगी आदित्यनाथ के रैली कार्यक्रम की रूपरेखा लगभग तय कर ली गई है। 6 और 11 नवंबर को बिहार में मतदान होना है और इससे पहले योगी की सभाओं से माहौल बनाने की कोशिश की जाएगी।

**आयोजन** — नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन में किया प्रतिभाग

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तेजी से विकास के नए आयाम कर रहा स्थापित यूपी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/बरेली।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जीआईसी ऑडिटोरियम, बरेली में विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश महाअभियान के अंतर्गत आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने बरेली में 74 करोड़ रूपये की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित विकासपरक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। विकसित उत्तर प्रदेश, समर्थ उत्तर प्रदेश अभियान इसी दिशा में एक व्यापक जनभागीदारी का प्रयास है, जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बरेली नगर निकाय क्षेत्र में 50 करोड़ की लागत से 130 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। परियोजनाओं में सड़कों एवं नालियों का निर्माण, नवनिर्मित पार्कों का विकास, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य, स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, एवं जलभराव निवारण कार्य जैसी जनोपयोगी परियोजनाएँ सम्मिलित हैं।

नगरीय क्षेत्र किसी भी राज्य के विकास के इंजन होते हैं। इन क्षेत्रों की स्वच्छता, सड़क, विद्युत, परिवहन और जल प्रबंधन व्यवस्था जितनी सुदृढ़ होगी, उतनी ही तीव्रता से राज्य का सर्वांगीण विकास संभव होगा। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी शहरों को स्वच्छ, सुन्दर, सुगम और स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि जनता को उसका स्थायी लाभ मिल सके। इस दौरान नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की साथी स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। बरेली में 24 करोड़ की लागत से विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिनमें 95 एमवीए की क्षमता वृद्धि तथा 33 केवी की नौ किलोमीटर लंबी नई लाइन का निर्माण प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से बरेली शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण होगी। इससे न केवल उद्योगों और व्यापार को बल मिलेगा, बल्कि नागरिकों को भी सुगम जीवन सुविधा प्राप्त होगी। राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक घर और प्रत्येक उद्योग तक ÷24 घंटे गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति÷ सुनिश्चित की जाए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने यह भी बताया कि बरेली में पिछले तीन वर्षों में लगभग 1000 करोड़ रुपए के कार्य किए गए हैं। श्री शर्मा ने लगभग 11.23 करोड़ की लागत से निर्मित रायफल क्लब बरेली का भी भव्य शुभारंभ किया। रायफल क्लब न केवल युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि उन्हें अनुशासन, एकाग्रता और राष्ट्रभक्ति की भावना से भी जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं, क्योंकि खेल से शरीर ही नहीं, मन और समाज भी सशक्त होता है।

# छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध पटाखे व 5.5 लाख रुपए की नकदी बरामद

▸ पुलिस व प्रशासन की लापरवाही से मिहींपुरवा क्षेत्र में बिना लाइसेंस के कई फल-फूल रहे हैं अवैध पटाखे की दुकान

समृद्धि न्यूज



**मिहींपुरवा, बहराइच।** थाना मोतीपुर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गायघाट गांव में छापा मारा। इस दौरान एक घर से भारी मात्रा में अवैध पटाखे और करीब 5.5 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। मौके से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। बरामद पटाखों और नकदी को सीज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बताया गया कि गांव निवासी जमुनी और नसीमुन विधवा हैं। ये दोनों आबादी क्षेत्र में बिना लाइसेंस अवैध रूप से पटाखा बनाने का काम कर रही थीं। सूचना पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने छापा मारा। मौके से करीब छह बोरे अवैध पटाखे और 5.50 लाख नकद मिले हैं। टीम की सूचना पर एसडीएम राम दयाल और थाना प्रभारी आनंद चौरसिया भी मौके पर पहुंचे। बरामद सामग्री और आरोपित महिलाओं को थाने ले जाया गया। बताया गया कि दो वर्ष पहले भी ये दोनों महिलाएं अवैध पटाखा निर्माण में जेल जा चुकी हैं। उस दौरान इनके घर में विस्फोट होने से आसपास के कई मकानों की छतों में दरारें आ गई थीं। पूर्व में भी इस क्षेत्र के झाला गांव में पटाखा सुखाते समय विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हुई थी। कई घरों को नुकसान हो चुका है। उप निरीक्षक अजय प्रताप यादव ने बताया कि सूचना पर कार्रवाई की गई है। मौके से भारी मात्रा में अवैध पटाखे और 5.50 लाख बरामद हुए हैं। महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा दिया गया है। बताते चलें कि मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र में अवैध पटाखा निर्माण का कारोबार लंबे समय से फलफूल रहा है। इससे कई बार बड़े हादसे हो चुके हैं। पुलिस और प्रशासन की यह कार्रवाई ऐसे तत्वों पर सख्त संदेश के रूप में देखी जा रही है। पुलिस और प्रशासन की लापरवाही इस क्षेत्र में इस कदर फैली हुई है की त्योहार में पटाखा दुकान लगाने के लिए लाइसेंस की जरूरत होती है लेकिन इस क्षेत्र में हजारों के तदार में दुकान पटाखा की लगाई जाती है इसका कारण है पुलिस और प्रशासन लापरवाही जो छः दिनों के अंदर दिखाई देने लगेगा।

## बालिका हाई स्कूल में आयोजित हुआ नारी सुरक्षा व स्वावलंबन कार्यक्रम

**बहराइच।** मिशन शक्ति 5वें चरण अभियान कार्यक्रम के तहत् पुलिस अधीक्षक द्वारा व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी महसी डी.के श्रीवास्तव द्वारा थाना हरदी मिशन शक्ति टीम के साथ मिशन शक्ति 5.0 नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन थीम जागरुकता कार्यक्रम अभियान के उद्देश्यों के संबंध में तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्राम बहोरीकपुर स्थित बालिका हाई स्कूल में छात्राओं को विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया। तथा महिला संबंधी अपराधिक घटनाओं व समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112,181, 108 आदि व 1930 साइबर संबंधित अपराध साथ ही साथ सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मातृ वंदना योजना,वृद्धा पेंशन योजना, आयुष्मान प्रधानमंत्री, उज्जवला योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारियां देते हुए पंपलेट वितरित किए गए।

# देहात इंडिया व मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

▸ बाबागंज में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रूपईडीहा, बहराइच।** काशी राम अयोध्या प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबागंज में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर देहात इंडिया टीम एवं मिशन शक्ति टीम थाना रुपईडीहा के संयुक्त के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे देहात इंडिया कार्यकर्ता पवन कुमार के द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसरों के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर बालिकाओं को आत्मरक्षा, शिक्षा के महत्व तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम से उपस्थित महिला आरक्षी प्रिया पांडे के द्वारा एवं उपनिरीक्षक सूर्य भान के द्वारा बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, और अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी दी गयी। इसके साथ साथ बालिका सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं व यूपीपी से मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक सूर्य भान, हेड कांस्टेबल शमशेर अहमद, महिला आरक्षी प्रिया पांडे, प्रियंका वर्मा, विद्यालय के डायरेक्टर राज कुमार जायसवाल, प्रधानाध्यापक अरुण कुमार व देहात इंडिया टीम से नीरज, पवन कुमार, सरिता, निर्मला देवी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती हुई मिली कामरेड नेता की लाश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री पुरम में बिजली विभाग की चारदीवारी से सटा कर झोपड़ पट्टी रख कर जीवन यापन कर रहे 75वर्षीय छोटे लाल पुत्र भगवती प्रसाद की लाश लटकती हुई पाई गई। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने नगर कोतवाली को दिया। नगर प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि उस के पास आधार कार्ड मिला है जिस में 1081हाउसिंग कालोनी का पता लिख है। यही पर भार भुजने का दुकान करता था।इसी से अपना जीवन चला रहा था। एक लड़का था जिस की मृत्यु हो चुकी है।मृतक छोटे लाल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का नेता भी था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है। नात रिश्तेदार की तलाश की जा रही है। पोस्ट मार्टम होने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

### साइबर ठग से पुलिस ने कराया पैसा वापस

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जाहिद अली पुत्र जाबिर हुसैन निवासी पण्डरी कृपाल भण्डाहा थाना कोतवाली देहात ने साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत किया कि मेरे पास किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था जिसने मुझसे ओटीपी पूछा था उक्त अनजान व्यक्ति को मैने ओटीपी बता दिया था । मेरे ओटीपी बताने के बाद मेरे एचडीएफसी बैंक से 24,999 कट गये है जिस की शिकायत कोतवाली देहात साइबर सेल द्वारा 1930 पर काल कराते हुए साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकातय किया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित बैंक/ बैंक/इंटीमेडरी/नोडल अधिकारियों से संपर्क स्थापित करते हुए जाहिद पुत्र जाबिर हुसैन की फाड की गयी धनराशि 24,999 रुपए को वापस करा दिया गया ।

### मिशन शक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात की पुलिस ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे-छेड़छाड़ शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक इत्यादि की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चो के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत,व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात मय हमराह द्वारा गरीब नवाज शरीफ इण्टर कालेज खोरहंसा व मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के एमडीबीएस इण्टर कालेज पूरे ललक, ग्राम ढोरहंस पूर्व प्रधान राम बदल मिश्रा की उपस्थिति में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनको माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं और बच्चियों एवं वहां उपस्थित लोगों को प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे।

# जन जागरुकता के साथ मनाया गया पैलिएटिव केयर डे

गोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, अचीविंग द प्रॉमिस यूनिवर्सल एक्सेस टू पेलेटिव केयरथीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** शनिवार को महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध महर्षि चिकित्सालय की एनसीडी क्लीनिक में राष्ट्रीय कार्यक्रम फॉर पैलेटिव केयर अंतर्गत वर्ल्ड हॉस्पिस एंड पैलिएटिव केयर डे (विश्व आश्रय एवं प्रशामक देखभाल दिवस) गोष्ठी, स्वास्थ्य शिविर एवं जनजागरूकता के साथ मनाया गया। जिरियाट्रिक फिजिशियन और पैलिएटिव केयर के डॉ आकिब एजाज़ ने कहा कि पैलिएटिव केयर से मरीजों की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। कैंसर, लकवा, तंत्रिका तंत्र, हृदय, किडनी, सांस बीमारियों में पैलिएटिव केयर से मरीजों को राहत मिलेगी।

डॉ संदीप मिश्रा नोडल एनसीडी ने बताया कि आमजन में पैलिएटिव केयर की जागरूकता बढ़ाने व विभिन्न समुदायों में जनजागरूकता लाने के लिए 11 अक्टूबर को वर्ल्ड पैलिएटिव केयर डे मनाया गया इस साल इसकी थीम अचीविंग द प्रॉमिस यूनिवर्सल एक्सेस टू पेलेटिव केयर है। एनसीडी क्लीनिक के डा अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने बताया कि कैंसर के आखिरी स्टेज में मरीजों को असहनीय दर्द होता है। पेलेटिव केयर उनका दर्द कम करने में मदद करता हैं।

आखिरी स्टेज में कैंसर लाइलाज हो जाता है। जहां कैंसर के आखिरी स्टेज से जूझ रहे मरीजों की पूरी देखभाल की जाएगी।

जिरियाट्रिक वार्ड के डॉ परितोष तिवारी ने कहा कि पेलेटिव केयर का उद्देश्य जटिल बीमारियों वाले लोगों की पीड़ा को कम करना है। जिसमें डॉक्टर्स एवं नर्स की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर एनआरसी के डॉ विजय मिश्रा, एनसीडी से विवेक श्रीवास्तव, डॉ रियाजुल हक, संतोष सिंह, पुनीत शर्मा, स्वाती श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने यूपी लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 12.10.2025 को आयोजित होने वाली (पी.सी.एस. और ए.सी.एफ./आर.एफ.ओ.) प्रारंभिक परीक्षा-2025 जोकि जनपद बहराइच में 11 केन्द्रों पर होना प्रस्तावित है जिसमें करीब 4320 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना है, को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा के साथ परीक्षा केंद्रों - किसान पी जी कॉलेज और वैद्य भगवान मिश्र गाँधी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सीसीटीवी की स्थिति, फ्रिस्किंग प्वाइंट, बैठने की व्यवस्था, कंट्रोल रूम की सक्रियता एवं केंद्र व्यवस्थापक से समन्वय की स्थिति का भौतिक रूप से अवलोकन किया । एसपी द्वारा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी स्थिति में अनुचित साधनों का प्रयोग न होने दिया जाए व परीक्षा हेतु निर्धारित समय का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। साथ ही केंद्रों पर ड्यूटी के दौरान सतर्क रहने, बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न देने, महिला परीक्षार्थियों की जांच में महिला स्टाफ की तैनाती तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए गए।

# जागरुकता कार्यक्रम : बालिकाओं को आगे बढ़ाएं परिवार के लोग

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बालिकाओं की वर्तमान स्थिति और चुनौतियाँ आज के समय में दुनिया भर की बालिकाएं गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही हैं लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह, शिक्षा से वंचित रहना और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसी समस्याएं उन पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।

भारत जैसे देश में - बालिकाएं कुपोषण, बाल विवाह, तस्करी, बाल मजदूरी, स्कूल छोड़ने, लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा की शिकार बनती रही हैं। यह बाते अहमद सेवा संसथान के अब्दुल कादिर ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बहराइच के शंकरपुर में कही। सामुदायिक स्वस्थ अधिकारी शंकरपुर की रजनी रघुवंशी ने बताया कि बालिकाओं का स्वास्थ्य केवल उनके शरीर की तंदरुस्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्वास्थ्य भी शामिल है।बालिकाओं को उचित पोषण, सफाई, नियमित टीकाकरण और सुरक्षित माहौल की ज़रूरत होती है।किशोरावस्था में विशेष रूप से उन्हें यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सेवाएँ मिलनी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित और स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकें।स्वास्थ्य संस्थानों और स्कूलों में किशोर बालिकाओं के लिए हेल्थ चेकअप और काउंसलिंग सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। शिक्षा के अधिकार ने बालिकाओं को आगे बढ़ने की राह दिखाई है लेकिन आज भी कई जगह बालिकाएं स्कूल छोड़ देती हैं या उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।

# वजीरगंज पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुराचार के आरोपी को पकड़ा

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-338/25, धारा 64(2)एम बीएनएस व 5जे(2)/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लल्लन मिश्रा पुत्र जगन्नाथ प्रसाद नि0 ग्राम भोपतपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को अनुभुला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 10.10.2025 को थाना वजीरगंज क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली एक नाबालिग लड़की द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी लल्लन मिश्रा द्वारा उसके साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाकर गर्भधारण कराया। दिनांक 02.10.2025 को प्रार्थिनी ने सीएचसी वजीरगंज में बच्चे को जन्म दिया है। विपक्षी अब शादी करने से मना कर रहा है।

पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 11.10.2025 को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए आरोपी अभियुक्त लल्लन मिश्रा पुत्र जगन्नाथ प्रसाद नि0 ग्राम भोपतपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा को अनुभुला मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# आई जी अमित पाठक ने किया कोतवाली करनैलगंज का निरीक्षण





समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक द्वारा थाना कर्नेलगंज जनपद गोण्डा का भ्रमण कर मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के अन्तर्गत की गयी कृत कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा अभियान के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में निम्नांकित दिशा-निर्देश दिए गए-

आईजी अमित पाठक द्वारा महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों से हेल्प डेस्क पर प्राप्त होने वाली महिलाओं सम्बन्धी शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा निस्तारित प्रकरणों में पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही के बारे में शिकायतकर्ताओं से फोन पर वार्ता कर फीडबैक प्राप्त कर नियमित फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु महिला हेल्प डेस्क पर तैनात अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी शिकायतों को उच्च प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराया जाए, जिससे पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का स्थाई समाधान हो सके।

मिशन शक्ति अभियान के क्रम में थाना क्षेत्र के बाजारों, स्कूल-कालेजों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में एण्टीरोमियों टीम लगातार सक्रिय रहकर शोहदों तथा शरारती तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्द कार्यवाही करे तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों के बारे में जागरुक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी जाए। अभियान के अन्तर्गत बिना हेलमेट वाले व तीन सवारी वाले वाहन चालकों, काली फिल्म लगे चौपहिया वाहनों, हूटर लगे वाहनों तथा स्टंटबाज चालकों के विरुद्द कड़ी कार्यवाही की जाए। थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं शिकायतकर्ताओं से सौम्य व्यवहार किया जाए तथा उनकी हरसंभव मदद की जाए। आईजी अमित पाठक द्वारा महिला जनशिकायत रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, एण्टीरोमियों रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर सहित अनूय अभिलेखों को चेक किया तथा प्रत्येक शिकायत/ सूचना को नियमित अंकित करने के निर्देश दिए गए।

# कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान भाजपा सरकार पर बोला जमकर हमला

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कांग्रेस भवन सभागार में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा तारिक बेग की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक, वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ, संगठन सृजन अभियान का विस्तार, स्नातक चुनाव की रणनीति, नवनियुक्त मंडल व वार्ड अध्यक्षों का नियुक्ति पत्र वितरण एवं शहर के तमाम साथियों को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष इं जय प्रकाश मिश्र जे.पी ने कहा कि वोट चोरी करके चोरी की सत्ता भाजपा ने बनाई यह बड़ी शर्म की बात है। देश के संविधान और लोकतंत्र का हर कदम पर भाजपा गला घोट रही हैं। विशिष्ठ अतिथि निवर्तमान शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को उसकी मूल भूत सुविधाओं से ध्यान भटकाने के लिए कार्य कर रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर अध्यक्ष मिर्जा तारिक बेग ने कहा कि भाजपा सरकार का आइना जनता के सामने आ चुका है। पहली बार सुनने में आया कि सत्ता भी चोरी से बनाई गई है। मुख्य वक्ता महसी के पूर्व प्रत्याशी डॉ राजेश तिवारी ने कहा कि जनता पूरी तरह से जाग चुकी है, भाजपा के बरगलाने में नहीं आने वाली। इस अवसर पर शहर के काजीपुरा दक्षिणी के फिरोज, काजीपुरा उत्तरी के मोबिन अहमद अंसारी, चांदपुरा के जिशान व किला के अंसार ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष मंसूरगंज सलीम, मंडल अध्यक्ष रईस, वार्ड अध्यक्ष नाजिरपुरा पश्चिमी शादाब को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के बाद पीपल चौराहे से वोट छोड़ गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया और शहर की बाजारों में घूमकर हस्ताक्षर कराया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल, डॉ हलीम अहमद, मुकुंद जी शुक्ल, गोपी नाथ, राघवेंद्र द्विवेदी, शरीफ बाबू खान, मो. फरीद हुसैन, राजेश कुमार मिश्र, देवेंद्र श्रीवास्तव, इंद्र कुमार यादव, हीरा लाल राव, जगदीश सिंह, खालिद हिशामी, फजल खान, विष्णु यादव, एखलाक अहमद, अब्दुल रईस, सीमु खान, अबूजर खान, रईस कुरैशी, फिरोज आलम, अंसार अहमद, इमरान हुसैन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# योग और व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखने की कुंजी है : डॉक्टर निहितिका हैरत



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** राधा कुंड निकट स्थित हैरत फिजियोथैरेपी की डॉक्टर निहितिका हैरत ने एक वार्ता में करवा चौथ के महापर्व पर सुहागन महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्हें जागरूक किया और कहा कि बढ़ते तनाव प्रदूषित वातावरण व शुद्ध खान-पान न होने के कारण आजकल महिलाओं में घुटने के दर्द शरीर दर्द जैसी समस्याओं का उत्पन्न होना आम बात है ऐसे में महिलाएं प्रातः काल यदि व्यायाम पर ध्यान दें योगा करें तो काफी हद तक कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। इन सब के बावजूद डॉक्टर निहितिका ने यह भी कहा कि करवा चौथ के महापर्व पर से 30 अक्टूबर तक किसी भी महिलाओं को यदि हमारे प्रतिष्ठान से किसी भी प्रकार की सेवा लेनी है तो उन सेवाओं में महिलाओं में खासकर 45 से 60 वर्ष की महिलाओं को एक निश्चित शुल्क में 20 प्रतिशत की कटौती के साथ उन्हें सुविधा प्रदान की जाएगी साथ ही उन महिलाओं के लिए हैरतथेरेपी की डॉक्टर निहितिका ने यह भी कहा कि हम और हमारे प्रतिष्ठान से जुड़े प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक के द्वारा उन्हें योग की जानकारियां दी जाएगी जो महिलाओं बच्चों व पुरुषों के सेहत को ठीक रखने में सहायक होगी।

# बच्चों और शिष्य के प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारने का काम गुरु ही करते हैं : अजेय विक्रम

समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा।** भारत विकास परिषद की हुई गोष्ठी पदाधिकारियो राष्ट्र के उत्थान मे शिष्यो की महत्वता पर रखे अपने विचार और कहा कि पिता ही गुरु हों तो परिवार और समाज दोनों को इसका लाभ मिलता है ये बात भारत विकास परिषद गोनार्द शाखा के अध्यक्ष अजेय विक्रम सिंह ने प्राथमिक विद्यालय भीखमपुर के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा को व उनकी होनहार बेटियों गूगल गर्ल अंशिका मिश्रा और अनामिका मिश्रा को भारत विकास परिषद की तरफ से सम्मानित करने के दौरान कहा ।

कोषाध्यक्ष अजय प्रकाश सिंह ने कहा होनहार बेटियों ने साबित किया है कि बेटियां बेटों से कम नहीं हैं । गूगल गर्ल अंशिका मिश्रा ने सामान्य ज्ञान में एशिया बुक ऑफ रिकार्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड, चैंपियन वर्ल्ड ऑफ रिकार्ड जैसे कई खिताब को जीत कर समाज का नाम रोशन किया है साथ ही छोटी बिटिया अनामिका मिश्रा ने गांधी जयंती के अवसर पर 10 किलो मीटर मैराथन दौड़ लगाकर जनपद का नाम रोशन किया साथ ही सिर्फ 8 मिनट में 240 पुशअप लगाकर रिकॉर्ड बनाया है । प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय भीखमपुर जनपद का अनुकरणीय उदाहरण है जिसमें से कई छात्र छात्राएं के रूप में प्रतिभाएं जनपद, राष्ट्र और विश्व पटल पर नाम रोशन कर रही जिस समय सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## खबरें एक नजर में



### क्षेत्र में करवाचौथ की धूम, पतियों की लंबी आयु के लिए पत्नियों ने रखा व्रत

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व बड़ी श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु और वैवाहिक सुख की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा की तैयारी शुरू कर दी थी। शाम होते ही सुहागिनें पूजा स्थल पर एकत्र हुईं और चंद्रमा के दर्शन के बाद पति का चेहरा देखकर व्रत खोला। पारंपरिक गीतों और शुभकामनाओं के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को करवाचौथ की बधाई दी। इस दौरान पूरा माहौल श्रद्धा और उल्लास से भर गया। शहर के अन्य इलाकों में भी करवाचौथ की रौनक देखने को मिली, जहां महिलाओं ने पूरे रीति-रिवाज के साथ पर्व मनाया।

# सर्विस रोड की बदहाली से व्यापार ठप, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

**लालगंज रायबरेली**

बांदा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने लालगंज बाईपास के डलमऊ रोड ओवरब्रिज की सर्विस रोड बदहाल हालत में है।

जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन पलटने और लोगों के गिरकर चोटिल होने की घटनाएं हो चुकी हैं।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालगंज के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ रामू सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सर्विस रोड की जर्जर स्थिति से व्यापारियों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है, क्योंकि खराब सड़क के कारण सामान की ढुलाई में कठिनाई हो रही है। कई वाहन चालक इस रास्ते से गुजरने से बचते हैं जिससे व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि जनहित में उक्त सर्विस रोड की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगे। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद गौड़, दीपेन्द्र गुप्ता,मुन्नू लाल शुक्ला,सतीश पासी,बिनोद गुप्ता आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

**ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, जल्द मरम्मत की मांग**



### व्यापारियों ने मिलकर भरा सड़क पर हुआ बड़ा गड्ढा कई लोग हो चुके थे घायल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिछले 1 माह से महराजगंज बछरावां मार्ग यूको बैंक के पास गड्ढा हो गया था जिसमें गिरकर जहां दो महिलाएं चोटिल हो गई थी तो अन्य भी कई व्यक्ति बाइक सवार और साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो चुके थे। इसको लेकर आज व्यापारियों द्वारा अपने स्वयं के सहयोग से सामग्री इकट्ठा कर गड्ढे को भरा गया। इस मौके पर व्यापारी राघवेंद्र प्रताप सिंह हिमांशु द्विवेदी असगर अली इमरान राम कुमार मौर्य संजय कुमार सुरेंद्रनाथ शुक्ला सलमान खान के द्वारा गड्ढे की समस्या को समाप्त किया गया।

# क्षेत्र की बेटी ने हॉन्ग कॉन्ग में लहराया तिरंगा, हो रही है सराहना

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के पटेल नगर की रहने वाली रोमा सिंह पुत्री राजू सिंह भदोरिया ने हांगकांग में आयोजित प्रतियोगिता में तिरंगा फहराकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की रोमा सिंह क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यावसायी कृष्ण पाल सिंह उर्फ ददुवा की पपौत्री है।

जिन्होंने हांगकांग में आयोजित एशियाई बेंच प्रेस प्रतियोगिता मे भारत देश की ओर से प्रतिभाग करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर अपने रायबरेली जनपद एवं अपने क्षेत्र बछरावां का नाम पूरे देश में रोशन किया है। विदित हो कि रोमा सिंह इससे पूर्व भी कई बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में देश व प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है। रोमा सिंह के इस बेहतरीन अद्वितीय प्रदर्शन से उनके पारिवारिक जनों में खुशी का माहौल है। वहीं उनके परिवारी जनों को बधाई देने के लिए क्षेत्रीय लोगों का ताता लगा हुआ है।

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छ: दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

f X ▶ पर हमें फॉलो करें

## सोने में उछाल जारी

वैश्विक अनिश्चितता के चलते सोने की कीमत में तेजी से उछाल देखा जा रहा है। मंगलवार को विश्वस्तर पर सोने की कीमत उछलयू कर करीब 4,000 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। लिहाजा भारत में भी इसका खासा असर पड़ना लाजिमी था। नतीजा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित यूपी की राजधानी लखनऊ के सर्राफा बाजार में जबरदस्त उछाल देखा गया। 8 अक्टूबर बुधवार को लखनऊ में सोने की कीमत 2,010/ रुपये प्रति 10 ग्राम उछलकर 1,24,080/रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड अपने उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसी तरह 9 अक्टूबर की देर शाम तक 220/रुपये की बढ़ोतरी के साथ सोने का भाव बढ़कर 1,24,300/प्रति 10ग्राम हो गया, हालांकि कि 10 अक्टूबर को करवा चौथ होने की वजह से ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बिकवाली में मामूली गिरावट हुई, किन्तु इसका बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा। जबकि 11 अक्टूबर की देर शाम तक सोने के भाव अपने रूआब पर दोबारा चढ़ता दिखाई दिया और खबर लिखने तक सोने की रेट रुपये 1,24,410/ प्रति 10ग्राम पर पहुंच गया। इस प्रकार सोना हर दिन एक नए रेकॉर्ड बना रहे हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन बताते हैं कि जिन परिवारों में शादियां हैं, वे और बढ़ोतरी के डर से किसी भी कीमत पर गहने खरीद रहे हैं। इसके अलावा सोना-चांदी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि इस साल का धनतेरस सबसे अच्छा सीजन साबित होगा। लोग आने वाले त्योहारों में कीमतों में और वृद्धि की आशंका के चलते पहले से ही प्री-बुकिंग करा रहे हैं। उन्हें डर है कि सोने की कीमत आगे और बढ़ सकती है। सोशल मीडिया पर दिसंबर 2025 के अंत तक सोने की कीमत बढ़ाचढ़ा कर करीब ढाई लाख प्रति 10ग्राम को पार कर जाने की भ्रामक खबरें फैलाकर आग में घी डालते दिखा। श्री जैन कहते हैं कि अगर मांग का यह रुझान यूं ही जारी रहा, तो उन्हें बाजार में सोने की सप्लाई में कमी की काफी उम्मीद है, हालांकि अभी सप्लाई स्थिर है। मगर देश में लोगों के गोल्ड निवेश का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। जिसके चलते गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज) और गोल्ड लोन में भारी वृद्धि हुई है। शहरी निवेशक गोल्ड ईटीएफ में पैसा लगा रहे हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड निवेश है, जबकि गोल्ड लोन की मांग भी 30-40न सीएजीआर से बढ़ रही है। लोग सोने में निवेश को एक ढाल के रूप में देख रहे हैं। गोल्ड लोन की क्रेडिट हिस्ट्री की जरूरत न होने और कम ब्याज दर के कारण लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे सोना में निवेश की प्रथा बढ़ रही है। शहरी निवेशक गोल्ड ईटीएफ में बड़ी संख्या में निवेश कर रहे हैं, जिससे कुल निवेश रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया है। सनद रहे सोने ने पिछले कुछ सालों में 200न तक का रिटर्न दिया है, जो शेयर बाजार के बड़े इंडेक्स से भी बेहतर है। इसमें गोल्ड ईटीएफ एक सुरक्षित तरीका है, जिसमें आप भौतिक सोने में निवेश किए बिना सोने में निवेश कर सकते हैं। वहीं अगर आपके पास सोना है और आप तत्काल धन की आवश्यकता पूरी करना चाहते हैं तो गोल्ड लोन एक अच्छा विकल्प भी है। निवेश का लोकप्रिय तरीका सोने के सिक्के और बार खरीदना है, इसकी भी मांग तेजी से बढ़ रही है, हालांकि सोने को पारंपरिक रूप से आभूषणों के रूप में भी निवेश किया जाता है, खासकर शादी-ब्याह और त्योहारों के दौरान इनकी मांग बढ़ जाती है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध और अलौकिक अनुभव

**विष्णु कांत चतुर्वेदी**

भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। हम सब ने बहुत कुछ जाने-अनजाने में इस संस्था के कार्य और उनकी संरचना के बारे में सुना है या फिर स्वयं भी किसी न किसी रूप में अनुभव किया है। मेरा भी इस संगठन से जुडाव कुछ इसी प्रकार हुआ। मैं 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ। तब तक, मैंने इस संगठन के बारे में केवल अखबारों में, पत्रिकाओं में या फिर कभी किसी राजनीतिक चर्चाओं में सुना था। मैं अब यह कह सकता हूं कि एक ऐसा संगठन जिसने अपने आप को केवल मानवता और राष्ट्र को समर्पित कर दिया, मैं स्वयं सेना की नौकरी में कार्यान्वित होने के कारण इस संगठन के उत्कृष्ट कार्यो से अनभिज्ञ रहा। ऐसा भी नहीं, कि मैंने अपने सेना के सेवाकाल में, इस संगठन के कार्यो का अनुभव नहीं किया, लेकिन कभी ध्यान ही नहीं दिया कि, यह निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता है।

सेवानिवृत्त के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मर्यादा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था। धीरे-धीरे, मै बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया।

व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैंने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। संकल्प से सिद्धि किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है। मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना



**व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। संकल्प से सिद्धि किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है। मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है।**

एक दैवीय संयोग है । भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है।

अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुठ्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च्च समर्पित कर के एक भारत श्रेष्ठ भारत के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की। असंख्य कठिनाइयों, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोध और बहुत ही न्यूनतम साधनों के साथ के बावजूद लगन, ये भारत के वीर अपनी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ समर्पण भाव से केवल राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ लगे रहे। भारत को और भारतीयता को बचाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अकल्पनीय है, अनुकरणीय है।

आज जब यह बटवृक्ष बहुत विशाल रुप धारण कर चुका है तो मुझे लगता है कि यह उन महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग तपस्या और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। मैं स्वयं भी एक सैनिक हूं,और निस्वार्थ सेवा, सेवा परमोधर्म, त्याग, बलिदान के अर्थ भली-भांति समझता हूं, लेकिन जो राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रदर्शित करते हैं उसके लिए शायद कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह एक उत्कृष्ट, अद्वितीय और अनुकरणीय मूल्य हैं जिनको हम शब्दों में नहीं बांध पायेंगे, केवल इसका अनुभव ही कर पायेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार आज राष्ट्र के हर आवश्यक क्षेत्र, जैसे कि आदिवासी और जन जातीय उत्थान,महिला सशक्तिकरण, जनसंख्या असुंतलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, विज्ञान और तकनीकी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, कृषि क्षेत्र में सुधार, प्रचार के विश्वसनीय माध्यम, विमर्श निर्माण, शिक्षा पद्धति का भारतीयकरण, क्रीडा विकास, नागरिक कर्तव्य, नक्सली गतिविधियां पर नियंत्रण पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, व्यक्ति/चरित्र निर्माण, भारतीय विरासत/परंपराओं की रक्षा, पारंपरिक भाषाओं का उत्थान, भारतीय खान-पान में गर्व, राष्ट्रीय तीज त्योहारों को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना, आधार भूत संरचना का विकास, न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण, प्रशासनिक सुधार, रोजगार के अवसर, स्वाबलंबन, पर्यावरण, आत्मनिर्भरता, इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत ही गुणात्मक रूप से हो चुका है। बहुत ही उत्कृष्ट और अकल्पनीय कार्य हो रहा है ।

भविष्य के लिए भी बिल्कुल स्पष्ट प्रतिमान स्थापित किये जा चुके हैं और उनको प्राप्त करने के लिए पूरी गति से कार्य चल रहा है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण दृष्टिकोण की तरफ में आप सब का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस संगठन में जब आप पूरी तरह से रम जाते हैं तो आप को स्वयं यह अनुभव होता है कि आप राष्ट्र के सबसे शिक्षित, अनुभवी और त्यागी महापुरुषों के बीच में है। सभी पढ़े-लिखे हैं, अनुभवी है और यह सब अनुभव केवल पुस्तकों से न होकर, जमीन पर जाने से, लोगों से मिलकर, स्वयं अनुभव करके और कुछ प्रतिष्ठित और ज्ञानी लोगों से चर्चा करके प्राप्त हुआ है। जब भी आप कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हैं तो आपको एक बहुत ही रोचक अनुभूति होती है।

## विचार

# शाह की चिंता, भारत का भारत बने रहना और घटती हिन्दू जनसंख्या

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सोरत केवल भौगोलिक या राजनीतिक रूप से एक राष्ट्र नहीं है, यह एक सभ्यता और संस्कृति है, जिसकी पहचान हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति में निहित है। भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' केवल व्यक्तिगत या धार्मिक कल्याण का संदेश नहीं है, यह राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर शांति और समरसता की भावना को भी दर्शाता है। वेदों और उपनिषदों में उल्लिखित 'द्यौः शान्तिः, अन्तरिक्ष शान्तिः' जैसे मंत्र इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय सभ्यता हमेशा विश्व कल्याण और मानव कल्याण को प्राथमिकता देती रही है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक संबोधन में अवैध घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1951 से 2011 तक हिंदू आबादी का प्रतिशत 84.1न से घटकर 79न हो गया, जबकि मुस्लिम आबादी का प्रतिशत 9.8न से बढ़कर 14.2न तक पहुंच गया ( केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आधिकारिक ङ्ग हैंडल)। 2001-2011 की अवधि में हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 16.8न थी, जबकि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 24.6न थी (जनगणना 2011, भारत सरकार, मंत्रालय आबादी एवं सामाजिक



कल्याण)। अमित शाह ने इन आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए इसे अवैध घुसपैठ और वोट बैंक राजनीति से जोड़कर समझाया। वस्तुतः यहां शाह का कहना है कि अवैध घुसपैठ केवल सीमाओं का सवाल नहीं है। राजनीतिक दलों द्वारा घुसपैठियों को आश्रय देने की नीति ने जनसंख्या संतुलन को प्रभावित किया है। यदि घुसपैठ पर रोक नहीं लगी तो देश 'धर्मशाला' बन जाएगा, जो कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अखंडता के लिए गंभीर खतरा है। अब बात यहां इसमें हिन्?दू सभ्?यता और संस्?कृति की है, जिसके कारण से भारत की मूल पहचान उसके होने से है। ये सच तो स्?वीकारना ही होगा कि हिंदू संस्कृति सिर्फ धार्मिक पहचान नहीं है, यह समाज में नैतिक और आध्यात्मिक दिशा भी प्रदान करती है। ऋषियों द्वारा गाए गए 'विश्व तक्षु' और 'सर्वे भवन्तु सुखिन~' जैसे मंत्र समाज के हर व्यक्ति को यह सिखाते हैं कि अन्य लोगों के सुख और शांति में ही अपना सुख और शांति निहित है इसलिए, जब हिंदू जनसंख्या घटती है, तो यह केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय और सांस्कृतिक दृष्टि से भी कमजोर होता हुआ दिखता है।

अमित शाह जब ये कहते हैं कि शरणार्थियों और घुसपैठियों में अंतर है। धार्मिक प्रताड़ना से बचने वाले लोग शरणार्थी हैं और उनका स्वागत भारत हमेशा करेगा, विशेषकर पड़ोसी देशों के प्रताड़ित हिंदुओं का, इसके विपरीत, आर्थिक कारणों से अवैध रूप से आने वाले लोग घुसपैठिये हैं, जिन पर सख्ती से अंकुश लगेगा, तब यह समझलीजिए कि शाह यह पूरी तरह से स्?पष्?ट कर देना चाहते हैं कि भले ही भारत का विभाजन धर्म के आधार पर इस्लामवादियों की जिद के चलते हुआ हो, किंतु अखण्ड भारत (1947 पूर्व) के क्षेत्र में यदि कहीं भी हिन्दू जीवन जी रहे व्यत को दिक्कत

**अमित शाह जब ये कहते हैं कि शरणार्थियों और घुसपैठियों में अंतर है। धार्मिक प्रताड़ना से बचने वाले लोग शरणार्थी हैं और उनका स्वागत भारत हमेशा करेगा, विशेषकर पड़ोसी देशों के प्रताड़ित हिंदुओं का, इसके विपरीत, आर्थिक कारणों से अवैध रूप से आने वाले लोग घुसपैठिये हैं, जिन पर सख्ती से अंकुश लगेगा, तब यह समझलीजिए कि शाह यह पूरी तरह से स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि भले ही भारत का विभाजन धर्म के आधार पर इस्लामवादियों की जिद के चलते हुआ हो, किंतु अखण्ड भारत (1947 पूर्व) के क्षेत्र में यदि कहीं भी हिन्दू जीवन जी रहे व्यत को दिक्कत आएगी तो उसका मूल संरक्षण क्षेत्र भारत ही हो सकता है।**

आएगी तो उसका मूल संरक्षण क्षेत्र भारत ही हो सकता है, ऐसे में उसकी चिंता करना भारत का मूल कर्तव्य है, क्योंकि जो विभाजन हुआ वह उसकी मंशा नहीं थी, ऐसे में उसे इसकी सजा मिले, यह उचित नहीं हो सकता। पर जिन्होंने मजहब को आधार बनाकर भारत को टुकड़ों में बांटा है, वास्तव में उनके लिए शेष भारत अपने दरवाजे खुले नहीं छोड़ सकता। देखा जाए तो यह नीति न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि सांस्कृतिक अखंडता और हिंदू संस्?कृति की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य है। क?योंकि जनसंख्या असंतुलन का महत्व केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह समाज में संरचना और सांस्कृतिक पहचान को प्रभावित करता है। अमित शाह ने उदाहरण के रूप में झारखंड में जनजातीय आबादी की गिरावट को बांग्लादेश से घुसपैठ से जोड़ा है, इसलिए ही उन्होंने हाई-पावर्ड डेमोग्राफिक मिशन की घोषणा की है ताकि अवैध प्रवासन के व्यापक अध्ययन और नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। अमित शाह की चिंता का केंद्र केवल राजनीतिक नहीं है; यह सांस्कृतिक अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। हिंदू संस्कृति की मूल विशेषता है अहिंसा, सहिष्णुता और सार्वभौमिक कल्याण की भावना। इसके मंत्र 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'सर्वे सन्तु निरामयाः' सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय समरसता का भी मार्गदर्शन करते हैं। इस संस्कृति के संरक्षण के बिना भारत की असली पहचान खतरे में पड़ती है। अमित शाह ने स्पष्ट किया कि राजनीतिक दलों द्वारा अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने की नीति से जनसंख्या संतुलन बिगड़ता है और यह देश की सांस्कृतिक पहचान पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

# शिक्षा, भाषा व संस्कृति देश की समृद्धि का पैमाना

**संजीव ठाकुर**

शिक्षा सदैव समाज, संस्कृति और सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील और प्रगतिशील रही है। यह न केवल व्यक्तिगत उन्नति का माध्यम है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला भी है। शिक्षा, ज्ञान, कला, साहित्य और संस्कृति को देश-विदेश की सीमाओं में बांधना संभव नहीं है। यह असीमित भंडार है, जिसमें आकाशीय ऊँचाइयाँ भी शामिल हैं। न केवल इसकी गहराई को नापा जा सकता है, न ही इसकी ऊँचाई को देखा जा सकता है।

शिक्षा और ज्ञान की यह विशालता मानव जीवन में अनंत संभावनाओं के द्वार खोलती है। पूर्वी सभ्यता, विशेषकर भारतीय परंपरा, जहाँ अध्यात्म, वेद, पुराण और योग पर आधारित है, वहाँ पश्चिमी सभ्यता विज्ञान, तकनीकी नवाचार और अनछुई रहस्यमय खोजों पर आधारित है। इन दोनों सभ्यताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मानव जीवन को बदलने वाले अनमोल योगदान दिए हैं। उदाहरण स्वरूप, पश्चिमी विज्ञान ने मानव को चंद्रमा पर पहुँचने का अवसर दिया और आधुनिक तकनीक जैसे हवाई जहाज, इंजन, रेडियो और डिजिटल तकनीक से जीवन को सरल और उन्नत बनाया। वहीं, भारतीय ज्ञान और दर्शन ने योग, आयुर्वेद, ध्यान और जीवन मूल्यों के माध्यम से मानव जीवन में शांति, संतुलन और आत्मसाक्षात्कार की दिशा प्रदान की। इस प्रकार शिक्षा, भाषा और ज्ञान ने पूर्व और पश्चिम के बीच समन्वय स्थापित किया। पश्चिम ने भारतीय दर्शन, आयुर्वेद और योग को अपनाकर अपनी जीवनशैली में संतुलन पाया, और भारत ने पश्चिम के विज्ञान और तकनीकी ज्ञान को अपनाकर विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ। शिक्षा और भाषा सदैव अज्ञानता के तमस में प्रकाश की तरह कार्य करती रही है। यह नवजीवन की विकास धारा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और समाज में सतत प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। भारतीय संस्कृति और दर्शन में जैन, बौद्ध, नव्य वेदांत और आधुनिक चिंतन ने समाज में नवयुग की कल्पना को साकार किया। वहीं पश्चिम के दार्शनिक और चिंतक जैसे प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स और लेनिन ने सामाजिक और राजनीतिक विकास के सिद्धांत प्रतिपादित किए, जिन्हें पूरी दुनिया ने अपनाया। इस प्रकार, दोनों सभ्यताओं में ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान निरंतर जारी रहा। भारतीय समाज में हमेशा सुधार और नवीन युक्तियों को अपनाने की क्षमता रही है। स्वतंत्रता पूर्व और स्वतंत्रता पश्चात राजनीति और समाज में हुए परिवर्तन इसका सजीव उदाहरण हैं।

उदाहरण के लिए, गांधीजी ने सत्याग्रह और अहिंसा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को साकार किया, जबकि जवाहरलाल नेहरू ने विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आधुनिक भारत की नींव रखी। सुभाष चंद्र बोस और बाल गंगाधर तिलक ने स्वतंत्रता संग्राम में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। इन सबके प्रयासों ने भारत को विश्व पटल पर एक नया स्वरूप और पहचान दी। पाश्चात्य ज्ञान ने हमें अपने आडंबर, अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर विजय पाने में मदद की। उदाहरण के लिए, वास्तु, जन्मकुंडली और अंधविश्वास से जुड़े कई प्रचलित विश्वासों को आधुनिक विज्ञान और शिक्षा के माध्यम से समाज से दूर किया जा सका। यह स्पष्ट करता है कि शिक्षा और ज्ञान समाज में समग्र सुधार और नवप्रवर्तन के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। हमारे दैनिक जीवन में भी शिक्षा, भाषा और ज्ञान हमें यह एहसास कराते हैं कि हम अभी भी कितने पीछे हैं और कितनी दूर तक सीखने की आवश्यकता है। ज्ञान का कोई अंतिम स्रोत नहीं होताय यह एक ऐसा समृद्ध भंडार है, जिसमें जितना भी सीखना संभव है, वह निरंतर बढ़ता रहता है। अतः हमें सदैव प्रयासरत रहना चाहिए कि हम पल-पल कुछ नया सीखेंकृहर व्यक्ति, हर समाज, और हर सभ्यता से। शिक्षा, भाषा और ज्ञान ही हमें समृद्ध, विकसित और परिवर्तनशील बनाते हैं। परिवर्तनशील जीवन ही नई ऊर्जा, आशा और विकास की नींव रखता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो हर मानव, हर समाज और हर राष्ट्र के लिए सीखने, अपनाने और नवाचार करने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती।



## राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कायरे की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# बिहार का चुनावी चक्रव्यूह, कौन उभरेगा चाणक्य बनकर

**पूनम आई. कौशिश**

बिहार विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इन चुनावों में राज्य के 7.4 करोड़ मतदाता यह निर्णय करेंगे कि 243 विधायकों में से 14 नवम्बर को राज्य के राजसिंहासन पर कौन बैठेगा। जहां भाजपा नीत राजग जद (यू) के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुनरू सत्ता में आने के लिए चुनाव लड़ रहा है, तो राजद-कांग्रेस का महागठबंधन सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ताच्युत करने का प्रयास कर रहा है। क्या प्रशान्त किशोर की नई जन सुराज पार्टी रंग में भंग डालने का कार्य करेगी? जद (यू) के एक वरिष्ठ नेता ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि विकास के लिए वोट कम से कम बिहार में कुछ भी नहीं है।

कल तक यह माना जा रहा था कि 74 वर्षीय नीतीश कुमार 5वीं बार मुख्यमंत्री का पद संभालेंगे, किंतु आज लगता है उन्हें अपनी सत्ता बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और भाग्य उनके साथ रहा तो वह शायद अपनी सत्ता बचाने में सफल रहेंगे। दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद अब उनमें आरंभिक वर्षों की ताजगी नहीं दिखाई

**नीतीश इन मुद्दों का लाभ पहले ही चार चुनावों में उठा चुके हैं। राज्य में अनुसूचित जातियों और पिछड़ी जातियों में असंतोष है और उन्हें लगता है कि उन्हें पर्याप्त शक्तियां नहीं दी गईं। राज्य में बदलाव की मांग हो रही है और कुछ लोग यह मानते हैं कि नीतीश अब निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। किंतु अभी सब कुछ समाप्त नहीं हुआ। राज्य में अभी भी उनका कोई विकल्प नहीं है। नीतीश के साथ जो लोग इस समय दिखाई दे रहे हैं उनमें अधिकतर उच्च जाति के लोग हैं जिनकी निष्ठा मोदी के साथ है। यह सच है कि भाजपा को आशा है कि वह इस रिक्ति को भरेगी किंतु राह इतनी आसान नहीं है।**

देती। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। पार्टी में दूसरी पंक्ति के नेता नहीं हैं। राज्य में 'जेन नैक्स्ट' एक नई कहानी लिखने के लिए तैयार है। राज्य के मतदाता यह भूल गए हैं कि जद (यू) ने राज्य में कानून-व्यवस्था स्थापित की, अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, महिलाओं और महा दलितों को अधिकार सम्पन्न बनाया, सड़कों का निर्माण किया, ग्रामीण क्षेत्रों में निरूशुल्क बिजली और पेयजल उपलब्ध कराया, रोजगार के अवसरों का वायदा किया।

नीतीश इन मुद्दों का लाभ पहले ही चार चुनावों में उठा चुके हैं। राज्य में अनुसूचित जातियों और पिछड़ी जातियों में असंतोष है और उन्हें लगता है कि उन्हें पर्याप्त शक्तियां नहीं दी गई। राज्य में बदलाव की मांग हो रही है और कुछ लोग यह मानते हैं कि नीतीश अब निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। किंतु अभी सब कुछ समाप्त नहीं हुआ। राज्य में अभी भी उनका कोई विकल्प नहीं है। नीतीश के साथ जो लोग इस समय दिखाई दे रहे हैं उनमें अधिकतर उच्च जाति के लोग हैं जिनकी निष्ठा मोदी के साथ है। यह सच है कि भाजपा को आशा है कि वह इस रिक्ति को भरेगी किंतु राह इतनी आसान नहीं है। यह राज्य में मुख्यतः उच्च जातियों की पार्टी बनी हुई है और पार्टी 10 प्रतिशत मतों पर निर्भर है। विडम्बना देखिए कि कांग्रेस की हाईकमान की संस्कृति अब भाजपा में भी आने लगी है जो सत्ता और सत्ता के लाभों की अभ्यस्त हो गई है। इसके अलावा अनेक दल-बदलुओं को पार्टी में शामिल करने से लगता है पार्टी का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और हिन्दुत्व का मुद्दा भी समस्याएं पैदा कर रहा है। पसमांदा सहित मुस्लिम लोग पार्टी से दूर हो रहे हैं, जबकि भाजपा का सहयोगी बने रहने के बावजूद नीतीश उनका विश्वास जीतने में सफल हुए। चुनावी पंडितों का कहना है कि जद (यू) मुख्यमंत्री की रेटिंग 35 से 40 प्रतिशत है और भगवा ब्रिगेड के लिए यह उचित समय है कि वह आगे बढ़े और अपना भविष्य तलाशे।

लगभग 30 वर्षों पहले, जब मंडल राजनीति में छाया हुआ था, तो भाजपा ने मंडल इको सिस्टम में वैधता प्राप्त करने के लिए नीतीश का उपयोग किया किंतु मोदी और शाह महसूस करते हैं कि हिन्दुत्व बिग्रेड के लिए उनकी उपयोगिता नहीं रह गई और इसीलिए भाजपा लोजपा के चिराग पासवान की पिछलग्गू बनी हुई है और उनका उपयोग जद (यू) नेताओं को निशाना बनाने के लिए करती है। निरूसंदेह भाजपा निरंतर कह रही है कि नीतीश राजग की मुख्यमंत्री की पसंद हैं, किंतु प्रधानमंत्री मोदी चौंकाने वाले कारनामे करते रहते हैं और इसीलिए शायद नीतीश कुछ घबराए हुए हैं और रैलियों में अपना धैर्य खो रहे हैं। तेजस्वी द्वारा उठाए गए मुद्दे बहस का एजेंडा तय कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने अपने पिता लालू से कुछ राजनीतिक युक्तियां भी सीखी हैं और नीतीश का मुकाबला कर रहे हैं। कांग्रेस बिहार में कुछ जनाधार प्राप्त करने की प्रतिष्ठा के लिए लड़ रही है। महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर टकराव अलग स्तर तक पहुंच गया है। पार्टी 2020 के फार्मूले के विरुद्ध अपना रुख कड़ा कर रही है, जिसके चलते कांग्रेस को 70 सीटें मिली थीं, किंतु वह केवल 19 सीटें जीत पाई थी, जिसमें से भी 2 विधायकों ने दल-बदल कर दिया था। लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान लगता है अपने दम पर आगे बढ़ रहे हैं और दलित, जिनकी संख्या राज्य में 17 प्रतिशत से अधिक है, उनके आधार पर विपक्ष को पराजित करने का प्रयास कर रहे हैं और वे राज्य में एक गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। तथापि राज्य में मूल मुद्दा जातिवादी राजनीति है जिसके आधार पर पार्टियां मतदाताओं की पसंद के अनुसार कार्य कराएंगी। निरूसंदेह बिहार चुनाव राष्ट्रीय स्तर पर भी बदलाव ला सकता है। देश की आधी से अधिक जनसंख्या 18 से 35 आयु वर्ग की है और एक युवा लोकतंत्र में उनकी आकांक्षाएं बढ़ी हैं। अब वे पुरानी बातों से प्रभावित नहीं होते।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# आज दो पालियों में संपन्न होगी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



दो पालियों में लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा नगर के तीन विद्यालयों में प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराई जाएगी जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी ने करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्यो को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए तीसरी आंख की देखरेख में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने साफ सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा रविवार की दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी घनश्याम मीणा व उप जिलाधिकारी करनवीर सिंह ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए तीसरी आंख के देखरेख में नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने पर जोर दिया।ज्ञात हो कि नगर क्षेत्र के लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा के तीन केंद्र बनाए गए हैं जिसमें 1440 छात्र प्रारंभिक परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने भाग्य का फैसला करेंगे कस्बे के रहमानिया इंटर कॉलेज में 480 छात्र छात्राएं, नेशनल इंटर कॉलेज में 480 व गांधी इंटर कॉलेज में 480 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होकर अपने भाग्य का फैसला करेंगे रहमानिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रजिया सुल्तान ने बताया कि हमारे यहां 480 छात्र-छात्राओं का केंद्र बनाया गया जिसका निरीक्षण जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी करते हुए नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराए जाने के आवश्यक निर्देश जारी किए। वहीं उप जिलाअधिकारी करणवीर सिंह ने बताया कि पीसीएस प्री परीक्षा को देखते हुए सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर नकल विहीन परीक्षा व सुरक्षा के साथ परीक्षा संपन्न कराए जाने के आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# इफ्को के एस एफ ए संदीप कुमार ने किसान सभा का किया आयोजन

- कृषि परियोजनाओं का हुआ लाइव प्रसारण

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



शनिवार के दिन कस्बे के क्रय विक्रय सहकारी समिति मौदहा में इफ़को के स्फ्र संदीप कुमार मिश्रा ने किसान सभा का आयोजन किया। सरकार की पहल पर अन्नदाताओं के सम्मान ,समृद्ध राष्ट्र का निर्माण के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसान भाई बहनों को 42000 करोड़ रुपये की कृषि परियोजनाओं का उपहार प्रदान किया जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम किसान सेवा केंद्र पर सुनाया गया है। जिससे किसानों के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली और खुशी जाहिर किया इस कार्यक्रम में 35 से 40किसानो ने प्रतिभाग किया है कार्यक्रम में आए हुए किसानो को सचिव बालकृष्ण सिंह एवं केंद्र प्रभारी अतुल कुमार के द्वारा इफको कंपनी की तरल उर्वरक नैनो यूरिया डीएपी के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई आगामी रबी की फ़सल में बोयी जाने वाली फ़सलो पर नैनो डीएपी से बीजों उपचार करके बोवाई करने पर किसानों को बताया ! तरल उर्वरकों के प्रयोग से किसानों के आर्थिक बोझ भी कम पड़ेगा और जमीन के खराब होने से बचाया जा सकता है इसलिए किसान भाई अधिक रासायनिक उर्वरक की अपेक्षा तरल उर्वरक का प्रयोग कर सकते हैं।

# स्टेशन में गंदगी एवं टूटे टाइल्स देखकर डीआरएम ने लगाई फटकार, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिये निर्देश

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।



शनिवार को निरीक्षण में आए मंडल रेल प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे झांसी ने स्टेशन पर अव्यवस्थाओं को देखकर अधीनस्थों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तीन दिवस में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की निर्देश दिए। डीआरएम के कड़े रुख को देखकर रेलवे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनिरुद्ध कुमार ने दोपहर में रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

रेलवे स्टेशन परिसर में गंदगी एवं प्लेटफार्म की टूटी फूटी एवं उखड़ी हुई टाइल्स देखकर उन्होंने सहायक स्टेशन मास्टर उल्लास श्रीवास्तव, रेल पथ निरीक्षक हरिशंकर साहू सहित जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने तीन दिवस में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि बांदा मार्ग के गेट संख्या 31 में ओवर ब्रिज बनाने के लिए डीपीआर बनाकर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। स्टेशन में बुजुर्गों को चढ़ने उतरने के लिए रैंप वाला पुल बनाने का टेंडर स्वीकृत हो गया है। बताया कि वह रेलवे में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करने के लिए आए हुए थे। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में व्यापारियों ने आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ने सुबह 10:00 बजे मानिकपुर से कानपुर तक मेमू ट्रेन चलाने, बेतवा एक्सप्रेस को सप्ताह में चार दिन चलने, गुजरने वाली सभी यात्री ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने तथा मानिकपुर जंक्शन से कानपुर होकर दिल्ली तक प्रस्तावित बंदे भारत ट्रेन का संचालन अति शीघ्र कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष के साथ अनुज शिवहरे, श्यामलाल गुप्ता, रामजी मिश्रा, धीरू यादव, गुड्डू गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह आदि शामिल रहे। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने गेट संख्या 32 को खोलने व अंडर ब्रिज में भरे पानी निकालने,वार्ड नंबर चौदह में रेलवे किनारे नाला बनाने की मांग की। इसके बाद वह यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हो गए। डीआरएम का कड़ा रुख देखकर रेलवे कर्मियों में हड़कंप मचा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (ईस्ट) आयुष श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर रश्मि गौतम आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### थाना दिवस में फरियादी ने दर्ज कराई पांच शिकायतें, निस्तारण शुन्य



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता इंचार्ज कोतवाली प्रभारी क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रशेखर ने किया। थाना दिवस में मात्र पांच शिकायतें आई वहीं मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका लोगों का विश्वास अब थाना दिवस से भी उठता जा रहा है। फरियादी अब थाना दिवस भी किनारा करते नजर आ रहे हैं। राजस्व से संबंधित फरियादियों ने पांच शिकायतें दर्ज करवाई। एक भी शिकायत निस्तारण मौके में होने से फरियादियों के चेहरे में मायूसी छाई रही शिकायतो के निस्तारण करने के शीघ्र निर्देश दिया थाना दिवस के अवसर पर राजस्व कर्मी सहित ग्राम प्रधान नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पीड़िता का आरोप है कि हलका इंचार्ज रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय समझौते का दबाव बना रही है थानाक्षेत्र की एक विवाहिता का आरोप है कि वह घर में अकेले बच्ची के साथ सो रही थी। शुक्रवार को तड़के 4ः00 बजे पड़ोसी युवक घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता ने युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है। उसका आरोप है कि हलका इंचार्ज रिपोर्ट दर्ज करने की बजाय समझौता का दबाव बना रही है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। महिला के पति को जानकारी हो गई है। उसने तलाक की धमकी दी है। इससे भयभीत होकर महिला ने युवक के खिलाफ तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### बहुराष्ट्रीय कंपनी की विवाहिता कर्मी पुरुष मित्र संग होटल से गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीतीरात कस्बे में संचालित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की विवाहिता वर्कर कंपनी में साथ कार्य करने वाले पुरुष मित्र के साथ नगदी, जेवर लेकर गायब हो गई रात में परिजनों ने उसे कस्बे के एक होटल से दबोचकर पुलिस के सुपुर्द किया है। महिला कर्मी की मां ने पुत्री को भगाने की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कस्बे की उद्योग नगरी में संचालित एक बहुराष्ट्रीय में मौदहा कस्बे का एक युवक कार्य करता है यही पर कस्बे की एक विवाहिता भी कर्मी है। बीती रात यह घर पर मां के ऑपरेशन के लिए रखे 70 हजार नगद एवं जेवरात लेकर गायब हो गई। इसकी सूचना मां ने पुलिस को दी और रात में ही खोजबीन में जुट गई। अर्धरात्रि के बाद परिजनों ने पुलिस की मदद से कस्बे के बस स्टॉप के समीप एक होटल से दबोच लिया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि महिला को पुरुष मित्र के साथ रात में एक होटल से पकड़कर थाने लाया गया है दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### पत्नी के मायके से न आने पर पति ने लगाई फांसी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** ससुर को पत्नी को मायके ले जाने के चलते पति ने फांसी लगा ली जिससे पति की मौत हो गई और पुलिस शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला गिरवा थाना क्षेत्र के खुराहंड चौकी का है जहां पर खुराहंड गांव निवासी श्री केशन के 34 वर्षीय पुत्र बसंतलाल द्वारा शुक्रवार की रात्रि अपने कच्चे मकान में करी में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के बड़े भाई राकेश ने बताया कि मृतक पंजाब में मजदूरी करके अपने परिवार का भरन पोषण करता था लेकिन 6 तारीख को मृतक के ससुर द्वारा मृतक की पत्नी को अपने साथ पंजाब के गया था क्योंकि मृतक आए दिन पत्नी झगड़ा करता रहता था जिसके चलते पत्नी अपने पिता के साथ पंजाब चली गई जिसके चलते मृतक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी और जब सुबह मृतक का छोटा भाई कमरे गया तो मृतक फांसी में झूल रहा था तभी उस इसकी सूचना थाने में दी और खुराहंड चौकी प्रभारी मौक पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया।

### पिता की डाट से नाराज युवक ने फंदा लगा की खुदकुशी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** नशे में उत्पात मचा रहे युवक को पिता ने डाट दिया। इससे नाराज युवक ने कमरे के अंदर रस्सी से फंदा लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के खाई पार मोहल्ला निवासी 26वर्षीय करन उर्फ अर्जुन प्रजापति पुत्र मोहन प्रजापति के घर पर उसकी बहन बहनोई करवा चौथ का त्यौहार मनाने आए थे। शुक्रवार की रात करन शराब के नशे में धुंत होकर घर पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। बहन ने विरोध किया तो उससे झगड़ा करने लगा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पिता ने करन को डाट दिया। इससे नाराज होकर करन कमरे के अंदर घुस गया।उसने रस्सी से पंखा के हुक पर फंदा लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनो को कुछ आशंका हुई। पिता ने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। दरवाजा खोल कर परिजन अंदर पहुंचे। देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता ने बताया कि वह लाइट डेकोरेशन का काम करता था। नशे का आदी था। नशे में उत्पात मचा रहा था। डाटने पर उसने यह घटना अंजाम दिया। चार साल पहले उसके बड़े पुत्र देशराज की ट्रेन से कट कर मौत हो गई था। ढाई माह पहले करन की मां लक्ष्मी देवी की बीमारी से मौत हो गई थी।

### दिल का दौरा पड़ने से कानूनगो की मौत

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** दिल का दौरा पड़ने से कानून गो की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के कैरी गांव निवासी 56वर्षीय नंदकिशोर पुत्र राजाराम चित्रकूट जिले के राजापुर तहसील में काननू गो था। वह शुक्रवार को करवा चौथ की छुटटी लेकर घर आया था। शुक्रवार की सुबह बाथरूम जा रहा था। तभी अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। वह चक्कर खा कर गिर पड़ा। घरवालो ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। परिजन शव लेकर गांव आ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे अनिल पटेल ने बताया कि नंदकिशोर अपने पीछे पत्नी माया के अलावा तीन बेटे छोड गया है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** बाइक से घर जा रहे मैकेनिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के जमरेही गांव निवासी 28वर्षीय प्रदीप पुत्र सदलू राम शहर के बाबा तालाब मोहल्ला स्थित गैरेज में कार मरम्मत का काम करता था। वह शुक्रवार की रात काम निपटाने के बाद बाइक से घर जा रहा था। तभी बहोरवा पुरवा के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले मोबाइल नबंर पर घरवालो को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। मृतक के साले कृष्णा प्रजापति ने बताया कि प्रदीप कार का मिस्त्री था। वह अपने पीछे पत्नी गायत्री के अलावा एक बेटी छोड़ गया है।

# साइबर अपराध से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।



अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी साइबर सुरक्षा) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स में साइबर अपराध की रोकथाम एवं प्रभावी विवेचना के लिए एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में पुलिस मुख्यालय से नियुक्त साइबर कमांडो उत्तम सिंह ने साइबर अपराध से संबंधित नवीनतम तकनीकी विधियों, जांच की प्रक्रियाओं एवं डिजिटल साक्ष्य संकलन के आधुनिक तरीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में साइबर थाना कर्मी तथा जनपद के समस्त थानों के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध द्वारा उपस्थित सभी कर्मियों को थाना स्तर पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के समुचित पंजीकरण, त्वरित निस्तारण एवं अद्यतन अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना सहित अन्य अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और सुदृढ़ करना है।

# निःशुल्क मिनी बीज किट पाकर खिले किसानों के चेहरे

- पीएम धन धान्य कृषि योजना व आत्मनिर्भर दलहन मिशन का सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।




डा0 ए0पी0 जे0 अब्दुल कलाम सभागार में सदर विधायक डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति जिलाधिकारी , नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद की गरिमामयी उपस्थिती में प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और आत्मनिर्भर दलहन मिशन का शुभारम्भ का सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधायक द्वारा कार्यकम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुये अपने सम्बोधन में उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढावा देते हुये प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर प्रकाश डाला साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि जनपद को प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में चयनित किया गया है, जिसमें कृषि और उससे जुड़े सभी विभाग मिलकर किसानो के हित में सभी योजनाओं का आपसी तालमेल स्थापित कर कियान्वयन करेगें, जिससे जनपद के किसानों का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक द्वारा योजनाओं की जनाकारी देने के साथ साथ किसानों को धान की पराली / फसल अवशेष खेत में न जलाने की अपील की, उन्होंनें ने बताया कि पराली जलाना राष्ट्रीय हरित अधिकरण के द्वारा दण्डनीय घोषित किया गया है, उसको खेत में मिला कर खाद बना सकते है अथवा निकटतम् गौशालाओं में दान दे सकते है। उन्होनें किसान भाईयों को बताया कि अलसी निःशुल्क मिनीकिट का लक्ष्य 4000 एवं सरसों का लक्ष्य 5700 निःशुल्क मिनीकिट का लक्ष्य है. इसकी ऑनलाइन बुकिंग भी चल रही है साथ साथ अन्य दलहनी निःशुल्क मिनीकिट का वितरण ई-लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों में किया जा रहा है। किसान भाई अलसी एवं सरसों की ऑनलाइन बुकिंग कृषि विभाग की बेवसाइट agridarshan.up.gov.in से कराकर लाभ ले सकते हैं।

कार्यक्रम में सदर विधायक डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति जिलाधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद की उपस्थिती में किसानों को चना एवं मसूर के निःशुल्क मिनी किट वितरित किये गये। कार्यकम में सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय जल्ला में भाषण पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



***हमीरपुर*** कुरारा में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर समर्थ इण्डिया एवं सहयोग संस्था द्वारा उच्च प्रथमिक विद्यालय ग्राम जल्ला में, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विजई छात्राओं छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रणविजय चक्रवर्ती, सहायक अध्यापिका अनुपम मौर्या, सदफ यास्मीन निर्णायक रहे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता की विकास के लिए प्रयास किए जा रहे है। सभी को इसके लिए योगदान करना है। सहायक अध्यापक अनुपम मौर्या ने कहा कि आज लड़कियों को मौके मिलने चाहिए वह हर मुकाम को हासिल कर सकती है। उन्होंने सभी के पढ़ने और खुद को गढ़ने की नसीहत दी।

उन्होंने कहा कि समय अमूल्य है। आगे बढ़े। तरक्की के रास्ते तुम्हारा इंतजार कर रहे है। सहायक अध्यापक सदफ यास्मीन ने कहा कि बालिकाएं नेतृत्व करने और स्वतंत्रता के मायने समझ रही है। समर्थ इण्डिया की कुमकुम ने कहा कि आपने आपको को बुलंद रखो। हौसला होना चाहिए। आगे आए। मंजिल खुद व खुद मिल जाएगी। समर्थ से जुड़ी रखी देवी ने प्रतियोगिताओ को आयोजित करने के लिए में सहयोग किया। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में अनामिका और नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही दूसरे स्थान पर निशा और खुशी रही तथा तीसरे स्थान पर मेनका और राधिका ने बाजी मारी

भाषण प्रतियोगिता में टिंकू ने पहला स्थान, हेमंत ने दूसरा स्थान और आदित्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान महिला शिक्षिकाओं अनुपम मौर्या और सड़क यास्मीन को भी सम्मानित किया गया।

# पाटनपुर चौराहा बना अराजकतत्वों का अड्डा, पुलिस बनी अनजान

भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।

इंगोहटा छानी मार्ग में विदोखर गांव के समीप पाटनपुर चौराहा शाम होते ही अराजकतत्वों की गिरफ्त में आ जाता है। खुलेआम शराब पार्टी का दौर चलने से यहां से गुजरने वाले यात्री असहज महसूस करते हैं। लोकतांत्रिक जनसस्ता दल के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

इंगोहटा छानी मार्ग में विदोखर गांव के समीप पाटनपुर चौराहा है यहां से एक सड़क पाटनपुर तथा दूसरी सड़क नदेहरा गांव जाती है। चंद कदम आगे बिंवार एवं ललपुरा थाना क्षेत्र की सीमा है। इस सीमा को पंचम कुआं के नाम से जाना जाता है। यह स्थान दशकों से अपराधिक गतिविधियों के लिए मशहूर रहा है। इस स्थान की जगह पाटनपुर चौराहा अराजकता के लिए मशहूर हो रहा है। जनसत्ता दल के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को भेजकर कार्यवाही की मांग की है। इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज मनीष कुमार पटेल ने कहा कि वह लगातार गस्त में विदोखर गांव जाते हैं। पाटनपुर चौराहा में अराजकतत्वों का जमावड़ा लगता है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। वह रात में जाकर मामले को देखेंगे।

## धूमधाम से मनाया गया करवा चौथ का पर्व



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। चांद नजर आते ही जमकर आतिशबाजी हुई, सुहागिनों ने चांद के दर्शन कर अखंड सुहाग मांगा है। वहीं पति की लंबी उम्र के लिए महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। रात करीब 8रू30 बजे चांद के दर्शन करने के बाद व्रत तोड़ा, वहीं पहले करवाचौथ पर नवविवाहिताओं में खासा उत्साह दिखा। पति की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन के लिए सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा। रात आठ बजकर तीस मिनट के बाद चांद के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन के बाद आरती उतारी। पति की सलामती के लिए प्रार्थना किया। कई मंदिरों में सामूहिक रूप से भी सुहागिनों ने करवाचौथ की कथा सुनी और पूजन किया। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवाचौथ का पर्व राजधानी धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने प्रदोष काल में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की पूजा। चंद्रमा के इंतजार में महिलाओं और उनके परिवारीजन अपने-अपने घरों की छतों पर शाम सात बजे ही पहुंच गए। रात आठ बजे के बाद जैसे ही चंद्रमा के दर्शन हुए, तो कस्बे में आतिशबाजी से हर मोहल्ला गूंज उठा। इसके बाद महिलाओं ने विधि-विधान से चंद्रमा की पूजा की। इसके बाद अर्घ्य दिया और छलनी से चांद के साथ अपने पति के दर्शन किए, पतियों ने भी पत्नियों को मीठा खिलाकर और पानी पिलाकर उनके उपवास का पारण कराया।

# डीएम के आदेश पर हटाया गया अतिक्रमण

बांदा, समृद्धि न्यूज।



शनिवार को जिलाधिकारी के आदेश पर शहर के मुख्य मार्ग महाराणा प्रताप चौराहा से पुलिस लाइन तिराहा तक बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कड़ी कार्रवाई की गई। उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों द्वारा फैलाए गए टीन-टप्पर, डिब्बे, गुमटियां और अस्थायी ठेले बुलडोजर से हटाए गए। मौके पर दो एम्बुलेंस मय चिकित्सक, एक फायर टैंकर, भारी पुलिस बल, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टाक, शहर कोतवाल, महिला पुलिस टीम और पीएसी जवान भी तैनात रहे।

अभियान से एक दिन पहले शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बांदा के मीटिंग हाल में उप जिलाधिकारी नमन मेहता और अधिशासी अधिकारी श्रीचंद ने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में बताया गया कि यह कार्रवाई शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और मुख्य मार्ग को मॉडल जोन के रूप में विकसित करने के लिए है। उप जिलाधिकारी ने व्यापारियों से सहयोग की अपील की, व्यापारियों ने भी प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी कि पुनः कब्जा करने पर कठोर कार्रवाई और जुर्माना लगाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी श्रीचंद ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार धनंजय सिंह, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, थाना प्रभारी कोतवाली बांदा, नगर पालिका के सहायक अभियंता जगदीश प्रसाद, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह, प्रधान लिपिक केदारनाथ, गौरव श्रीवास्तव, धीरेन्द्र, समीर सिंह, नवल किशोर सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क पर फैलाया गया सामान जब्त या नष्ट किया जाएगा।

## ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की दबकर हुई मौत



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कस्बे के ओरन रोड मुक्ति धाम के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमेंई रिक्शा चालक की दबकर मौत हो गई, मौत से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बबेरू कस्बे के मर्का रोड करुहिया पुरवा के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र राम बहोरी उम्र करीब 18 वर्ष यह शनिवार की दोपहर ई रिक्शा लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। तभी ओरन रोड मुक्ति धाम के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ई-रिक्शा चालक सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा घायल सुनील कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजनों के द्वारा जिला अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन एंबुलेंस समय पर ना आने पर ई रिक्शा चालक सुनील कुमार की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक सुनील कुमार चार भाइयों में सबसे छोटा था, मौत से मृतक की मां माया देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# किसानों को मिला 42,000 करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार

- पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन व नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत
- बुंदेलखंड के किसानों के लिए 1000 से अधिक कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन

बांदा, समृद्धि न्यूज।



शनिवार को रानी दुर्गावती सभागार, विकास भवन बाँदा में आयोजित उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के किसान भाई-बहनों को बड़ा उपहार दिया। जिलाधिकारी जे.रीभा ने कहा कि अन्नदाताओं का सम्मान और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार जिले के किसानों को 42,000 करोड़ रुपये की कृषि परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम धन-धान्य कृषि योजना, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना की शुरुआत की गई। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 1000 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया। सुरेश कुमार वैश, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत राष्ट्रीय गोकुल मिशन के माध्यम से प्रशिक्षित मैत्री जो गांव में किसानों के यहां कार्य करते हैं, उन्हें शासन द्वारा निशुल्क सहायता प्रदान की जाती है। नेशनल लाइफ का स्टाफ मिशन के अंतर्गत बकरी पालन और शुगर पालन में किसानों को 20 लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी, जिसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान की जाती है। यह योजना बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए विशेष रूप से उपयोगी है।भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमेशा किसानों की चिंता करते हैं। यह कोई राजनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने और उत्पादन क्षमता को मजबूत करने के लिए है। जनपद में फसल क्षेत्रफल के लक्ष्य पूरी तरह से हासिल किए गए हैं और किसानों को फसल नुकसान से बचाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने बताया कि पीएम मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं से बुंदेलखंड की भौगोलिक परिस्थितियों में कृषि और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुराने समय में प्राकृतिक खेती से आर्थिक समृद्धि मिलने के बावजूद आधुनिक खेती और उर्वरक के उपयोग ने इसका महत्व कम कर दिया था। पीएम मोदी के निर्देश से प्राकृतिक खेती, सिंचाई संसाधन और पशुपालन को पुनर्जीवित करने के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में 100 साल पुरानी नहर प्रणाली को ठीक कर किसानों को सिंचाई सुविधा दी जा रही है, तथा दो-दो बराज और स्प्रिंकलर सिंचाई योजना के माध्यम से हर खेत तक पानी पहुंचेगा।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, किसानों को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों की आमदनी बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और बुंदेलखंड क्षेत्र की कृषि स्थितियों में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक डा. अभय कुमार सिंह यादव और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी किसानों और अधिकारियों को आश्वस्त किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# बेसिक स्कूलों के बच्चे भी सीख रहे कोडिंग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अब डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में इसको लेकर विशेष पहल की गई है, जिसके तहत शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे बच्चों को इन विषयों में निपुण बना सकें। कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ के शशिकांत शुक्ला ने आईआईटी कानपुर में अभी हाल ही में यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। एनसीईआरटी लखनऊ और आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शशिकांत शुक्ला ने डिजिटल लिटरेसी और कोडिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की। इस प्रशिक्षण के दौरान, उन्होंने कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बारीकियों को समझा और अब अपने विद्यालय में बच्चों को इन विषयों में प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं। शशिकांत शुक्ला ने बताया कि इस प्रशिक्षण ने उन्हें न केवल कोडिंग और डिजिटल लिटरेसी के बारे में जानकारी दी, बल्कि उन्हें अपने विद्यालय में छात्रों को भी इन विषयों में प्रशिक्षित करने के लिए सक्षम बनाया है। उनका लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों के बच्चे भी प्राइवेट स्कूलों के बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। उन्होंने कहा डॉ पवन सचान संयुक्त शिक्षा निदेशक के निर्देशन में कोड यूपी मिशन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के परिषदीय उच्च प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को कोडिंग में पारंगत किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कोड यूपी मिशन का उद्देश्य प्रदेश के सभी बच्चों को डिजिटल लिटरेसी के साथ कोडिंग में पारंगत करना है।

इस कार्य मे आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर राम कुमार और मधुकर वार्ष्णेय व उनकी टीम का विशेष मार्गदर्शन मिल रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चे आधुनिक तकनीकी के साथ अपडेट रह सकेंगे।

खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने बताया कि कोडिंग और एआई आधुनिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसको सीखने के बाद बच्चों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची सात शिकायतें



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली में हुए थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह व कोतवाल विष्णु कांत तिवारी के पास कुल सात शिकायतें पहुंची, जिसमें 3 का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। थाना समाधान दिवस में राजस्व की 4 तथा पुलिस की 3 शिकायत पहुंची। उनके निस्तारण के लिए पुलिस के साथ लेखपालों की टीम को मौके पर भेजा गया, जिसमें पुलिस की तीन शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया। अन्य शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को तहसीलदार ने जल्द से जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

# एक दिन की प्रधानाध्यापक बनी अनुष्का

**▸ मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंअरपुर बनवारी में प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र ने कक्षा 8 की छात्रा अनुष्का को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया। अनुष्का ने प्रार्थना सभा सहित विद्यालय के समस्त उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया।

इस अवसर पर शैक्षिक सहियोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु विद्यालय में आईं हिंदी विषय की एआरपी अर्चना चतुर्वेदी ने बच्चों के बीच मीना मंच गतिविधि के अंतर्गत बालिका अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण पर चर्चा की तथा सशक्त पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन कराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है एवं पदेन कर्तव्यों व उत्तरदायित्वों को नजदीक से जानने का अवसर प्राप्त होता है। अनुष्का ने कहा कि सभ्य समाज निर्माण एवं सकारात्मक समाज बदलाव में महिलाओं व बालिकाओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष सहयोग हेतु प्रधानाध्यापक विनोद कुमार मिश्र सहित सभी का आभार जताया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक श्यामवीर सिंह, विनोद राठौर, शैलेश मिश्र, अटल बिहारी दीक्षित नरगिस बानो, अर्चना पाल, उपमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## खाद न मिल पाने से सहकारी समिति पर चक्कर लगाने को मजबूर है किसान

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** आलू फसल की तैयारी में जुटे किसानों के लिये डीएपी व एनपीके खाद समय पर न मिल पाने से समिति का चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। मलिकपुर स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर डीएपी व एनपीके खाद लेने के लिये किसान की सुबह से भीड़ लगनी शुरू हो जाती है और खाद न मिल पाने से दोपहर वाद मायूस होकर बैरंग घर लौट जाते हैं। क्षेत्रीय किसान जदूनाथ वर्मा, लक्ष्मन सिंह, सर्वेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार आदि ने बताया कि डीएपी खाद के लिये करीब एक सप्ताह से चक्कर लगा रहे इसके बाबजूद खाद न मिल पाने से परेशान हूं शनिवार को सचिव धनंजय चतुर्वेदी व आंकिक ऋषभ कुमार ने बीते दो दिन पहले रजिस्टर पर दर्ज किसानों को तीन व पांच बोरी आधार कार्ड पर वितरित की गई फिर भी तमाम किसानों को बिना खाद के बैरंग लौटना पड़ा सचिव धनंजय चतुर्वेदी ने बताया कि समिति के खातेदार किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा जबकि बाहरी किसान समिति पर आकर बेवजह भीड़ को बढ़ावा दे रहे उन्होंने कहा बाहरी किसी किसान को खाद नहीं दी जायेगी।

# विधायक ने किया रोहली मेला में टिन शेड का लोकार्पण

**▸ चढ़ावे का अन्न अब सुरक्षित, भक्तों को मिलेगी सहूलियत**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तालग्राम के पास स्थित प्रसिद्ध रोहली मेला में विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने शिलापट का अनावरण करके 3600 वर्ग फुट के विशाल टिन शेड का लोकार्पण किया। इस नई सुविधा से मेला के दौरान चढ़ावे में प्राप्त होने वाले अन्न को बारिश से बचाया जा सकेगा, और भक्तों को मां जाहरा देवी के दर्शनों में भी आसानी होगी। इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने कहा यह टिन शेड न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी। इस मेले में दूर-दूर से आने वाले भक्तों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। पहले बारिश के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खराब हो जाता था, जो किसानों और भक्तों की मेहनत का अपव्यय था। अब यह शेड चढ़ावे को सुरक्षित रखेगा और मंदिर की आय से सामाजिक कार्यों को बल मिलेगा। सरकार की योजनाओं के तहत हम ऐसे और प्रयास करेंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था और विकास साथ-साथ आगे बढ़ें। मैं सभी भक्तों से अपील करती हूं कि वे इस पवित्र स्थल की परंपराओं का पालन करें और पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखें।

तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह गौर उर्फ पुच्ची ठाकुर ने कहा यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास का परिणाम है। एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी और तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह शेड जल्दी तैयार हुआ, जो प्रशासन की संवेदनशीलता दर्शाता है। हम ब्लॉक स्तर पर ऐसे और निर्माण करवाएंगे।भक्तों से मेरा अनुरोध है कि वे स्वच्छता बनाए रखें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। भाद्रपद माह के प्रत्येक शनिवार को लगने वाले रोहली मेले में कई प्रांतों से भक्त मां जाहरा देवी के दर्शनों के लिए उमड़ते हैं। मान्यता है कि यहां की मिट्टी पशुओं की बीमारियों को दूर करती है। चढ़ावे में गेहूं का दान प्रमुख है, जो प्रतिवर्ष हजारों क्विंटल में होता है। मंदिर प्रशासन के पास पहले कोई सुरक्षित भंडारण नहीं था, जिससे बारिश में अन्न खराब हो जाता था। इस समस्या को देखते हुए एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी व तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने टिन शेड का निर्माण शुरू कराया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हिमांशू प्रभाकर, संग्रह अमीन अवनेंद्र समेत बड़ी संख्या में भक्त और ग्रामीण मौजूद रहे।

## हवन-पूजन के मंगलमय उद्घाटन से चमका आरएस ज्वैलर्स का नया अध्याय



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पीपल वाली गली में हवन पूजन के साथ स्वर्गीय राम किशन सिंधौली वाले के नवीनतम प्रतिष्ठान आरएस (रामकिशन संतोष कुमार) ज्वैलर्स का भव्य शुभारंभ किया गया। शहरवासियों में उत्साह का संचार हुआ, क्योंकि यह ज्वेलरी हाउस गुणवत्ता और विश्वास का प्रतीक बनने को तैयार है। आचार्य पंडित विजय कुमार ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। इसमें संतोष कुमार वर्मा, सारिका, मुन्नी लाल वर्मा, कन्हैया लाल वर्मा, बृजेश वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, राजेश वर्मा आदि परिवारजन व ग्राहक शामिल हुए। हवन के दौरान मंत्रों की गूंज से वातावरण पवित्र हो गया, और सभी ने स्वर्गीय राम किशन की स्मृति में दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लिया। प्रोप्राइटर अस्मित सोनी व नैतिक सोनी ने कहा यह प्रतिष्ठान हमारे पिता स्वर्गीय राम किशन की विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम है। हम यहां के ग्राहकों को शुद्ध सोने, चांदी की डिजाइनर ज्वेलरी उपलब्ध कराएंगे। गुणवत्ता, पारदर्शिता और किफायती दामों पर हमारा फोकस रहेगा। आने वाले समय में वर्कशॉप व ऑनलाइन सेवाएं शुरू करेंगे, ताकि हर उत्सव यादगार बने। सभी का सहयोग अपेक्षित है। उद्घाटन पर ग्राहकों ने शुभकामनाएं दीं।

# जेल निरीक्षण में बन्दियों की स्वास्थ्य सेवाओं पर दिया जोर

**▸ डीएम-एसपी ने जिला कारागार कन्नौज का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, बन्दियों की दिनचर्या, बैरकों की स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया कि कारागार में नियमित रूप से चेकिंग की जाती है तथा कैदियों की जरूरतों और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाता है। अधिकारियों ने बैरकों के अंदर जाकर बन्दियों से बातचीत भी की और उनकी समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि जेल के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री न पहुंचे, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि नये आने वाले बन्दियों का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए ताकि संक्रमण जैसी कोई स्थिति न उत्पन्न हो। एसपी ने भी जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि वह समय- समय पर खुद जेल का निरीक्षण करें और निरुद्ध बन्दियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार में साफ- सफाई, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी जांच की।

# कटौती: ग्रामीण क्षेत्र को 16 अक्टूबर तक दिन में नहीं मिलेगी बिजली

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण खंड के शासन व्यवस्था राजीव कुमार भारती ने बताया कि 400 केवी फतेहगढ़-मैनगा डीसी लाइन के स्ट्रिंगिंग कार्य हेतु 11 केवी लाइन का शटडाउन रहने के कारण 16 अक्टूबर तक ग्रामीण क्षेत्र को दिन में बिजली नहीं मिलेगी।

उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिशासी अभियंता (विद्युत प्रसारण खंड, फतेहगढ़) द्वारा जारी पत्र के अनुसार, 400 केवी फतेहगढ़-मैनगा डीसी लाइन के स्ट्रिंगिंग कार्य के लिए 11 केवी विद्युत लाइनों पर शटडाउन लिया जाएगा। यह कार्य ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-II योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। शटडाउन 11 अक्तूबर से 16 अक्तूबर तक प्रतिदिन सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक रहेगा। इस अवधि में चिबरामऊ- द्वितीय उपखंड के अंतर्गत आने वाले पंथरा न्यू ग्रामिण एवं पीटीडब्ल्यू तथा पंथरा ओल्ड ग्रामिण एवं पीटीडब्ल्यू फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें और विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सहयोग करें। कार्य पूर्ण होने के पश्चात विद्युत आपूर्ति पूर्ववत बहाल कर दी जाएगी।

# पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा आज, प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**▸ परीक्षा केंद्रो का डीएम-एसपी ने निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा, दिए कड़े निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र का निरीक्षण करते डीएम- एसपी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2025 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना तिर्वा क्षेत्र अंतर्गत चयनित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम- एसपी ने डीएन इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज व थाना इंदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत सरदार पटेल इंटर कॉलेज का दौरा कर परीक्षा केंद्रों पर की गई तैयारियों का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था, क्लॉक रूम की स्थिति, ड्यूटी चार्ट समेत अन्य सुरक्षा उपायों की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने केंद्र प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता और पूर्ण शांति के साथ संपन्न होनी चाहिए। इसके लिए सभी व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। डीएम ने कहा कि अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की भी पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं, एसपी ने सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए।

## दीपावली के मद्देनजर सीओ ने सर्राफा व्यापारियों को दी सलाह

**जालौन,उरई।** धनतेरस और दीपावली के पर्व को देखते हुए कोतवाली में सर्राफा व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सीओ शैलेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में कोतवाली में आयोजित बैठक में सीओ ने सर्राफा व्यापारियों को निर्देश देकर बताया कि धनतेरस और दीपावली का पर्व नजदीक है। इन दिनों बाजारों में खरीदारी के चलते भीड़ उमड़ती है, ऐसे में दुकानों के अंदर और बाहर अनावश्यक भीड़ इकट्ठा न होने दें। व्यापारियों को सलाह दी गई कि भीड़ प्रबंधन के लिए अपने स्तर पर व्यवस्था बनाएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि सर्राफा व्यापारियों के लिए यह समय व्यापार का चरम होता है, ऐसे में रुपये, सोना-चांदी या अन्य कीमती सामान की ढुलाई के दौरान अत्यधिक सावधानी बरती जाए। यदि आवश्यकता हो तो पुलिस से संपर्क कर सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना का शुभारंभ, किसानों में उत्साह

**▸ योजना में बुंदेलखंड के दोनों मंडलों के सभी जनपद शामिल**

**▸ किसानों की आय वृद्धि एवं कृषि उत्पादकता में आएगा नया आयाम**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली से प्रधानमंत्री कृषि धन धान्य योजना का भव्य शुभारंभ किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना में देश के 100 जनपदों का चयन किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के 12 जनपद शामिल हैं। विशेष रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी जनपद इस योजना में सम्मिलित किए गए हैं। यह योजना आकांक्षी विकासखंडों की तर्ज पर कन्वर्जेंस आधारित होगी, जिसमें विभिन्न विभागों की 36 योजनाओं का समन्वय किया गया है। जनपद जालौन में योजना शुभारंभ के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई सभागार, विकास भवन में सजीव प्रसारण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह व जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

सजीव प्रसारण के दौरान लगभग 180 किसानों ने योजना की जानकारी एवं प्रधानमंत्री का संबोधन देखा-सुना। कार्यक्रम के अंत में किसानों को बीज किट वितरित की गई तथा प्रगतिशील किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसी प्रकार जनपद के समस्त विकासखंडों में भी इस योजना के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की और योजना से जुड़ने के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

# कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म का मुकदमा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ कोतवाली पुलिस ने महिला का नहीं लिखा था मुकदमा**

महिला ने तीन माह पूर्व मोहल्ले के ही युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। सुनवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने न्यायालय को बताया कि उसके पति बाहर काम करते हैं। उसके मोहल्ले का ही युवक भीम उर्फ सागर कुछ माह पहले से व्हाट्सएप पर मैसेज करता था फिर वह अश्लील शायरियां भेजने लगा। उसकी नीयत खराब थी और उसने उसका नहाते हुए वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। बीती 19 जुलाई की रात करीब साढ़े 11 बजे जब उसकी सास सो गई तो तो युवक उसके घर में घुस आया, उस समय वह घर के आंगन में सो रही थी।

घर में घुसकर उसने उसे दबोच लिया और मुंह में कपड़ा भरकर वह उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। किसी तरह उसने मुंह से कपड़ा निकालकर चिल्लाया तो उसकी सास दौड़कर आ गई। सास को आता देख वह आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। उसने इसकी शिकायत पहले कोतवाली फिर एसपी के यहां भी की।

## जेई और सीएचसी प्रभारी के साथ अभद्रता का आरोप

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** कोंच नगर में उरई रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन शनिवार की दोपहर के समय सर्वे करने जेई और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के साथ अस्पताल के ही कर्मचारियों ने अभद्रता कर दी वही सीएचसी प्रभारी ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों व पुलिस को दी सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची तब तक कर्मचारी मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिल्डिंग के रखरखाव के लिए सर्वे करने आरईएस जेई आलोक सिंह पहुंचे थे। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अनिल शाक्य भी मौजूद थे तभी अस्पताल के कर्मचारी रितिक ने सर्वे करने आई टीम और सीएचसी प्रभारी से अभद्रता कर दी इसके बाद सीएचसी प्रभारी अनिल शाक्य ने मामले की सूचना अपने उच्चाधिकारियों व पुलिस को दी सूचना पर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची लेकिन जब तक अभद्रता करने वाला अस्पताल का कर्मचारी मौके से फरार हो गया।

# आवारा जानवर से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा घायल

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बाइक लेकर कोंच से सिकंदरा जा रहे व्यक्ति की बाइक सड़क पर अचानक आवारा जानवर आ जाने से टकराई। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हुआ जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी नासिर (60) अपने साले लतीफ के साथ किसी काम के चलते कोंच गए थे। रात करीब आठ बजे वह कोंच से वापस सिकंदरा पहुंचे। जब वह बाइक लेकर कुदरा कुदारी के पास पहुंचे तभी सड़क पर अचानक से अन्ना जानवर आ गया। सड़क पर अचानक से आए अन्ना जानवर को देखकर उनकी बाइक बेकाबू हो गई और जानवर से टकरा गई। टक्कर लगने से दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। नासिर के सिर में चोट लगने से अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही मौत हो गई। जबकि लतीफको गंभीर अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का उद्देश्य जनता को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज थाना कोतवाली उरई परिसर में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का उद्देश्य जनता को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं सीधे वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रख सकें।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से किया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि थाना दिवस जैसे आयोजन पुलिसिंग को अधिक जनोन्मुखी और उत्तरदायी बनाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जिन मामलों का समाधान कठिन होता है, उन्हें उच्च स्तर पर प्राथमिकता के साथ निस्तारित कराया जाएगा। इस प्रकार के आयोजनों से जनता और पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद को नई मजबूती मिलती है।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक सं. 298/न.पं.स./(2025-26) दिनांक- 10.10.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**डोर-टू-डोर सोर्स सेग्रिगेशन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर हेतु दर आमंत्रण सूचना**

समस्त हितबद्ध पक्षकरों/व्यक्तियों/संस्थाओं/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज सीमान्तर्गत 16 वार्डों में विकेन्द्रीकरण अवधारणा के माध्यम से घर-घर में सोर्स सेग्रिगेशन पर प्रशिक्षण तथा गीले एवं सूखे कूड़े का विकेन्द्रीयकरण अवधारण के अनुसार प्रोसेसिंग कराये जाने हेतु ट्रेनिंग पार्टनर का चयन किया जाना है। जो नगर पंचायत समधन के समस्त आवासीय परिसरों में निवास करने वाले व्यक्तियों को सोर्स सेग्रिगेशन हेतु प्रशिक्षित करके फर्मों/व्यक्तियों/संस्थाओं से दिनांक 24.10.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत समधन को सम्बोधित बन्द लिफाफों में अपनी दरें/ प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते है, तथा उसी दिन सायं 03:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत समधन में खोली जायेगी। कार्य से सम्बन्धित अन्य जानकारी एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सशर्त आवेदन/दरें स्वीकार नहीं की जायेगी। दरों/ प्रस्ताव में किसी भी प्रकार की ओवर राइटिंग/कटिंग स्वीकार नहीं होगी। धन की उपलब्धता के अनुसार भुगतान सम्भव होगा। दरों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहीत है। दरें समान होने की स्थिति में अनुभवी फर्मे/व्यक्तियों/संस्थाओं को वरीयता दी जायेगी। विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत समधन कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज।**

# बिना फिटनेस के जनपद में फर्राटा भर रहीं सैकड़ों एंबूलेंस


लोहिया अस्पताल के बाहर खड़ी एंबूलेंस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले की सड़कों पर मरीजों को लेकर फर्राटा भर रही कई एंबुलेंस कंडम हो चुकी हैं, तो वहीं कई एंबुलेंस बिना पंजीकरण ही फर्राटा भर रही हैं। इससे मरीजों व उनके तीमारदारों की जान को खतरा बना रहता है। उधर, सड़कों पर दौड़ती एंबुलेंस की पुलिस व परिवहन विभाग के अफसर भी जांच करने से बचते हैं। ऐसे में एंबुलेंस संचालक भी मनमानी करते हैं।

जनपद में तकरीबन 800 एंबूलेंस फर्राटा भर रही हैं, जिसमें से एआरटीओ कार्यालय के अनुसार अनुसार करीब 90 एंबुलेंस पंजीकृत हैं। जो दिन भर मरीजों को लेकर सड़कों पर दौड़ती रहती हैं। शासन की ओर से एंबुलेंस के कुछ मानक भी तय किए गए हैं, लेकिन जिले के अस्पतालों में जितनी एंबुलेंस चल रही हैं उनमें से अधिकांश के मानक ही पूरे नहीं हैं। कई एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलिंडर व अग्निशमन यंत्र नहीं हैं, तो अधिकांश में पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद नहीं होता। वहीं कुछ एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलिंडर लगे हैं तो यह सिर्फ दिखावे के लिए ही है। अधिकांश एंबुलेंस खस्ताहाल हो चुकी हैं। इसके अलावा 100 से ज्यादा एंबुलेंस के फिटनेस सर्टिफिकेट ही नहीं है। इसके बाद भी यह दिन रात सड़कों पर दौड़ रही हैं। साथ ही तीमारदारों से ज्यादा रुपये लिए जाते है। फिर भी जिम्मेदारों की ओर से कार्रवाई नहीं की जाती है।

### ट्रैफिक इंचार्ज ने 20-25 एंबूलेंस के किये चालान

थाना कादरी गेट के आवास विकास के लोहिया अस्पताल के बाहर एम्बुलेंसों का अड्डा बना हुआ है। मरीजों को ले जाने वाली दर्जनों एम्बुलेंस खुद बीमार है। किसी के अभिलेख नहीं तो किसी की खुद फिटनेस खत्म हो चुकी है। केवल एम्बुलेंस होने का फायदा उठाकर सड़क पर फर्राटा भर रही हैं। एम्बुलेंस चालक वर्षो से अड्डा जमाये हुए हैं। जिम्मेदार हाथ नहीं डालते हैं। वर्षो से इनके अभिलेखों का परीक्षण नहीं किया गया। यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले पर जल्द कार्यवाही की जायेगी। अवैध रूप से एम्बुलेंसों का संचालन नहीं होने दिया जायेगा। वहीं दूसरी तरफ मौके पर पहुंचे कर ट्रैफिक इंचार्ज सतेंद्र कुमार ने लगभग 20 से 25 गाड़ियों के चालान किए। ट्रैफिक इंचार्ज ने बताया कई गाड़ियों में कमी मिली है। चालान की कीमत 2500 से लेकर 12500 तक बताई है।


एंबूलेंस का चालान करते ट्रैफिक इंचार्ज

### एंबुलेंस फिटनेस के लिए यह जरूरी

वाहनों की फिटनेस का प्रमाण पत्र मानकों की पड़ताल के बाद आरआई की ओर से जारी किया जाता है। इसके लिए जरूरी दवा सहित ऑक्सीजन की पड़ताल नहीं हो पाती थी। वहीं एंबुलेंस पर ईएमओ है या नहीं इसकी जांच नहीं की जाती थी। ऐसे में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले में एंबुलेंस को फिटनेट प्रमाण पत्र देने के पहले एआरटीओ की ओर से एक आवश्यक रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय से ली जाती है। सीएमओ कार्यालय में तैनात संबंधित नोडल अधिकारी की संस्तुति के बाद ही फिटनेस प्रमाण पत्र दिया जाता है।

### जरूरी दवा और स्टाफ भी नहीं

नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रही इन एंबुलेंस में न तो जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था है और न ही प्रशिक्षित स्टाफ की। इतना ही नहीं इनकी निगरानी करने वाला स्वास्थ्य विभाग भी मौन साधे हुए है। जिसका कुप्रभाव मरीजों और उनके परिजनों पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि नौसिखिया एंबुलेंस चालक गंभीर मरीजों को ढोते नजर आ रहे हैं। जबकि नेशनल हेल्थ मिशन और परिवहन विभाग की तरफ से बनाए गए नियमों को ताक पर रखकर जिलेभर में निजी एंबुलेंस संचालित की जा रही हैं।

### 40 फीसदी एंबुलेंस 10 साल से ज्यादा हैं पुरानी

एआरटीओ के यहां पंजीकृत 700 एंबुलेंस में से 40 फीसदी 10 साल पुरानी हैं। इनको नियमानुसार हर साल एआरटीओ के यहां फिटनेस करानी होती है। इसमें धुआं जांच के अलावा वाहन की मौजूदा हालत भी परखी जाती है। चिकित्सकीय उपकरण समेत चालक के लाइसेंस समेत अन्य की भी जांच की जाती। मानक नहीं होने और खटारा हाल में एंबुलेंस होने के कारण चालक इनका फिटनेस कराने नहीं आ रहे हैं।

> एंबुलेंस के मानक एंबुलेंस में मरीज के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी और जरूरी दवा उपलब्ध हों। प्राथमिक उपचार, स्ट्रेचर, कार्डियक मॉनीटर, बीपी मॉनीटर और ऑक्सीजन मशीनों का जानकार हो। खुलने बंद होने वाली खिड़कियां, थर्मो इलेक्ट्रिक कूलर और दो ऑक्सीजन सिलिंडर होने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक सायरन होना चाहिए। एंबुलेंस में मरीज होने कारण मानवता के नाते कार्रवाई नहीं हो पाती है। सड़क पर खाली एंबुलेंस मिलती नहीं हैं। अगर एंबुलेंस पर कार्रवाई करने की कोशिश की जाती है तो मरीज और तीमारदार हंगामा करने लगते हैं। जिन एंबुलेंसों की फिटनेस नहीं हुई है उनके मालिकों को नोटिस जारी किए जाते हैं।
>
> **सुभाष, एआरटीओ**

> बिना फिटनेस एंबुलेंस पर कार्रवाई करना परिवहन विभाग और पुलिस का काम है। इससे हमारा कोई लेना देना नहीं हैं। ऐसे अस्पताल या एंबुलेंस पर कार्रवाई करने में परिवहन विभाग को मदद की जरूरत है तो हम तैयार हैं। हमारी 102 और 108 वाली सभी एंबुलेंस की फिटनेस है।
>
> **डॉ. अवनींद्र सिंह (सीएमओ)**

# महिला की मौत के बाद चेता स्वास्थ्य विभाग, जौरा में लगाया कैंप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव जौरा निवासी राजेन्द्री बाथम उम्र 43 वर्षीय पत्नी कालेश्वर बाथम को बुखार आने पर परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये थे। उसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था।

लोहिया से सैफई के लिए रेफर कर दिया गया था। सैफई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। समूह की पूनम ने सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी।

शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के डॉ. सन्दीप कुमार, एचईओ अखिलेश कुमार, एल अनूप कुमार, स्टाप नर्स पूनम की टीम ने गाँव में कैम्प लगाकर 65 मरीजों की डेंगू किट द्वारा जाँच करवाकर दवा दी। एचईओ ने बताया की एक महिला की मौत की जानकारी होने पर हमारी टीम ने कैम्प लगाकर खांसी, जुखाम, बुखार सहित अन्य बीमारियों की जांच कर उपचार किया। पूनम की सूचना पर खण्ड विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रसाद ने तत्काल 4 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगवाकर गाँव में सफाई कराई। वहीं दूसरे दिन भी डाक्टरों की टीम ने पहुँचकर डेंगू की जांच की व बुखार सहित अन्य बीमारियों की दवा दी। जो काम प्रधान को करना चाहिए था वह काम समूह की पूनम ने कर दिखाया।



-कैंप में दवायें वितरित करते चिकित्सक

## बालिका की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पट्टिया छेदा सिंह निवासी सुनील कुमार की 13 वर्षीय पुत्री नंदिनी बुधवार को अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों के अनुसार नंदिनी 9 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी, तो परिवार के लोगों ने आसपास और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिवार की खोजबीन में असफल होने पर पिता सुनील कुमार ने थाना जहानगंज पहुंचकर तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री नाबालिग है और बीते दिन से लापता है। परिजनों को उसकी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम को बालिका की तलाश लगाया गया है और संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है।

# कढ़ाई में गिरकर युवक झुलसा, सीएचसी में भर्ती

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


सीएचसी में भर्ती घायल

पेशाब करने के लिए उठा युवक कढ़ाई में गिरकर झुलस गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कादरदादपुर सराय निवासी अनिल कुमार श्रीवास्तव उम्र 30 वर्षीय पुत्र राम औतार श्रीवास्तव बीती रात छत पर सो रहा था। उसकी पत्नी कमलेशा देवी ने चूल्हे पर लोहे की कढ़ाई में बेसन की कढ़ी बनाकर उसने चूल्हे से नीचे उतारकर रख दी और छत से नीचे उतरकर पूजा करने लगी। उसी दौरान उसके पति अनिल कुमार पेशाब करने उठा, तभी हल्की नींद में होने के कारण वह अचानक वह कढ़ाई में गिरकर बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया। पत्नी ने झुलसे घायल पति को देखकर व्रत खोला। शनिवार को उसे गम्भीर अवस्था में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आई। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# थाना दिवस में सुनी गई जनता की समस्याएं, कई मामलों का हुआ निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर शनिवार को थाना कादरीगेट परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने व्यक्तिगत रूप से जनता की शिकायतें सुनीं और कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 15 से 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि कुछ प्रकरणों में जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान आवास विकास चौकी प्रभारी अनिल कुमार, उपनिरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष ने कहा कि थाना दिवस का मुख्य उद्देश्य जनता को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से सुलझाना है। उन्होंने सभी फरियादियों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या अन्याय की स्थिति में वे निसंकोच थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराएं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस द्वारा शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों में मौके पर समझौते कराए गए। इससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। थाना दिवस के अंत में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से संवाद कर उन्हें कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने की अपील की।


थाना समाधान दिवस में समस्यायें सुनतें थानाध्यक्ष व अन्य

# अवैध रुप से दुकान में रखी आतिशबाजी को पुलिस ने पकड़ा


आतिशबाजी बरामद कर ले जाती पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दीपावली पर बिक्री के लिए गयी आतिशबाजी के जखीरे को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक दुकान में आतिशबाजी का अवैध जखीरा दीपावली पर बिक्री के लिए एकत्र किया गया है। जिस पर थाना पुलिस सक्रिय हो गयी और पुलिस फोर्स के साथ उक्त दुकान में छापा मारा। जहां भारी मात्रा में आतिशबाजी का जखीरा बरामद हुआ। जो दीपावली पर अवैध बिक्री के लिए लाया गया था। सूत्रों के मुताबिक आतिशबाजी लाखों रुपये की बतायी गयी है। दरोगा कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा गिरीश चंद्र ने पुलिस बल के साथ छापेमारी की। जहां कई गत्तों में आतिशबाजी बरामद हुई है। बताया गया कि उक्त आतिशबाजी एक सरकारी जीप में भरकर लायी गयी थी। फिलहाल एक आरोपी को गिरफ्तार कर थाना पुलिस चली गयी। जहां खबर लिखे जाने तक मामले में लोग रफादफा करने के लिए लगे थे। खबर लिखे जाने तक थाना पुलिस के द्वारा कोई भी लिखा पढ़ी में कार्रवाई नहीं की गई थी।

# युवा किसान अरुण ने मैदानी इलाके में सेब की खेती कर सभी को चौंकाया

> सरकार से मदद मिली, तो व्यवसायिक स्तर पर ले जा सकते हैं सेब की खेती

**राजभूषण सिंह (मोनू)**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी युवा किसान अरुण कुमार शाक्य का लगभग दस बीघा खेत कोतवाली कायमगंज के गांव रायपुर में स्थित है। उनके पिता अमर सिंह शाक्य एक रिटायर्ड सरकारी टीचर हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई पोस्ट ग्रेजुएट तक की। इसके बाद वह वही सरकारी नौकरी की तैयारी में जुट गए। सफलता न मिलने पर उन्होंने घर बैठकर यूट्यूब से नई तकनीक से खेती करने का उपाय खोज लिया। उन्होंने अपने खेत में सेव का बाग लगाने का निर्णय लिया। बाग के बारे में जानकारी के लिए वह हिमांचल व कश्मीर भी गए। उन्होंने तीन बीघा खेत के लिए लगभग दो लाख के सेव के पौधे खरीद लिए। 27 दिसंबर 2023 को पौधारोपण कर दिया। लगभग अठारह माह बाद 08 जून 2025 को पहली फसल 21 किलो 600 ग्राम को 110 रुपए किलो के भाव कायमगंज स्थित मंडी में बेच दिया था। अक्टूबर तक लगभग उन्होंने चालीस हजार के सेव बेच दिए। जिससे वह बेहद खुश हैं युवा किसान अरुण शाक्य ने वह कर दिखाया है जिसे अब तक असंभव माना जाता था।


लहलहा रहा सेब का बागान

उन्होंने ठंडी पहाड़ियों में उगने वाले फल सेब की सफल खेती मैदानी इलाके में कर सभी को चौंका दिया है। दिसंबर 2023 में अरुण ने हिमांचल प्रदेश से हर्मन 99, अन्ना और डोरसेन गोल्ड किस्म के 300 सेब के पौधे मंगवाए। उन्होंने मात्र दो लाख रुपये में अपनी जमीन पर एक नर्सरी तैयार की और कृषि विशेषज्ञों की मदद से पौधों को लगाया। विशेषज्ञों ने पहले वर्ष एक-दो फल लगने की संभावना जताई थी, लेकिन हर पौधे पर 5 से 7 किलो तक सेब निकल आए। जो किसानों के लिए भी आश्चर्य का विषय बन गया। जैविक तरीके से की खेती, न रासायनिक खाद, न कीटनाशक अरुण ने बगीचे में केवल जैविक खाद का इस्तेमाल किया। किसी भी रासायनिक खाद या कीटनाशक का उपयोग नहीं किया गया। इससे फल न सिर्फ स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक बने, बल्कि किसी भी प्रकार की बीमारी का प्रकोप भी नहीं हुआ। इस अप्रत्याशित सफलता से उत्साहित अरुण अब 200 और सेब के पौधे लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके अलावा वह बादाम की खेती भी शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इस दिशा में उनकी कृषि विशेषज्ञों से बातचीत चल रही है।

आसपास के जिलों से लोग देखने आ रहे बाग अरुण का सेब बाग अब स्थानीय आकर्षण का केंद्र बन गया है।

उनके गांव ही नहीं, आसपास के जिलों से भी किसान और कृषि विभाग के लोग इसे देखने पहुंच रहे हैं। पहाड़ों से मैदानी इलाकों तकरू सेब की खेती की बदलती तस्वीर अरुण की यह पहल साबित करती है कि अब सेब की खेती सिर्फ ठंडी पहाड़ी जलवायु तक सीमित नहीं रह गई है। यदि पौधों को सही देखभाल और आवश्यक वर्षा और ठंडक दी जाए तो मैदानी क्षेत्रों में भी सेब की सफल खेती संभव है। सरकार से सहयोग की उम्मीद अरुण का कहना है कि यदि सरकार की किसी योजना से उन्हें मदद मिले, तो वे इस खेती को और व्यवसायिक स्तर पर ले जा सकते हैं। इससे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिलेगी और परंपरागत फसलों से आगे बढ़कर लाभदायक फलोत्पादन की दिशा में कदम उठाया जा सकेगा।

## समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्यायें


थाना समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनते थानाध्यक्ष

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष ने राजस्वकर्मियों के साथ ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। जानकारी के अनुसार शनिवार को नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में शासनादेश के द्वारा चलाए जा रहे थाना समाधान दिवस के मौके पर शनिवार को थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने राजस्वकर्मियों के साथ मिलकर जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक के बताएं अनुसार 17 प्रार्थना पत्र जमीन संबंधी आए। जिनमें छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी के लिए राजस्व विभाग के साथ पुलिस की टीम बनाकर निस्तारण करने के लिए पुलिस टीमों को रवाना कर दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा रमाशंकर पांचाल, बबना चौकी इंचार्ज दरोगा राजेश कुमार, दरोगा राम सिंह तथा राजस्व निरीक्षक व लेखपाल नरेश चंद्र, सौरभ दीक्षित, सौरव यादव, तरुण दीक्षित सहित कई राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत वृद्धा आश्रम में चलाया गया जागरुकता अभियान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत वृद्धा आश्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक, महिला सुरक्षा विशेष दल के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली के निकट मोहम्मदाबाद रोड पर बने वृद्धा आश्रम में शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे तथा महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति फेस-5.0 अभियान के अंतर्गत वृद्धा आश्रम में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसमें महिलाओं को तथा वृद्धों को सूक्ष्म जलपान सामग्री वितरण की गई। वहीं महिला हेल्पलाइन नंबर-181, वूमेन पावर लाइन नंबर-1090, आपातकालीन नंबर-112, स्वास्थ्य सेवाएं नंबर-102, एंबुलेंस नंबर-108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930, योजना मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076 के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा जगराम सिंह, सिरौली चौकी इंचार्ज, महिला कांस्टेबिल शालिनी आदि लोग उपस्थित रहे।


वृद्धा आश्रम में वृद्धों को पर्चों का वितरण करते पुलिसकर्मी

# करवाचौथ पर पत्नी कर रही थी इंतजार पति एक्सीडेंट में हुआ घायल, हैलट रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात फतेहगढ़ से कमालगंज की ओर आ रहे टेंपो चालक कमल निवासी शास्त्री नगर जिनके साथ टेंपो में बैठे शेखपुर निवासी रामविलास एवं कमालगंज गंगा गली निवासी अमित कुमार फतेहगढ़ से कमालगंज आ रहे थे। कमालगंज शेखपुरा गुमटी के नजदीक गुरसहागंज की तरफ से जा रही एक कार ने टेंपो में सामने से टक्कर मार दी। जिससे टेंपो चालक कमल गंभीर रूप से घायल हो गया एवं रामविलास और अमित कुमार को भी चोटें आयीं। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस एवं थाना अध्यक्ष कमालगंज राजीव कुमार ने घायलों को कमालगंज भिजवाया एवं मौके से कार एवं टेंपो को बरामद कर थाने भिजवाया। मौका पाकर कार चालक मौके से फरार हो गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर कमल को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पर डॉक्टरों द्वारा कमल को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं कमल की पत्नी घर पर करवाचौथ का उपवास रखकर पति की लंबी उम्र की प्रार्थना कर रही थी। एक्सीडेंट की सूचना पाकर पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


घायल टेंपो चालक

## खेत में बकरी चली जाने का उलाहना देने गयी महिला को दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में बकरी चली जाने का उलाहना देने गयी महिला को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल महिला का डॉक्टरी परीक्षण करवाया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव सिकन्दरपुर खास निवासी सीमा पत्नी मनमोहन ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसके खेत में गाँव के सरनाम सिंह की बकरी चली गई थी। जिसकी शिकायत करने सीमा पहुँची। वहाँ पर मौजूद सरनाम, रिंकू, सुदेश कुमार ने सीमा के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध काने पर उक्त लोगों ने उसे नीचे गिराकर लात-घूसे, लाठी-डन्डों से मारपीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडीकल परीक्षण कराया।

# फाइनेंस कंपनी के एजेंटों ने किस्त के नाम पर ठगे रुपये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के गांव गौरा निवासी शिवम यादव शुक्रवार थाना मेरापुर के गांव नगला खोंटा निवासी अपने बहनोई रमेश चंद्र के घर बाइक से जा रहा था। शाम लगभग 6 बजे शिवम जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर के पास पहुंचा। उसी समय पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने अपने को फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर शिवम की बाइक को रोक लिया। युवक व उसका साथी शिवम से गाड़ी की किस्त जमा करने की बात करने लगे। जिस पर शिवम ने एक किस्त बकाया होने की जानकारी देते हुए मौके पर रुपए न होने की बात कहकर घर पहुंचकर किस्त जमा करने की बात कही। जिस पर युवक उत्तेजित हो गए। युवकों ने फोन कर अन्य युवकों को भी मौके पर बुला लिया। शिवम ने आरोप लगाया कि युवकों ने जेब में रखे 3 हजार रुपए, एक सोने की अंगूठी और धमकाकर 2 हजार रुपए अपने फोन में डलवा लिए। शिवम को युवकों द्वारा ठगी होने का अहसास हुआ। शनिवार शिवम यादव अपने एक रिश्तेदार के साथ थाने पहुंचकर युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कारवाही करने का भरोसा दिया।

## दबंगों ने रंजिशन विद्यालय में घुसकर शिक्षामित्र से किया गाली-गलौज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद के चलते विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षा मित्र को गांव के ही दबंगों ने विद्यालय में घुसकर गाली-गलौज किया। अन्य अध्यापकों ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर नादी के नगला पुथ निवासी रामानंद पुत्र उजागर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र के पद पर तैनात है। जहां वह शनिवार को अपना शिक्षण कार्य कर रहा था, तभी गांव के ही दबंग आरोपी जिनसे पीड़ित का काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और न्यायालय में भी मुकदमा चल रहा है, आये और गाली-गलौज कर धमकी देने लगे। मामला बढ़ता देख विद्यालय में मौजूद अन्य शिक्षक मौके पर पहुंच गये और दोनों पक्षों में बीच बचाव किया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर गांव के दबंग लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह लाइनहाजिर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कस्बा चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह को लाइनहाजिर कर दिया है। बताते चलें कि सीओ, कोतवाली प्रभारी व कस्बा चौकी प्रभारी ने कोतवाली अलीगंज के ग्राम परसोली निवासी धर्मपाल के घर पर 8 सितंबर की रात 9 बजे छापा मारा था। पुलिस परिवार के दो लोगों को जबरन कोतवाली ले आयी थी। बताया गया है कि धर्मपाल के परिजनों पर कोतवाली कायमगंज की नई कालोनी दत्तू नगला निवासी मनोज यादव की पीट-पीटकर हत्या किये जाने का आरोप था। पीड़ित परिवार की प्रीती यादव ने उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण की याचिका दायर कर अवगत कराया कि याचिका दायर किये जाने के बाद उसके परिजनों को 14 सितंबर की रात करीब 11 बजे छोड़ा गया। पुलिस ने दबाव डालकर लिखवाया था कि उन्होंने कोई याचिका दायर नहीं की। याचिका की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जे.जे.मुनीर और संजीव कुमार की खंड पीठ ने पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़, सीओ कायमगंज और कायमगंज कोतवाली प्रभारी को 24 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रुप से अदालत में हाजिर होने का आदेश जारी किया है। इस आदेश की जानकारी होने पर आला अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसकी गाज चौकी इंचार्ज पर गिर गयी है। वहीं याचिका की सुनवाई के दौरान भी बड़ी कार्यवाही की आशंका व्यक्त की जा रही है।


लाइनहाजिर चौकी इंचार्ज नागेंद्र सिंह

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया जेलों का निरीक्षण


निरीक्षण कर बाहर आते आला अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला एवं केंद्रीय कारागारों का निरीक्षण किया। इस दौरान आला अधिकारियों ने बैरिकों में जाकर बंदियों से उनकी समस्याओं को जाना। शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला कारागार एवं केंद्रीय कारागार पहुंचकर बंदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। आला अधिकारियों ने जेलों के चिकित्सालय, पुरुष एवं महिला बंदियों की बैरिकों में जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ डीएम व एसपी ने वन स्टाफ सेंटर में महिलाओं को दी जानकारियां

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों महिलाओं व बालिकाओं तथा विद्यालयों में छात्राओं को को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से वन स्टॉप सेंटर फतेहगढ़ पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनों तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

थाना कायमगंज पुलिस द्वारा कस्बा कायमगंज में महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी। इसी के साथ थाना कादरीगेट मिशन शक्ति के तहत मिशन शक्ति टीम/एंटी रोमियों टीम ने सिविलियन विद्यालय लिंजीगंज में बालिकाओं/ महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। थाना शमशाबाद महिला पुलिस कर्मियों ने मिशन शक्ति के अंतर्गत दयानंद सरला देवी इंटर कॉलेज राजलमाई में व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र में स्थित सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा



वन स्टाफ सेंटर में मौजूद डीएम एसपी

सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। थाना कम्पिल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी। थाना मऊदरवाजा महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में पहुंचकर छात्राओं को जागरुक किया। वहीं थाना अमृतपुर में एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हरोर क्षेत्र में जाकर वबालिकाओं को जागरूक किया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में



सं0वि0 लिंजीगंज में छात्राओं को जागरुक करते पुलिस कर्मी

जानकारी दी। थाना नवाबगंज में महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत वृद्धाश्रम सिरौली में महिलाओ को जागरूक किया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस के साथ महिलाओं को भी जागरुक किया और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। इस दौरान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरुक भी किया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोगों से अपील की कि वे घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करें और बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता पर भी ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने सभी से स्वयं जागरूक होने और दूसरों को भी जागरूक करने का आवाह्न किया। महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।

# जिला कराटे टीम ने मेडल जीतकर जनपद का नाम किया रोशन



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

▸ वापस लौटने पर विजेताओं को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कराटे एसोसिएशन ऑफ फर्रुखावाद की टीम लखनऊ में 7 से 10 अक्टूबर तक केडी बाबू सिंह स्टेडियम स्टेट इंटर प्रतियोगिता में मेडल जीतकर वापस लौटी। जिन बच्चों ने स्टेट इंटर प्रतियोगिता मेडल जीते उन्हें बधाई दी गई।

कोच एवं सचिव पारस भारद्वाज ने मेडल जीतने वाले बच्चों को बधाई दी। संरक्षक मिथलेश अग्रवाल, विधायक सुशील शाक्य, मोनिका यादव आदि ने बच्चों की हौसला आफजाई कर उन्हें बधाई दी। नेशनल खेलने के लिए नाम आदित्य पाल राजकीय इंटर कालेज ने अंडर-14 में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। वहीं एनएकेपी इंटर कालेज की छात्रा आस्था व अनाया ने अंडर-17 में सिल्वर मेडल जीता। वहीं एनएकेपी की पाखी सक्सेना ने ब्रॉउन मेडल जीता। गोल्ड मेडल जीतने वाली छात्रा आराध्या, दीपाली वर्मा ने जीता। कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। सभी ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए रास्ता क्लियर किया। इस उपलब्धि पर अंजुम दुबे, सुमन राठौर, अवनीन्द्र कुमार सक्सेना, बबिता पाठक ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# मेरा युवा भारत ने एक पेड़ मां के नाम किया वृक्षारोपण



वृक्षारोपण करते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेरा युवा भारत फर्रुखाबाद ने अंतरराष्ट्रीय उत्सव दिवस पर एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संचालन जिला युवा अधिकारी शेखर रस्तोगी ने किया। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। युवा स्वयंसेवक राहुल वर्मा ने अपने विचार साझा किए और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पर्यावरण प्रमुख श्वेता दुबे ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया। राष्ट्रीय सेवक संघ से सुदेश दुबे ने कहा कि मेरा युवा भारत फर्रुखाबाद द्वारा आयोजित इस पर्यावरण संगोष्ठी से न केवल छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया, बल्कि समाज में भी इसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महेश पाल उपकारी और मेरा युवा भारत फर्रुखाबाद की टीम की पहल की सराहना की। आकाश सोमवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# सपा कार्यालय में मनायी गई जयप्रकाश नारायण की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पाटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण क्रान्ति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनायी गई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी का आयोजन युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव के नेतृत्व में हुआ।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकनायक का संघर्षमय जीवन ये सीख देता है कि सत्ता चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो जब जनता जागरूक होकर सड़कों पर निकलती है तो तख्तापलट कर देती है। सर्वेश अम्बेडकर, रामशरण



गोष्ठी को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष

कठेरिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवम यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान संजय यादव, प्रवेश कटियार, लायक यादव, धीरज राजपूत, मंगल यादव, सुमित कुशवाहा, अनिल यादव, श्यामल यादव, राजपाल यादव, योगेंद्रनाथ मिश्रा, दीपक मिश्रा, पंकज यादव, रामपाल सिंह, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।

# शमशाबाद में फलफूल रहा अवैध खनन का धंधा, रात में होता लाखों का खेल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना शमशाबाद क्षेत्र में रात के अंधेरे में मिट्टी खनन माफिया सक्रिय हैं। वे रात में मिट्टी खनन करते हैं। बताया गया कि पुलिस व खनन विभाग की मिलीभगत से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है। जिससे अवैध खनन का कारोबार फलफूल रहा है।

उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ अवैध खनन को लेकर बेहद सख्त रवैया अपनाए हुए है और वह अधिकारियों को अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाए जाने के निर्देश भी देते रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय पुलिस व खनन विभाग के संरक्षण में खनन माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में डंपर भरकर बेखौफहोकर अवैध मिट्टी खनन का काला करोबार



मिट्टी भरकर ले जाता डंपर

लगातार फलफूल रहा है। एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें थाना शमशाबाद क्षेत्र में एक डंपर अवैध मिट्टी भरकर थाने के सामने गुजरता साफ दिखायी दे रहा है। वहीं वीडियो वायरल हो जाने पर स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा अवैध खनन थाना पुलिस और खनन निरीक्षक की मिलीभगत से हो रहा है। जबकि न्यायालय ने रात्रिकालीन खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन इसके बावजूद खुलेआम आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि नए थाना अध्यक्ष रमेश सिंह के कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं। वहीं ग्रामीण चिलसरा चौकी इंचार्ज पर भी अपने क्षेत्र में खनन माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, खनन माफिया पप्पू यादव, जो रसीदपुर तराई क्षेत्र से जुड़ा है, पूरी रात अवैध मिट्टी खनन कराता है और डंपरों के माध्यम से मिट्टी की सप्लाई कर रहा है। रातभर अवैध खनन का धंधा चलता है, लेकिन विभागीय अधिकारियों को कुछ नहीं दिखायी देता है।

चर्चा तो यह भी है बिना खनन अधिकारी की मर्जी से किसी की हिम्मत नहीं की खनन कर लें। हमारा समाचार पत्र किसी पर भी लगाये गये आरोप की पुष्टि नहीं करता है।

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने कराया सुंदरकाण्ड पाठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा धर्म जागरण अभियान के तहत मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है।

शनिवार को बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के तहत सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र द्विवेदी व प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ सुंदर काण्ड पाठ किया। प्रत्येक चौपाई पर पाठ करते हुए अनुमान जयकारे लगाये। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी ने बताया कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए मंदिरों में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सनातनी जागरुक



सुंदरकाण्ड पाठ करते लोग

हो और हिन्दुत्व की रक्षा के लिए कार्य करें। प्रत्येक शनिवार को सुंदर काण्ड पाठ आयोजित किये जा रहे है। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष नवीन राठौर, विधिक संयोजक दिवाकर द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्रा, अनुपम श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, आशू दुबे, आस्था सिंह, सुरभि सिंह, अनुराग मिश्रा, कृष्णा दीक्षित, राजकुमार सिंह, कौशल कटियार, आकाश तिवारी, वैष्णवी त्रिपाठी, माधव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक जोगेन्द्र मिश्रा व राजेश मिश्रा ने व्यवस्था देखी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा नगर स्थित गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गंगा शाखा द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। नगर में अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। स्वयंसेवक सफेद शर्ट, खाकी पैंट और घोष वाद्ययंत्रों के साथ सुसज्जित होकर कदमताल करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुज़रे। घोष के उद्घोष और देशभक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पथ संचलन गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल से प्रारंभ होकर कादरीगेट तिराहा, नरकसा, लिंजीगंज गेट, लिंजीगंज तिराहा, लालगेट होते हुए पुनः गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल पर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। संचलन के दौरान अनुशासन, संगठन और समरसता की झलक हर स्थान पर दिखाई दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मुख्य वक्ता उमेश ने पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग कार्यवाह विजय, उमेश, सुधेश, राजेश, दिलीप, शिव विलास, रामगोपाल, शिवओम, सुशील, राजकिशोर, धनंजय, आकाश, अभिषेक पांडेय, कृष्णा, यशवर्धन उपस्थित रहे।

# शिव विवाह की कथा सुन भक्त हुए भावविभोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक बढ़पुर के ग्राम धिमरपुरा मौनी आश्रम के निकट चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक विनोद कुमार शास्त्री के अपने मुखार से भगवान शिव-माता पार्वती के विवाह की कथा की अमृत वर्षा की। भगवान शंकर व माता पार्वती के विवाह प्रसंग को सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा व्यास विनोद कुमार शास्त्री ने कहा कि पर्वत राज हिमालय की घोर तपस्या के बाद उनके घर अवतरित माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं, एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया।

उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। शिव-पार्वती प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक विनोद कुमार शास्त्री ने कहा कि शिव पार्वती की आराधना भागवत



कथा सुनते श्रोतागण

का अभिन्न अंग है। इसके श्रवण से ही मनुष्य के सारे मानसिक व आत्मीय विकारों का अंत हो जाता है। उन्होंने कहा की ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से ही प्रभु मिलते हैं। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से श्रोताओं में भावुकता और आनंद की अनुभूति होती है, क्योंकि यह एक अत्यंत शुभ और मंगलकारी प्रसंग है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस भागवत कथा में शिव विवाह की कथा देखकर भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर अनीता गुप्ता, विपिन गुप्ता, रचना गुप्ता, धनश्याम कुशवाहा, अर्जुन गुप्ता, कृष्णा, विकास कश्यप, सुमित, नेहा, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संसद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक आरती सिंह रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत सीपी विद्या निकेतन कायमगंज के प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने सुस्वागत उद्बोधन के माध्यम से किया।

निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल, उपनिदेशक अंजू राजे, प्राचार्य संजय बिष्ट, सीपीवीएन (हिंदी माध्यम) के प्रधानाचार्य योगेश तिवारी तथा सीपीबीएन (अंग्रेज़ी माध्यम) के उपप्रधानाचार्य जैना, प्राइमरी विंग की इंचार्ज शिवानी दीक्षित ने मुख्य अतिथि



एसपी को सम्मानित करती मिथलेश अग्रवाल आदि

को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे मुन्ने बच्चों ने सावन झूला, कृष्ण लीला, एक्शन डांस तथा राजस्थानी लोक नृत्य को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रम मुक्त कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा वास्तविक संसद की तर्ज पर छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें विपक्षी छात्र सांसदों ने बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था, मीडिया की स्वतंत्रता जैसी ज्वलंत सामाजिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर सारगर्भित प्रश्न प्रस्तुत किए। सत्ताधारी पक्ष के छात्र सांसदों ने विपक्ष द्वारा उठाए गए प्रश्नों के तार्किक, संतुलित एवं प्रभावशाली उत्तर देकर अपनी नेतृत्व क्षमता, वाक-कौशल और सजग नागरिकता का परिचय दिया। एसपी आरती सिंह ने कहा कि छात्र जीवन व्यक्ति के निर्माण की नींव होता है। इस अवधि में अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक हैं। आज के डिजिटल युग में विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी एवं फेक प्रोफाइल्स से सतर्क रहने की सलाह दी। आपात स्थिति या अपराध की जानकारी के लिए 112 पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है, जबकि 1930 साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन नंबर पर ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निदेशक डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल और जिम्मेदारी की भावना का विकास करते हैं। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि छात्र संसद जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने और समाज के प्रति उत्तरदायी बनने की प्रेरणा देती हैं। प्राचार्य संजय बिष्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन शिवा सिंह ने किया। इस मौके पर नवीन शाक्य, अतुल श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव, ज्योति प्रधान, शिवानी मिश्रा, रश्मि तिवारी, विवेक राजपूत, देवानंद राजपूत, भारती मिश्रा, उत्तम कुमार, संगीता सारस्वत आदि मौजूद रहे।

# 21 एआई टेक्नीशियन पशुमैत्री को वितरित किये प्रमाण पत्र

▸ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं मिशन आत्मनिर्भर ऑन पल्सेज योजना का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री धन्यधान्य योजना अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पूसा नई दिल्ली से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं मिशन आत्मनिर्भर ऑन पल्सेज योजना का शुभारंभ किया गया। जिसका सीधा प्रसारण प्रात 11:30 बजे से जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश



कर्मिक को मैत्री पत्र से सम्मानित करते डीएम व जनप्रतिनिधि

राजपूत की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अमृतपुर सुशील कुमार शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चन्द्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ साथ जिला विकास अधिकारी, उपकृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहायक निदेशक मत्स्य तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसानों ने भी प्रतिभाग किया। पीएम ने किसानों के आर्थिक समृद्धि के लिए तथा देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन आत्मनिर्भर ऑन पल्सेस योजना प्रारंभ की गई है, इसके माध्यम से दलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधा, किसानों को उपलब्ध कराई जाएंगे। पशुपालन विभाग की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय गौकुल मिशन योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर 21 (एआई टेकनीशियन) पशुमैत्री को प्रमाण पत्र सांसद द्वारा वितरित किया गया। वहीं अतिथियों के द्वारा 31 मैत्री कार्मिकों को प्रमाण पत्र तथा किसानों को निःशुल्क मिनी किट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के द्वारा किसानों के हित में संचालित की जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा अनुरोध किया कि किसान सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी एवं पशुपालन विभाग से मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. धीरज कुमार शर्मा, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अनुज कुमार दुबे एवं डॉ. राघवेन्द्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार एवं जपनद के समस्त मैत्री उपस्थित रहें।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टीईटी अनिवार्यता को वापस लेने की मांग की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवारत शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते हुए काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध करते हुए टीईटी अनिवार्यता को वापस लेने की मांग की है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन जारी है। शनिवार को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। प्राथमिक विद्यालय गांधी राजेपुर में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय सबासी में शिक्षकों



काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

ने विरोध किया। संविलियन विद्यालय नूरपुर, प्राथमिक विद्यालय महमदपुर गढ़िया में टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया गया। कम्पोजिट विद्यालय सबासी, पीएस यूपीएस गढ़िया व कम्पोजिट विद्यालय भाऊपुर, ताजपुर में शिक्षकों ने विरोध जारी रखा। प्राथमिक विद्यालय इमादपुर पमारान, यूपीएस खण्डौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर राजेपुर आदि विद्यालयों में टीईटी अनिवार्यता का विरोध जारी रहा।

# सपा ने मनाई लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 123वीं जयन्ती

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय स्थित लोहिया ट्रस्ट पर जयप्रकाश नारायण की 123 वीं जयन्ती पर गोष्ठी आयोजित किया गया। इस मौके पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने देश में सच्चे लोकतंत्र और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जयप्रकाश नारायण ने प्रधानमंत्री के पद के ऑफर को भी अस्वीकार कर दिया था।

पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि जय प्रकाश नारायण का जन्म 1902 में एक साधारण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही समाज सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। इसी कारण लोगो के बीच मे लोकनायक नाम से पहचाने जाने लगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने देश में इन्दिरा गांधी ने लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का



प्रयास किया, तब जय प्रकाश नारायण ने सम्पूर्ण क्रांति नामक आन्दोलन चलाकर इन्दिरा गांधी को सत्ता से बाहर कर दिया था। जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि मेरा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं था, बल्कि ऐसी सत्ता रहना चाहिए जिस पर जनता का नियंत्रण हो। सपा के वरिष्ठ नेता डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति को लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी नौजवानों के कंधे पर है ताकि समाजवादी समाज बनाने में सफलता मिल सके। आज असमानता चरम पर है। सरकारी संपत्ति को सरकार बेच रही है। किसानों की जमीन पर खतरा बढ़ा है।

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव आदर्श यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डालकर दलित पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोगों को ठगने का काम किया है। भाजपा की सरकार में हर वर्ग और जाति के लोग हताश और निराश हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिये तैयार है।

इस अवसर पर सुरेन्द्र सिंह पटेल, आदर्श यादव, राजेश भारतीय, मुन्नी यादव, बलराम यादव, प्रिन्स राव, मन्टू मिश्रा, मेवालाल प्रजापति, धनन्जय सिंह, संजय यादव, आयुष यादव, सलीम बादशाह, झब्बू यादव, उदल पासी, हरिशन्द्र यादव, मनोज चौहान, रामजी प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।



## मिशन शक्ति प्रभारी ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना गड़बड़ा धाम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों कि जानकारी देते हुए शनिवार को महिलाओ व बालिकाओ को जागरूक किया गया। जिसमें पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर (आईजीआरएस) 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101, आशा ज्योति केंद्र 181, महिलाओ के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया।

## खबरें एक नजर में

### थाना समाधान दिवस पर तहसीलदार ने सुनी समस्याएं



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। थाना समाधान दिवस पर कुल आठ मामले राजस्व पुलिस संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया। मामले की निस्तारण के लिए राजस्व पुलिस टीम को रवाना किया गया है। तहसीलदार लालगंज दीक्षा पांडे ने थाना समाधान दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलों को कंप्यूटर से लेते हुए उसके निस्तारण करने का प्रयास करें मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। छह मामले भूमि संबंधित व दो मामले पुलिस से संबंधित आए इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे, अशोक कुमार दुबे, लेखपाल संजीव उपाध्याय, ध्रुव राज यादव आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार सीओ ने सुनी फरियाद, आठ प्रार्थना पत्र में तीन का निस्तारण

चुनार (मिर्जापुर)। कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार इवेंद्र कुमार व सीओ मंजरी राव ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। ऐबकपुर मोहाना निवासी केशलाल सोनकर ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आराजी नंबर 266 रकवा 0.1010 हे0व आ0नं0267 रकवा 0.2780 हे0का मालिक है और काबिज दखिल है। पैमाइश के बाद सीमांकन किया गया था। मुहल्ले के कल्लू यादव, सुनील, रवि व पप्पू द्वारा पत्थर गड्डी को उखाड़ कर फेक दिया गया है। कुल आठ प्रार्थना पत्र आया जिसमें तीन प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान कोतवाल विजय शंकर सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम सत्येंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल पंकज दुबे मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बड़ौही मोड़ से शनिवार को दहेज हत्या के अभियुक्त मृतका के पति व ससुर को पुलिस ने मुखबिर कि सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक श्याम लाल मय हमराह कांस्टेबल असरफव लालचंद्र के साथ मुखबिर की सूचना पर मृतका के पति धमैली गांव निवासी संजय कुमार मौर्य व ससुर उद्यो मौर्य को बड़ोंही मोड़ से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों को जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतका के भाई भटवारी गांव निवासी राजेश कुमार मौर्य ने तहरीर देकर बहन संगीता की दहेज के लिए उसके पति संजय कुमार मौर्या, ससुर उद्यो मौर्या, जेठानी प्रेमकली, देवर विनय कुमार के विरुद्ध दहेज के लिए दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई थीं। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपितो की तलाश किया जा रहा है जल्द हीं गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

### छात्रवृत्ति के लिए पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्रायें 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत योजनान्तर्गत वंचित पिछड़े वर्गो के छात्रों के हेतु छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति के भुगतान हेतु आवेदन से लेकर संस्थाओं द्वारा छात्रों के डाटा सत्यापन/अग्रसारण हेतु समय सारिणी जारी की गयी। उन्होने बताया है कि संस्थान द्वारा 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक मास्टर डाटा लॉक किया जायेगा। छात्रवृत्ति हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आनलाइन आवेदन किया जायेगा। दिनांक 01 नवम्बर तक छात्र-छात्राओं द्वारा फाइनल प्रिन्ट निकाल सकते है तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्लकों सहित विद्यालय में जमा किया जायेगा। दिनांक 02 नवम्बर तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्राओं के समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जाना एव ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा। दिनांक 08 नवम्बर से 11 नवम्बर तक त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही किया जायेगा तथा त्रुटियां संशोधन के पश्चात् दिनांक 12 नवम्बर 2025 तक छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित किया जायेगा।

# अपात्र राशन कार्डो का जल्द सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों का राशनकार्ड निर्गत करायें : डीएम

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता कैम्प कार्यालय के सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अपात्र राशनकार्डो का यथाशीघ्र सत्यापन पूर्ण कराते हुए छुटे हुए पात्र लाभार्थियों का राशनकार्ड निर्गत करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारीगण को निर्देशित किया गया है कि रिक्त उचित दर दुकानों के सम्बन्ध में ग्रामसभा में खुली बैठक कराते हुए यथाशीघ्र नये उचित दर विक्रेता का चयन करें। पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत वितरण तिथि में भ्रमणशील रहते हुए प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा परिवहन ठेकेदारों के प्रतिनिधि एवं उचित दर विक्रेताओं के उपस्थित प्रतिनिधिगण को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में तत्काल सक्षम स्तर पर अवगत कराना सुनिश्चित करें, जिससे समस्याओं का निस्तारण यथा सम्भव सुनिश्चित किया जा सकें। बैठक में समिति के सदस्य अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षक सहित संतोष पाण्डेय अध्यक्ष लायन्स क्लब प्रतापगढ़ अवध, आकाश सिंह संचालक जन सामर्थ सेवा संस्थान उपस्थित रहे।

### राशनकार्ड में सम्मिलित सभी सदस्यों की ई-केवाईसी यथाशीघ्र करायें : जिला पूर्ति अधिकारी

प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जनपद मे प्रचलित समस्त कार्डधारकों/लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने राशनकार्ड में सम्मिलित समस्त सदस्यों की ई-के0वाई0सी0 यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे अनुमन्य मात्रा के अनुसार निर्वाध रूप से खाद्यान्न प्राप्त होता रहे। समस्त कार्डधारक ई-के0वाई0सी0 अपने नजदीकी किसी भी उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर करा सकते है।

# ब्रह्मा बाबा के रथ से गांव-गांव नशा छोड़ने के लिये किया प्रेरित



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा चुनार की ओर से मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथिं इं. राजबहादुर सिंह प्रबंधक राजदीप महाविद्यालय कैलहट, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह, बीके पंकज भाई ने रथ में सवार शिव बाबा की आरती कराई। 90 दिवसीय कार्यक्रम में गाँव गाँव के ग्रामवासीयों को नशा छोड़ने के लिए ब्रह्मा कुमारी भाई बहने हर घर में पर्चा बाँटकर लोगो को बुला कर एलइडी स्क्रीन के माध्यम से व कुम्भकर्ण की झाँकी दिखाकर लोगो को नशा छोड़ने के लिए फार्म भी भरने के लिए दिया और स्कूली बच्चो व ग्राम वासियों को शपथ भी दिलाया गया। ग्राम सभा शिवपुर, बाराडीह, बड़ागाँव, उदित नगर के सैकड़ों ग्रामवासी व स्थानीय कालेजों के बच्चें इस कार्यक्रम का लाभ उठायें। इस दौरान ब्रह्मा कुमारी बीनू दीदी, तारा दीदी, शलिना दीदी, सुलेखा, विद्या, गुन्जा ब्रह्मा कुमार सत्य नारायण, वैभव, बद्री, त्रिभुवन, आनन्द, राजेश, प्रहलाद, छोटे लाल, कैलाश, जगदीश भाई आदि लोग रहे।

### सर्प दंस से अधेड़ की बिगड़ी हालत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अधेड़ को सर्प ने शुक्रवार की देर शाम को दंस लिया जिससे अधेड़ की हालत बिगड़ने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने अधेड़ को अपने निजी साधन से उपचार के लिए भेजा। झाडफूँक दवा पिलाने के बाद अधेड़ की हालत में सुधार हुआ है। थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी (50) लल्लू किसी काम से बरौधा गए हुए थे की वापस लौटते समय रास्ते में लघुशंका करने के लिए रुके की किसी जहरीले सर्प ने पैर में दंस लिया जिससे अधेड़ की घर आने पर हालत बिगड गई। सूचना मिलने पर अधेड़ के घर पहुँचे। भाजपा मंडल अध्यक्ष हलिया दिनेश अग्रहरी ने तत्काल अधेड़ को अपने निजी साधन बोलोरो से झाड फूँक दवा पिलाने के लिए गौरवा गांव भेजा जंहा पर झाड फूँक दवा पिलाने के बाद अधेड़ के हालत में सुधार हुआ है। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने बताया की अधेड़ की सर्प डंस से हालत बिगड़ने पर अपने निजी साधन बोलोरो से दवा पिलाने के लिए गौरवा गांव में बैध के यहां भेजा जंहा पर झाड फूँक दवा पिलाने के बाद हालत में सुधार हुआ है।

# साइबर अपराधियों ने गर्भवती धात्री के खाते से उड़ाए लाखों रुपए

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ईश्वरपट्टी की गर्भवती धात्री लाभार्थियों के खातों से जालसाजों ने लाखों रुपए उड़ा दिये। जालसाजों ने ईश्वरपट्टी के आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंदा देवी को फोन कर गर्भवती व धात्री लाभार्थियों को पुष्टाहार वितरण करने कि बात कर उक्त लाभार्थियों को कांफ्रेंस लाइन पर लेकर बात कराया और उनके खाते में पैसा भेजने कि बात कहा और बताया कि ओटीपी जाएगा बता दीजिएगा तब आप के खाते में राशि भेजी जाएगी। गर्भवती धात्री महिलाओं के द्वारा ओटीपी बताते ही उनके खाते से लाखों रुपए उड़ गए। जिसमें ईश्वरपट्टी कि डाली यादव के खाते से साठ हजार, पूनम देवी के 28900, रेखा देवी 4200,अर्चना सिंह 3600 और आरती निषाद के खाते से 2200 रुपए जिसके खाते में जितना था सभी पैसा उड़ा दिए। लाभार्थियों द्वारा इसकी सूचना कोतवाली में दी गई। वहां पुलिस ने 1930 पर काल करने के लिए कहा। चुनार कोतवाली एवं कछवा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव इस समय साइबर अपराधियों का गढ़ बन चुका है। जिसमे चुनार कोतवाली क्षेत्र के फूलहा,प्रेमापुर,मगरहा, रामगढ़, खानपुर, वेदौली व कछवा थाना क्षेत्र के खैरा, पाहो, टकटकपुर, डोमनपुर, भगीरथपुर, बिदापुर, मझरा, हासीपुर गांव के युवक साइबर ठगी में अपना नेटवर्क बना बना लिए। साइबर अपराधियों की एक सूची भी वायरल हो रही है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि इनका नेटवर्क वाराणसी सोनभद्र, भदोही, चंदौली जिले के अलावा झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश सहित दुबई आदि देशों में भी अपना नेटवर्क बनाये हुए हैं। इनके द्वारा गरीब तबके के लोगों को पैसे का लालच देकर तमाम बैंकों में खाता खुलवा कर उनके नाम से एटीएम कार्ड, सिमकार्ड लेकर जिसका डेटा पासवर्ड अपने पास रखते हैं और डिजिटल अरेस्ट, गुमराह कर उन्हीं खातों में पैसा मंगाते है। पैसा आने के बाद उसे अपने खाते में आसानी से ट्रांसफर कर लेते हैं। दिसंबर 2024 में फूलहा निवासी विकास सिंह पटेल के साथ खानपुर, पुरनपट्टी, मगरहा, हासीपुर, फूलहा, चुनार कस्बा आदि गांव के आधा दर्जन युवकों को पिछले वर्ष दिसंबर में वाराणसी साइबर पुलिस गिरफ्तार कि थी जिसमें कई बड़े साइबर अपराधियों का नाम प्रकाश में आया था। जिनका नेटवर्क मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रदेशों में भी फैला हुआ है।

> डिजिटल अरेस्ट कर, पैसे का लालच, ओटीपी भेज कर आसानी से उड़ाते हैं पैसा

# 33000 केबी विद्युत पोल पर गिरा का पेड़, टला बड़ा हादसा, आपूर्ति बाधित

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



नगर के बालूघाट स्थित किला मोड़ पर पेड़ कटाई करते समय 33000 केबी विद्युत पोल पर गिर गया जिससे बड़ा हादसा होते होते बच गया। नगर के पक्का पूल से भरपूर नकाशा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य होना है जिसके जद में आए पेड़ो को काटने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें भारी लापरवाही सामने आई है। पेड़ कि कटाई करते समय कोई बैरिकेटिंग नहीं किया गया था। रस्सी का सहारा लिया गया था जो टूट गया और पेड़ कि मोटी डाली सड़क की तरफगिर गया। जिससे 33000 विद्युत पोल तार टूट गया जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। जिस समय पेड़ गिरा उस वक्त एक छोटी डंफर वहां से गुजर रही थी संयोग था कि बच गया।

विद्युत प्रवाहित के डर से चालक खलाशी वाहन से भाग खड़े हुए। इस दौरान सड़क पर के दोनों तरफवाहनों कि लंबी कतार लग गई। एसडीओ जेके पटेल ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए विद्युत पोल शिफ्ट किए जाने के लिए पेड़ कि कटाई किया जा रहा था। जो 33000 केबी विद्युत पोल व तार पर गिर गया। जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल किया जायेगा।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** घुघली थाना क्षेत्र के बिरैचा खास गांव में नहर के किनारे एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर घुघली पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बिरैचा खास निवासी पृथ्वीराज यादव उर्फ छोटे यादव (48) के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, पृथ्वीराज यादव शराब के आदी थे। बीते शुक्रवार की रात वह अपनी केले की खेती की रखवाली के लिए मोटरसाइकिल से खेत की ओर गए थे। आशंका है कि इसी दौरान वह नहर के किनारे बने गड्ढे में बाइक समेत गिर गए और मोटरसाइकिल के नीचे दबने से उनकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन गांव वालों की मदद से शव को घर ले आए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घुघली चौकी इंचार्ज अशोक गिरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बहोरपुर गांव में बीते दिनों जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बहोरपुर की निवासी फरहाना खातून पुत्री अतहर हुसैन ने आरोप लगाया है कि जमीनी विवाद को लेकर गाँव के हेदतुल्लाह, पुत्र हकीकुल्लाह से कहासुनी हो गयी थी। जिसकी रंजिश को लेकर बीते 5/9/2025 की शाम को हेदतुल्लाह,इस्मातुल्ला, सलमा, उजमा, यासमीन,लाठी डंडा लेकर दरवाजे पर चढ़ आये और मना करने पर मारने पीटने लगे। मिली जानकारी के मुताबिक, शोरगुल सुनकर बगल के पडोसी पहुंचे तब जाकर वो लोग भागे। मामले में पीड़ित ने आरोप लगाया है की स्थानीय थाने पर शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। हास्यपद विषय है कि यदि पुरन्दरपुर पुलिस से फरहाना खातून को न्याय मिल गया होता तो शायद उसको पुलिस अधीक्षक महराजगंज का दरवाजा खटखटाना नहीं पड़ता। बाध्य होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक महराजगंज से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता की तहरीर पर पुरंदरपुर पुलिस ने सुनवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ मुअस 219/25 बी एन एस 2023 धारा351(3), 352,115 (2), 333,191 (2) के तहत आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। उक्त मामले में पुलिस अब जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पटाखा फैक्ट्री का संयुक्त रुप से किया गया निरीक्षण



> सुरक्षा मानक की जांच करते हुए दिए गए दिशा-निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहारों, विशेषकर दिवाली और छठ के मद्देनजर रखते हुए, कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने फरेंदा थाना क्षेत्र में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री का संयुक्त निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पटाखा उत्पादन इकाइयों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। अधिकारियों ने फैक्ट्री के उत्पादन क्षेत्र, भंडारण कक्ष, अग्निशमन व्यवस्था और सुरक्षा उपकरणों का गहनता से जायजा लिया गया।

जिलाधिकारी महराजगंज ने निर्देश दिए कि सभी पटाखा फैक्टरियों में लाइसेंस की वैधता, श्रमिकों की सुरक्षा, प्रशिक्षण और आपातकालीन निकास मार्गों का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने संबंधित आवश्यक कागजात की जांच की और चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने फरेंदा थाना प्रभारी को पटाखा फैक्टरियों के आसपास गहन निगरानी रखने और अवैध उत्पादन या भंडारण की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्रीय पुलिसकर्मियों को त्योहारों के दौरान गश्त और जागरूकता अभियान चलाने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिया कि पटाखा उद्योग से जुड़े सभी व्यवसायी और श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन करें। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# अंबेडकर प्रतिमा खंडित होने पर लोगों में आक्रोश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

> समर्थको में आक्रोश, पुलिस ने जांच शुरू की, आरोपियों की तलाश जारी



सिंदुरिया थाना क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया है। अराजक तत्वों ने प्रतिमा के हाथ को तोड़ दिया, जिसके बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया और स्थिति को नियंत्रित किया।

अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि बाबा साहब की प्रतिमा समाज की भावनाओं और सम्मान का प्रतीक है। ऐसी हरकतें समाज में विभाजन पैदा करती हैं और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ती हैं।

पुलिस ने प्रतिमा की मरम्मत कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही, आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रतिमा के पास नया सीसीटीवी कैमरा लगाने की भी तैयारी है। बताया जा रहा है कि यह घटना देर रात की है, जब आसपास कोई मौजूद नहीं था।

अराजक तत्वों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर इस वारदात को अंजाम दिया। सिंदुरिया थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर मिली है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महराजगंज फिर चमका

> प्रदेश के टॉप-10 जिलों में हासिल किया आठवां स्थान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद ने एक बार फिर विकास और राजस्व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। सितंबर माह के लिए जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महराजगंज प्रदेश के शीर्ष 10 जिलों में शामिल रहा है।

जनपद को इस रैंकिंग में आठवां स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के समग्र विकास कार्यों की निरंतर प्रगति को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार, विकास से जुड़ी कुल योजनाओं और परियोजनाओं में महराजगंज को 47 योजनाओं में ए ग्रेड, 05 में बी ग्रेड, और 02 में सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि किसी भी परियोजना में जनपद को डी ग्रेड नहीं मिला है। वहीं, राजस्व से संबंधित योजनाओं में जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए



33 परियोजनाओं में ए ग्रेड, 10 में बी ग्रेड, और 03 में सी ग्रेड हासिल किया है।

सीएम डैशबोर्ड पर महराजगंज का प्रदर्शन शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, स्वच्छता, पेयजल, सड़क निर्माण और सामाजिक योजनाओं के क्षेत्रों में विशेष रूप से उत्कृष्ट पाया गया है। जिले की लगातार मॉनिटरिंग, प्रभावी समीक्षा बैठकें और फील्ड स्तर पर गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग, प्रभावी समीक्षा और धरातल पर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

जनपद को इस रैंकिंग में आठवां स्थान प्राप्त हुआ है, जो जिले के समग्र विकास कार्यों की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

जानकारी के अनुसार, विकास से जुड़ी कुल योजनाओं और परियोजनाओं में महराजगंज को 47 योजनाओं में ए ग्रेड, 05 में बी ग्रेड, और 02 में सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि किसी भी परियोजना में जनपद को डी ग्रेड नहीं मिला है। वहीं, राजस्व से संबंधित योजनाओं में जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33 परियोजनाओं में ए ग्रेड, 10 में बी ग्रेड, और 03 में सी ग्रेड हासिल किया है।

### नई रेल लाइन के भूमि अधिग्रहण में मुआवजा भुगतान धीमा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** आनंदनगर-घुघली वाया महराजगंज नई रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण में मुआवजा वितरण की रफ्तार सुस्त दिख रही है। अब तक कुल 6.79 अरब रुपये का एवार्ड घोषित हो चुका है, लेकिन सिर्फ 4.49 अरब रुपये का ही भुगतान हुआ है। परियोजना की कुल लागत 958.27 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है और रेल लाइन की कुल लंबाई 52.7 किमी है। यह 52 गांवों से होकर गुजरेगी। यह परियोजना दो चरणों में पूरी होनी है। पहले चरण में घुघली से महुअवा तक 24.78 किमी व दूसरे चरण में महुअवा से आनंदनगर तक 26.52 किमी तक रेल लाइन बिछाई जाएगी। 38 गांव में भूमि अधिग्रहण का 66.20 फीसदी ही मुआवजा भुगतान नई रेल लाइन के लिए अभी तक 38 गांवों में भूमि अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। सात गांवों में मुआवजे का शत प्रतिशत भुगतान हो चुका है, जबकि 12 गांवों में भुगतान दर 50 प्रतिशत से भी कम है। वर्तमान में लगभग दो सौ करोड़ रुपये खाते में उपलब्ध हैं, फिर भी धीमी प्रक्रिया के कारण टेंडर जारी होने के बाद भी परियोजना की रफ्तार बढ़ नहीं पा रही है।